स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शुक्रवार
18 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 326 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर


मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

तेजस्वी यादव बोले चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक नहीं



## रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और


■ ईडी की चार्जशीट में कई और नाम

■ भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप

कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितंबर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं।

वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गईं। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। राबर्ट वाड्रा से जुड़े इस मामले में हुई कथित गड़बड़ी का खुलासा आईएएस अशोक खेमका ने किया था।

## इराक के मॉल में भीषण आग से 61 लोगों की मौत



**बगदाद।** इराक के पूर्वी वासित प्रांत में स्थित एक मॉल में बुधवार को लगी भीषण आग में महिलाओं और बच्चों की मौत हो गई। कुत शहर में स्थित इस मॉल में बुधवार को देर शाम आग लगी जिसमें 61 लोग मारे गए हैं। ज्यादातर लोगों की जान दम घुटने से गई। बुरी तरह जल चुके 14 शवों की पहचान नहीं हो पाई है। पूर्वी इराक के वासित प्रांत में स्थित इस मॉल की पांच मंजिला इमारत से नागरिक सुरक्षा दलों ने 45 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जो आग की वजह से अंदर फंस गए थे। इस मॉल में एक रेस्टोरेंट और सुपरमार्केट भी हैं। सरकारी इराकी समाचार एजेंसी के अनुसार, कई लोग अब भी लापता हैं। स्थानीय मीडिया में जारी तस्वीरों और वीडियो में पूरी इमारत को आग की लपटों में घिरी नजर आ रही है। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सूदानी ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री को घटनास्थल पर जाकर जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

## छांगुर के 14 ठिकानों पर ईडी ने दी दबिश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ/नई दिल्ली।** अवैध धर्मांतरण के आरोप में एटीएस की ओर से गिरफ्तार किए गए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 14 ठिकानों पर तलाशी ली जिनमें से 12 उत्तर प्रदेश के बलरामपुर के उतरौला में और दो मुंबई में हैं। तलाशी आज सुबह 5

■ यूपी में 12 और मुंबई में 2 स्थानों पर की छापेमारी

बजे शुरू हुई। ईडी ने उसके कांप्लेक्स की पड़ताल के साथ ही मधुपुर स्थित उसके आवास को भी खंगाला। इसके साथ ही ईडी छांगुर के करीबियों के घरों पर पहुंच कर छानबीन की।

छांगुर को मधपुर में जमीन बेचने वाले पूर्व प्रधान जुम्मन के घर भी ईडी ने दस्तक दे दी। वहीं, सुबह से शहर के अन्य ठिकानों पर ईडी ने जांच की। प्रवर्तन निदेशालय की टीम



उतरौला के 12 ठिकानों के साथ ही मुंबई में भी छानबीन कर रही है। मुंबई के शहजाद शेख के घर ईडी पहुंच गई है। इसके अलावा एक और ठिकाने की पड़ताल कर रही है। पुणे में भी जांच की तैयारी है। सूत्रों की मानें तो शहजाद के खाते में एक करोड़ जमा हुए थे। ईडी छांगुर की ओर से रुपए के बंटवारे का तार जोड़ने में जुटी है। इससे पहले, उतरौला में बुधवार की देर रात एसटीएफ की टीम पहुंची थी। रात करीब 11 बजे उतरौला बस अड्डा रोड पर टीम पहुंची। वहां एक बैंक के सामने खड़ी बाइक पर बैठे एक युवक से एसटीएफ ने पूछताछ की। इसके बाद उसे बैठा लिया। बाद में पता चला एसटीएफ की टीम ने छांगुर के भतीजे सोहराब को हिरासत में लिया है। इस पर आजमगढ़ में धर्मांतरण कराने का आरोप है। हालांकि, पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है। अवैध धर्मांतरण के आरोपी छांगुर के ठिकानों की पड़ताल बृहस्पतिवार की सुबह से ही शुरू हो गई। एटीएस के साथ ही ईडी की टीम ने भी छानबीन तेज कर दी है। उतरौला पहुंची टीम ने छांगुर से जुड़े करीब 12 ठिकानों की पड़ताल की। उतरौला में बने छांगुर के प्रतिष्ठान का ताला खुलवा कर जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि छांगुर के दूसरे जिलों और प्रदेशों में ठिकानों की छानबीन भी हो रही है। ईडी छांगुर मामले में मनी लांड्रिंग के साथ ही विदेशी फंड की जांच कर रही है।

## पीएम मोदी आज बिहार और बंगाल में

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी दोनों राज्यों में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। बिहार के मोतिहारी और पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का लगभग सुबह 11.30 बजे बिहार दौरा शुरू होगा। वह बिहार से कई नई रेल परियोजनाओं को राष्ट्र के नाम समर्पित

■ कई परियोजनाओं का देंगे तोहफा

करेंगे, जिसमें लागत 580 करोड़ रुपये से अधिक की दरभंगा-समस्तीपुर दोहरीकरण परियोजना भी शामिल है। इससे रेल संचालन की क्षमता बढ़ेगी और देरी कम होगी। बिहार के बाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बांकुरा, पुरुलिया, दुर्गापुर और बर्धमान जिलों समेत पश्चिम बंगाल के अन्य क्षेत्रों को भी तोहफा देंगे। प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के बांकुरा और पुरुलिया जिले में लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत वाली भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीएलसी) सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

## इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान

■ सूरत दूसरे नंबर पर

मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। इस बार इंदौर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की सुपर लीग में शामिल किया गया। सुपर लीग में सिर्फ उन्हीं 23 शहरों को शामिल किया गया, जो अब तक हुए सर्वेक्षणों में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे हैं। इंदौर ने सुपर लीग 2024-25 में भी बाजी मार



ली है।

सर्वेक्षण के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित विज्ञान भवन में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) की ओर से आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और अन्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा

कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। बृहस्पतिवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई। राष्ट्रपति ने सफाई में बेहतर कार्य करने के लिए महापौर सुषमा खरकवाल को प्रेसीडेंशियल अवार्ड भी प्रदान किया।देश का कौन सा शहर सफाई में किस पायदान में है, इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 कराया जाता है। 2023 की लिस्ट में लखनऊ 17वें पायदान से फिसलकर 44वें पर पहुंच गया था। लेकिन, एक साल में ही काम तेजी से सुधार करके नगर निगम ने इसे ठीक किया। यही कारण रहा कि इस बार लखनऊ को देश में तीसरा स्थान मिला है। पहले स्थान पर अहमदाबाद और दूसरे पर भोपाल है।

**4,500 से अधिक शहरों को कवर किया गया**

सरकार के मुताबिक, स्वच्छ सर्वेक्षण मिशन का मकसद बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही इससे समाज के सभी वर्गों के बीच कस्बों और शहरों को रहने के लिए बेहतर स्थान बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। नौवें वर्ष में प्रवेश करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और सेवा वितरण का मूल्यांकन किया।

## नासिक में भीषण सड़क हादसा, सात मरे

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बुधवार देर रात डिंडोरी कस्बे के पास हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस को रात 11.57 बजे वाणी-डिंडोरी रोड पर एक नर्सरी के पास हुई इस घटना की सूचना मिली थी। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो दोनों वाहन सड़क किनारे एक नहर में गिरे मिले थे। जिसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि हादसे में कुल सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज जारी है।

## पांच वर्षों में 134 भगोड़ों को देश वापस लाई सीबीआई

**नई दिल्ली।** बीते पांच वर्षों में सीबीआई 134 भगोड़ों को देश में वापस लाने में कामयाब रही है। यह संख्या 2010 से 2019 के बीच पूरे दशक के दौरान विदेश से देश में लाए गए भगोड़ों की दोगुनी है। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से 23 भगोड़ों को

■ 23 लोगों का इसी साल कराया प्रत्यर्पण

अकेले इसी वर्ष यानी 2025 में वापस लाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए सीबीआई ने इंटरपोल के साथ-साथ राज्य और केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाया। जिसके परिणामस्वरूप 2020 से इन 134 भगोड़ों का प्रत्यर्पण या निर्वासन सुनिश्चित करने में सफलता मिली। वहीं, 2010 से 2019 के बीच के



दशक के दौरान यह संख्या केवल 74 थी। उस एक दशक में केवल भगोड़ों को वापस लाया गया।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई को ये सफलता यूंही नहीं मिल गई है। इसमें नयी तकनीक और कूटनीतिक प्रयासों का भी खासा योगदान रहा है। सफलता दर में वृद्धि का श्रेय सरकार द्वारा बढ़ाए गए राजनयिक जुड़ाव, वीवीआईपी यात्राओं के माध्यम से भारत की पहुंच, द्विपक्षीय संबंधों, तकनीकी प्रगति और इंटरपोल के साथ बेहतर समन्वय को दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी नयी डिजिटल पोर्टल भारतपोल के माध्यम से इंटरपोल के साथ समन्वय बढ़ाया है, जिससे भगोड़ों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तेज हुई है। एजेंसी द्वारा आंतरिक रूप से विकसित यह प्लेटफ़ॉर्म भारतीय पुलिस एजेंसियों को सीबीआई के माध्यम से इंटरपोल से जोड़ता है, जिससे जांच और प्रत्यावर्तन प्रक्रिया में तेजी आई है, जिससे रेड नोटिस जारी होने में लगने वाला औसत समय छह महीने से घटकर तीन महीने रह गया है। हाल ही में सीबीआई ने अमेरिका में नेहल मोदी को गिरफ्तार करवाया, जो नीरव मोदी का भाई है और पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में आरोपी है।

## अब 12 साल से कम उम्र के बच्चों को हजयात्रा की अनुमति नहीं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज के नियमों में बदलाव करते हुए हज-2026 की एडवायजरी जारी कर दी है। इस एडवायजरी के अनुसार अब 12 साल

■ रोगी भी नहीं कर पाएंगे आवेदन

■ हजयात्रा नियमो में बड़ा बदलाव

तक के बच्चे और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोग हजयात्रा पर नहीं जा सकेंगे। दरअसल सऊदी अरब सरकार ने ही 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए हज पर आने की रोक लगाई है इसलिए हज कमेटी ने कहा है कि 12 साल तक के बच्चे और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोग हज के लिए आवेदन ही न करें। गंभीर बीमारियों में कैंसर, टीबी, गुर्दे और सांस के रोगियों को शामिल किया गया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया के अनुसार 12 से 18 साल तक की उम्र के बच्चों के आवेदन अगर मां-बाप के साथ आये हैं तो उन्हें स्वीकार किया जाएगा लेकिन अगर 18 साल की उम्र का कोई आवेदक अकेले हज पर जाने के लिए आवेदन कर रहा है तो उसे अपने मां-बाप या कानूनी अभिभावक से अनुमति लेनी होगी। राज्य हज समिति के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज-2026 की जो पालिसी है उसके मुताबिक हज कमेटी के जरिये व्यक्ति जीवन में एक बार ही हज यात्रा के लिए आवेदन कर सकता है लेकिन 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग दोबारा भी हज के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## 'आप का खुद अवैध संबंध और लगा रहीं रेप के आरोप'

**नई दिल्ली।** रेप के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोप लगाने वाली महिला को ही फटकार लगाई। इसके अलावा आरोपी की अग्रिम जमानत भी बरकरार रखी। गुरुवार को हुई सुनवाई में बेंच ने महिला से कहा कि

■ सुप्रीम कोर्ट ने महिला को ही फटकारा

■ आरोपी को मिली जमानत

आप शादीशुदा हैं और उसके बाद भी अवैध तौर पर संबंध बनाए। ऐसे में आप कैसे रेप का आरोप लगा रही हैं। बेंच ने कहा कि आप एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर रख रही थीं, जो अपने आप में एक अपराध है। यही नहीं बेंच ने कहा कि शादी से इतर किसी अन्य शख्स से आपका शारीरिक संबंध बनाना गलत था और आप पर खुद



इस मामले में केस चलना चाहिए। जस्टिस एम.एम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने महिला की ओर से दायर याचिका के जवाब में यह बात कही, जिसमें उसने कहा था कि आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज होनी चाहिए। महिला के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि आरोपी ने शादी का वादा किया था और फिर मुकर गया। इस पर बेंच ने कहा, आप एक शादीशुदा महिला हैं। आपके दो बच्चे हैं। आप परिपक्व थीं। आप जानती थीं कि शादी से इतर संबंध बनाना कैसे गलत है। इस पर महिला के वकील ने कहा कि आरोपी ने कई बार होटल में बुलाया था और संबंध बनाए। इस पर भी बेंच ने महिला को ही सुनाया। अदालत ने कहा, आप उसके कहने पर बार-बार होटल क्यों गईं? आप अच्छी तरह से जानती थीं कि शादी से इतर संबंध बनाकर आप खुद भी एक गलती कर रही हैं। महिला और आरोपी की बातचीत सोशल मीडिया से शुरू हुई थी और तब से ही दोनों रिलेशनशिप में थे। महिला का कहना है कि शख्स से शादी के लिए उसने अपनी शादी तोड़ दी थी। पति से तलाक ले लिया और जब उससे शादी के लिए कहा तो वह मुकर गया। फिर इस मामले में महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और अब अदालत का रुख किया है।

## ब्रिटेन में वोट देने की न्यूनतम उम्र 16 साल हुई

**इंग्लैंड।** ब्रिटेन में अब वोट डालने की न्यूनतम उम्र अब 18 से घटकर 16 साल हो गई है। सरकार ने ऐलान किया है कि अब 16 और 17 साल के युवा भी अगले आम चुनाव में वोटिंग कर सकते हैं। ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटाकर 18 साल किया गया था।

## 24 घंटे में दूसरी बार मिले उद्धव-फडणवीस

**पुणे।** महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर करवट लेती दिख रही है। बुधवार को

■ 20 मिनट की मुलाकात से गरमाई महाराष्ट्र की सियासत

विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को अप्रत्यक्ष रूप से सत्ताधारी पक्ष में शामिल होने का प्रस्ताव दिया। इसके ठीक एक दिन बाद गुरुवार को दोनों नेताओं की मुलाकात विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कार्यालय में हुई। यह बैठक करीब 20 मिनट तक चली। इस बैठक में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। इन दो मुलाकातों ने राजनीतिक गलियारों में नई संभावनाओं को जन्म दे दिया है। हालांकि दोनों पार्टी की ओर से इस मुलाकात को लेकर कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है। बुधवार को विधानसभा में बोलते हुए फडणवीस ने साफ कहा कि भारतीय जनता पार्टी 2029 तक विपक्ष में जाने वाली नहीं है। उन्होंने उद्धव ठाकरे को इशारों में संदेश देते हुए कहा कि वह चाहें तो किसी अलग रास्ते से सत्तापक्ष में आ सकते हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब उद्धव ठाकरे लगातार बीजेपी और शिंदे सरकार की तीन-भाषा नीति को लेकर आलोचना कर रहे हैं।

## पांच साल के बेटे के साथ रूसी महिला फरार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक असामान्य चाइल्ड कस्टडी केस की सुनवाई करते हुए गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है कि रूसी महिला विक्टोरिया बसु के लिए लुकआउट नोटिस जारी करे। रूस की इस महिला पर अपने 5 साल के बेटे के साथ फरार होने का आरोप है। कोर्ट ने विक्टोरिया बसु का पासपोर्ट जब्त करने का भी आदेश दिया है। महिला के पति ने शक जताया है कि वह देश छोड़कर जा सकती है। ऐसे में अदालत की तरफ से सीमा अधिकारियों को एयरपोर्ट्स और बंदरगाहों पर निगरानी रखने का निर्देश भी जारी किया गया है। दरअसल सैकत बसु नाम का का व्यक्ति चीन में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करता था। यहां उसकी मुलाकात रूसी महिला विक्टोरिया बसु से हुई। दोनों ने नजदीकियां बढ़ते हुए प्यार में बदल गई और 2017 में दोनों ने भारत आकर शादी कर ली।

## बिहार वोटर लिस्ट पर नया खुलासा

**नई दिल्ली।** बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक अहम आंकड़ा सामने आया है। चुनाव आयोग (ईसी) ने अब तक पाया है कि बिहार में 5.76 लाख से ज्यादा मतदाता कई जगहों पर पंजीकृत हैं और 12.55 लाख से ज़्यादा मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है।

## यूपी के गांवों में होगी घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांवों में ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत एक नई योजना की शुरुआत हो रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और ऊर्जा-संपन्न

■ एलपीजी की खपत में आएगी 70 प्रतिशत तक की कमी

बनाया जाएगा। इस योजना से न केवल घरेलू रसोई गैस की खपत में भारी कमी आएगी, बल्कि जैविक/प्राकृतिक खाद के उत्पादन से कृषि को भी नई दिशा मिलेगी। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अनुसार गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना से रसोई में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी की खपत में करीब 70 प्रतिशत तक की कमी आएगी। इससे न केवल ग्रामीण परिवारों की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। योगी सरकार की योजना है कि केवल गोशालाओं तक सीमित न रहते हुए यह मॉडल किसानों के दरवाजे तक पहुंचे। बायोगैस यूनिटों की स्थापना सीधे किसानों के घरों या खेतों के पास की जाएगी, जिससे वे स्वयं के उपयोग के लिए गैस और खाद दोनों का उत्पादन कर सकें। इससे खेती की लागत में भारी कमी आएगी और उत्पादकता में वृद्धि होगी। योजना को मनरेगा से भी जोड़ा गया है। इसकी वजह से ग्रामीण किसानों को व्यक्तिगत पशुशाला निर्माण का लाभ मिलेगा।

## 'हड़बड़ी वाले निष्कर्ष का कोई मतलब नहीं'

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे को लेकर अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को लेकर भारत में विमानन विशेषज्ञों के बीच असंतोष बढ़ गया है। इसमें फ्यूल स्विच को लेकर बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान के कैप्टन ने फ्यूल स्विच को बंद कर दिया था। वॉल




■ अहमदाबाद विमान हादसे पर विदेशी मीडिया की रिपोर्ट विशेषज्ञों ने की खारिज

स्ट्रीट जर्नल की इस रिपोर्ट की भारत में व्यापक स्तर पर आलोचना हो रही है। पायलट्स एशोसिएशन के साथ ही कई विमानन विशेषज्ञों ने इसे खारिज किया है और कई गंभीर सवाल उठाए हैं। इस हादसे पर आई वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को लेकर विमानन विशेषज्ञ संजय लाजर ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वॉल स्ट्रीट जर्नल ने आज सुबह एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि उड़ान संख्या एआई171 के कमांडर ने ईंधन स्विच खोल दिए थे। जबकि भारत के एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में केवल एक ही बयान जारी किया गया है। इसमें बहुत ही स्पष्ट रूप से दोनों पायलट की बातचीत बताई गई है। जिसमें सह पायलट पायलट से पूछता है कि आपने इसे क्यों बंद किया? और पायलट ने जवाब दिया, नहीं, मैंने नहीं किया।

### 'स्टेबलाइजर खराबी की भी होनी चाहिए जांच'

एक पूर्व पायलट और विमानन सलाहकार ने एअर इंडिया विमान हादसे की एक और थ्योरी दी है। उनके मुताबिक हादसे का शिकार हुए एअर इंडिया के विमान एआई171 के स्टेबलाइजर की भी जांच की जानी चाहिए। विमानन सलाहकार ने आशंका जताई कि स्टेबलाइजर की खराबी के चलते ऐसा भी हो सकता है कि पायलट ने गलती से ईंधन स्विच बंद कर दिए, जिसके कारण विमान के दोनों इंजन बंद हो गए और विमान हादसे का शिकार हो गया अब विमानन विशेषज्ञ कैप्टन एहसान खालिद ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के साथ बातचीत में बताया कि जांचकर्ताओं को फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर से स्टेबलाइजर इनपुट की भी जांच करनी चाहिए। हो सकता है कि वह ठीक न हुआ हो, जिससे उड़ान के दौरान समस्या हुई। कैप्टन खालिद ने बताया कि स्टेबलाइजर विमान के पिछले भाग का हिस्सा होता है और यह टेकऑफ के दौरान विमान के अगले हिस्से को ऊपर-नीचे करने में मदद करता है। खालिद ने कहा कि विमान की कंट्रोल यूनिट में स्टेबलाइजर का कंट्रोल बटन, ईंधन बटन के पास ही लगे होते है। स्टेबलाइजर में खराबी आने पर पायलट को ही उनका स्विच ऑफ करना होता है।

## निमिषा प्रिया की मदद के लिए हो रहे सभी प्रयास : केंद्र

**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया केस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार निमिषा प्रिया की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया, हमने कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की

■ नाटो प्रमुख के बयान पर भी बोला विदेश मंत्रालय

सहायता के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं ताकि इस मामले का कोई समाधान निकल सके।उन्होंने आगे कहा कि बीते कुछ दिनों में यह



कोशिश की गई है कि पीड़ित परिवार को ज्यादा समय मिले ताकि वे दूसरी पार्टी के साथ कोई आपसी सहमति बना सकें। भारत सरकार इस मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है और आगे भी हर संभव मदद करती रहेगी।

## श्री जी सामाजिक सेवा संस्था द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**उन्नाव** श्री जी सेवा समिति की अध्यक्ष मंजूलता अवस्थी और समिति के अन्य सदस्यों द्वारा बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम किशोर न्यायालय प्रांगण में किया गयाए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन उन्नाव के अध्यक्ष गिरीश मिश्रा मौजूद रहे इसके अलावा महामंत्री अनुज जी प्रीति सिंह जी एवं न्यायालय के कई अधिवक्ता तथा मनिता सेंगरए अरुणा तिवारी, निशा त्रिवेदी, नीलम माया, नीतू, प्रीती साधना, सीमा, मीनू सिंह, अविका आदि उपस्थित रही।

## पद्म अवार्ड हेतु तीन सदस्यीय कमेटी का गठन

उन्नाव। पद्म अवॉर्ड हेतु अपर जिला अधिकारी अमिताभ यादव ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है जिसमें अपर जिला अधिकारी न्यायिक अध्यक्षए सूचना अधिकारी को सदस्य तथा जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी सदस्य मनोनीत किए गए हैं। योग्य पात्र व्यक्ति पद्म अवार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## जहरीला कीड़ा काटने से एक वृद्ध सहित तीन लोगों की हालत नाजुक

बांगरमऊ। क्षेत्र के अलग.अलग गांवों में जहरीला कीड़ा काटने से एक वृद्ध सहित तीन लोगों की हालत नाजुक हो गई। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम मंगू पुरवा निवासी हरिओम 21 वर्ष पुत्र धनीराम आज गुरूवार की सुबह अपने खेत में धान बेढ़ की रोपाई कर रहा था। तभी अचानक पानी के अंदर बिल से निकले किसी जहरीले कीड़े ने उसके पैर में डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देखकर परिजन आनन.फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा बीते बुधवार को देर शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद निवासी सागर 27 वर्ष पुत्र रामशंकर और ग्राम शीतलगंज निवासी बराती 65 वर्ष पुत्र करीम के भी किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें यहां के सरकारी अस्पताल लाए। चिकित्सकों ने दोनों को भी बेहद नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सालभर से अधूरी पड़ी पानी की टंकी

बिल्हौर हर घर जल हर घर नल जैसी महत्वाकांक्षी सरकारी योजना को जमीनी हकीकत में तब्दील करने का वादा किया गया था लेकिन कानपुर नगर के बिल्हौर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गदनपुर चोरसा में यह योजना अब भी अधर में लटकी हुई है। यहां पानी की टंकी का निर्माण कार्य पिछले एक वर्ष से अधूरा पड़ा है जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्राम प्रधान धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने इस गंभीर लापरवाही के विरुद्ध जिलाधिकारी कानपुर नगर को एक लिखित शिकायत पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने बताया कि गांव में हर घर जल योजना के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी का काम ना केवल धीमी गति से चल रहा है बल्कि अभी तक पूर्ण भी नहीं हुआ है और किसी भी घर में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है।जबकि तहसील की अन्य कई ग्राम पंचायतों में यह योजना सफलतापूर्वक लागू हो चुकी है जबकि गदनपुर चोरसा गांव अभी भी पानी की मूलभूत सुविधा से वंचित है।

## एसडीएम ने एमडीएम टास्क फोर्स की ली बैठक

बिल्हौर ।आज उपजिलाधिकारी बिल्हौर संजीव दीक्षित ने तहसील स्तरीय एमडीएम टास्क फोर्स की बैठक आहूत की । जिसमें सभी विकासखण्ड स्तरीय एमडीएम टास्क फोर्स सदस्य उपस्थित रहे । बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवी कुमार सिंह ने जन्म प्रमाण पत्र न बन पाने के कारण अद्यतन छात्र ध्छात्राओं का प्रवेश व शासन द्वारा दी गयी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाने की बात रखी जिस पर एसडीएम ने बीडीओ को तत्काल सचिव के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय में निर्धारित मीनू के अनुसार ही मध्याह्न भोजन बनाया जाए । प्रत्येक सोमवार को फल व बुधवार को दूध वितरण सुनिश्चत किया जाये। विद्यालय मेंए कायाकल्प आदि का अवशेष कार्य शीघ्र कराए जाये। तथा खाद्यान्य की अनुपलब्धता के कारण मध्याह्न भोजन बाधित न हो उक्त के सम्बन्ध में पूर्ति निरीक्षक को खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। एसडीएम ने संचारी रोग के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से चर्चा की। गांव में साफ सफाई हेतु एडीओ पंचायत को निर्देशित किया। और सीडीपीओ से आंगनवाड़ी के संबंध मे चर्चा की। गांव की साफ.सफाई हेतु एडीओ को निर्देशित किया। उक्त बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवी कुमार सिंहएखंड शिक्षा अधिकारी ककवन कमलेश कुमारएखंड शिक्षा अधिकारी शिवराजपुर कृपाशंकरएखंड शिक्षा अधिकारी चौबेपुर आनंद कुंवर पटेल तहसीलदार अनुभव चंद्रा सहित सभी क्षेत्रीय नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश राजपूत एवं रंजीत सिंह तथा सीएचसी से डाक्टर अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## तेज़ रफ़्तार पिकअप लोडर अन्य वाहन के पीछे जा घुसे



बांगरमऊ। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा.लखनऊ एक्सप्रेस वे पर स्थित ग्राम शादीपुर के सामने तेज़ रफ़्तार पिकअप लोडर अन्य अज्ञात वाहन के पीछे जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोडर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर बाडी से चिपक गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा रेस्क्यू टीम ने केविन की दोनों खिड़कियां तोड़कर किसी तरह लहूलुहान अवस्था में चालक और मालिक को बाहर निकाला और दोनों को एंबुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही चालक और लोडर मालिक दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख.पुकार मच गई और लखनऊ में मौजूद लोडर मालिक के दो बेटे अस्पताल आ पहुंचे। जिला अयोध्या के थाना खन्प्रसा अंतर्गत ग्राम अरिहार निवासी रमेश चंद्र गुप्ता 52 वर्ष पुत्र जगजीवन प्रसाद अपने पिकअप लोडर में सौर ऊर्जा प्लेट और बैटरी लादकर राजस्थान जा रहा था। पिकअप लोडर बेचूलाल 50 वर्ष पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम चांदपुर थाना रुदौली जिला अयोध्या चला रहा था। तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आज गुरूवार को सुबह करीब 6 बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र स्थित गांव शादीपुर के सामने तेज़ रफ़्तार पिकअप लोडर अन्य अज्ञात वाहन के पीछे जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप लोडर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर बाडी से चिपक गया। हादसे में चालक और मालिक दोनों केविन और बाडी के बीच दबकर लहूलुहान हो गए। रास्ते से गुजर रहे वाहन चालकों की सूचना पर पहुंची बेहटा पुलिस और यूपीडा रेस्क्यू टीम ने आनन.फानन केविन की खिड़कियां तोड़कर चालक और मालिक को बाहर निकाला तथा दोनों को एंबुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही पिकअप चालक और मालिक दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

## इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



बांगरमऊ । स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर सदानंद राय की सेवानिवृत्ति तथा अर्थशास्त्र विभाग की डॉक्टर सविता के स्थानांतरण पर उन्हें खट्टी मीठी यादों के साथ विदा किया गया । इस अवसर पर डॉ दिग्विजय नारायणएडॉक्टर सविता राजनए डॉक्टर किरणए डॉक्टर रवि राज वर्माए डॉक्टर सुनीता निरंकारी एडॉक्टर अभिषेक कुमार एडॉ धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी एडॉक्टर अभय राजपूत ए डॉक्टर शैलजा त्रिपाठीए डॉ सुमन देवीए डॉक्टर बृज किशोर गुप्ता ने श्री राय के सेवाकाल के दौरान होने वाले अनुभवों को साझा किया तथा उनके दीर्घायु व स्वस्थ होने की कामना की । वहीं प्राचार्य ने नवनियुक्त वाणिज्य विभाग के डॉक्टर हरिओम दिवाकर का अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया । अंत में बैंड के साथ डॉक्टर राय व डॉक्टर सविता के सम्मान में भाव विभोर होने वाली विदाई दी गई। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक समस्त कर्मचारी प्रेम कुमार गौतम एसंदीप अवस्थीए विनोद चंद मौर्यए बलराम बसंत लालए मुन्नीलालए जितेंद्र आदि भी उपस्थित रहे संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिग्विजय नारायण द्वारा किया गया।

## काल को पुनर्जीवित कर महाकाल बने भोलेनाथ





गोकुल बाबा मंदिर परिसर में शैवाचार्य प्रशांत प्रभुजी महाराज ने श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन मुनि श्वेत की कथा का वर्णन किया।श्वेत मुनिए जो भगवान शिव के परम भक्त थेए पर्वत पर एकांत में रहते थे और भगवान शिव की पूजा करते थे। वे मृत्यु से भी नहीं डरते थेए क्योंकि वे भगवान शिव की शरण में थे। जब उनका अंतिम समय आयाए तो वे रुद्र अध्याय का पाठ कर रहे थे। तभी एक विकराल आकृतिए यमदूतए उनके सामने प्रकट हुआ। श्वेत मुनि ने शिवलिंग को पकड़ लिया और यमदूत से कहा कि वे उन्हें नहीं ले जा सकते। यमदूत ने शिवलिंग को शक्तिहीन और निश्चेतन बतायाए लेकिन श्वेत मुनि ने दृढ़ता से शिवलिंग को पकड़े रखा। तब भगवान शिव ने अपने गण भैरव को भेजाए जिन्होंने यमदूतों को भगा दिया।

यमराज स्वयं आए और उन्होंने भी शिवलिंग को चुनौती दी। यमराज और श्वेत मुनि के बीच युद्ध हुआए जिसमें यमराज पराजित हुए। भगवान शिव ने तब प्रसन्न होकर श्वेत मुनि को अमरत्व प्रदान कियाए और यमराज को भी पुनर्जीवित किया। कालरूपी यम को पुनः जीवित कर महाकाल के रूप में स्थापित हुए भोलेनाथ। यह कथा भगवान शिव की महिमा और उनके भक्तों के प्रति असीम प्रेम को दर्शाती है। यह कथा हमें यह भी सिखाती है कि मृत्यु से नहीं डरना चाहिएए और भगवान शिव में अटूट विश्वास रखना चाहिए। पूजन और आरती में सत्येंद्र सिंहए वंदना सिंहए हरि प्रसाद साहूए संतोष साहूए निशीथ निगमए राधा निगमए विक्रम सिंहए प्रिया सिंहए धीरज सिंहए सोनम सिंहए चंद्र प्रकाश बाजपेईए रंजना मिश्राए संजय त्रिपाठीए नीलम त्रिपाठीए डॉ मनीष सिंह सेंगरए मनोज सिंह राहुल कश्यपए संजीव पांडेयए वीरेंद्र सिंहए जीतेन्द्र सिंहए श्याम जी गुप्ता आदि ने भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा और उनके परिवार ने व्यास पीठ पर महाराजश्री को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र आदि भेंट कर सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य कार्तिकेय ने बताया महायज्ञ में शामिल होने वाले परिवारों की सुख समृद्धि और योगी आदित्य नाथ को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का अनुष्ठान किया जा रहा है।

## तीन दिवसीय मेगा बिजली कैंप शुरूए पहले दिन 7 मामले सुलझे

शुक्लागंज। बिजली बिल और अन्य समस्याओं से जूझ रहे उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए विद्युत विभाग ने गुरुवार को तीन दिवसीय मेगा कैंप का शुभारंभ किया। बारिश के कारण नगर के निर्धारित स्थानों पर कैंप न लगाकर इसे सरैयां पावर हाउस में आयोजित किया गया। पहले दिन उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में 14 समस्याओं में से 7 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। यह मेगा कैंप उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों को दूर करने के उद्देश्य से लगाया गया है। सरैयां स्थित गंगाघाट टाउन सबस्टेशन पर आयोजित इस शिविर में जेई अक्षय तिवारीए टीजी 2 कर्मचारी और लेखा विभाग के सदस्य मौजूद रहे। हालांकिए गुरुवार को हुई बारिश के चलते कैंप में उम्मीद से कम उपभोक्ता ही पहुंच सके। शाम 5 बजे कैंप का समापन किया गया। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से बिजली बिल संबंधी 8 मामलों में से 4 का समाधान किया गयाए जबकि मीटर से संबंधित 5 मामलों में से 2 का निपटारा हुआ। इसके अतिरिक्तए कनेक्शन में नाम परिवर्तन के एक मामले का भी निस्तारण किया गया। उपखंड अधिकारी ने आगे बताया कि बारिश की स्थिति को देखते हुए 18 और 19 जुलाई को भी यह कैंप नगर के चयनित स्थानों के बजाय सरैयां पावर हाउस में ही आयोजित किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाने के लिए पावर हाउस पहुंचें और अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। यह पहल उपभोक्ताओं को त्वरित राहत प्रदान करने के विभाग के प्रयासों को दर्शाती है।

## अलग-अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में आधा दर्जन बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

बांगरमऊ। क्षेत्र के दो अलग.अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में आधा दर्जन बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यहां के सरकारी अस्पताल द्वारा सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रबड़ी निवासी नीलांशु 19 वर्ष पुत्र महिपाल व वीरेश 20 वर्ष पुत्र रामविलास और करन 17 वर्ष पुत्र बिहारी लाल तीनों युवक बुधवार को देर शाम बाइक के जरिए बांगरमऊ से वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी रास्ते में लतीफपुर संपर्क मार्ग पर स्थित ग्राम रबड़ी मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। इसके अलावा जिला कानपुर नगर के थाना चौबेपुर अंतर्गत ग्राम घाघपुर निवासी शिवम 30 वर्ष पुत्र रामचंद्र और नीलू 30 वर्ष व धीरेन्द्र 21 वर्ष पुत्र गण सुशील तीनों युवक बीते बुधवार को देर शाम बाइक के जरिए अपने गांव से बांगरमऊ की तरफ़ आ रहे थे। तभी रास्ते में बांगरमऊ .बरुआघाट मार्ग पर स्थित ग्राम राजेपुर के निकट तेज रफ्तार बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा घुसी। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर सभी छह घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कानपुर देहात समाचार

## 19 जुलाई को अधिवक्ता मनाएंगे विश्वासघात दिवस



**वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा चैम्बर एवं बुनियादी सुविधाओं की घोर उपेक्षा पर अधिवक्ता आक्रोशित संघर्ष समिति होगी गठित**

माती कानपुर देहात ।19 जुलाई 2013 को जनपद न्यायालय का स्थानांतरण कानपुर नगर से माती अकबरपुर स्थित नवीन न्याय परिसर में किया गया था। उस समय जिला न्याय प्रशासन ने अधिवक्ताओं को यह विश्वास दिलाया था कि उनके लिए 50 चैम्बरों की तत्काल व्यवस्था की गई है तथा शेष अधिवक्ताओं को न्याय परिसर में भूमि आवंटित कर उनके लिए व्यक्तिगत चैम्बर या चैम्बर निर्माण हेतु भूखंड प्रदान किए जाएंगे।

किन्तु 12 वर्षों बाद भी अधिवक्ताओं को न तो चैम्बर उपलब्ध कराए गए न ही कोई भूखंड आवंटित किया गया और न ही बार भवनए पुस्तकालय या कोई अन्य बुनियादी अधिवक्ता.सुविधा स्थापित की गईं। यह घोर विश्वासघात अधिवक्ताओं के साथ.साथ संपूर्ण न्यायिक व्यवस्था की गरिमा के साथ किया गया खिलवाड़ है।

वरिष्ठ अधिवक्ता श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के संयोजन में आयोजित विचार गोष्ठी में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जुलाई 2025 को ष्विश्वासघात दिवसष् के रूप में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम एकीकृत बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री सम्पत लाल यादव की अध्यक्षता में संपन्न होगा।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं की संघर्ष समिति की औपचारिक घोषणा की जाएगी और आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि अधिवक्ताओं को शीघ्र ही पृथक.पृथक चैम्बरए बार भवनए पुस्तकालय और चैम्बर भूमि आवंटन की मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो अधिवक्ता चरणबद्ध आंदोलनात्मक कार्यक्रमों को बाध्य होंगे। यह केवल अधिवक्ताओं के हित की नहींए न्याय प्रणाली की गरिमा और कार्यदक्षता की रक्षा का प्रश्न भी है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से धीरेन्द्र प्रताप सिंहए विनोद कुमार दिवाकरए रजनीश सिंहए श्याम सिंह यादवए शिववीर सिंह भदौरियाए नरेंद्र सिंहए सुरेन्द्र कुमारए सत्य मनुराज सिंहए अवधेश कुमार राठौर आदि अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## संस्कार भारती की कार्ययोजनाओं के संबंध में आयोजित हुई संगोष्ठी




**माती कानपुर देहात** संदलपुर ब्लॉक सभागार में गुरुवार को संस्कार भारती की कार्य योजनाओ को गति देने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें कार्य योजनाओं को विस्तार देने पर चर्चा कीएइस दौरान ब्लाक प्रमुख राहुल तिवारी मीनू भैया द्वारा कहा गया कि वह हर समय अपना सहयोग देने को तत्पर दिखाई देंगे बस समय.समय पर आवश्यक संवाद स्थापित होते रहे। संदलपुर ब्लॉक सभागार मे आयोजित संगोष्ठी मे जिला कार्याध्यक्ष अमित त्रिपाठी ने संस्था के कार्य एवं योजनाओं पर प्रकाश डाला वही जिला महासचिव रुद्र मिश्र ने कहा कि संस्था मुख्य रूप से भारतीय कलाओं एवं कलाकारों का संरक्षण करती है। श् संस्कार भारती औरैया के महासचिव गोपाल पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श् समाज में कला एवं मानवतावादी विचारधारा को पोषित करने में संस्कार भारती की अहम भूमिका है।श् कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख राहुल तिवारी ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि श्मेरे स्तर से संस्कार भारती स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।श् अंत में जिलाध्यक्ष संस्कार भारती डॉ0 गोविन्द द्विवेदी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श् समाज में भारतीय संस्कारों को बढ़ावा देने के किए संस्था प्रतिबद्ध है और व्यापक स्तर पर साथ के प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। श् इस अवसर पर संस्था के जिला उपाध्यक्ष देवप्रकाश अवस्थीए सहसचिव विपिन अग्निहोत्रीएजिला मीडिया प्रभारी टी एन दुबेए मुन्ना सविताएरिंकू यादव ए अरवेस ए रामू शुक्लए छुन्नू शुक्लाए गोविन्द आदि मौजूद रहे।

## विहिप के पूर्व जिला अध्यक्ष राम महेश त्रिपाठी के निधन से क्षेत्र में शोक

**माती कानपुर देहात** जीवन पर्यन्त हिन्दू वादी विचार धारा को समर्पण भाव से आगे बढ़ाने में समर्पित रहे विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष राम महेश त्रिपाठी का शुक्रवार को निधन हो गयाए उनके निधन की जानकारी लगने से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गईए भारी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शनों के लिए उनके आवास पर एकत्र हो गएए लोगों के बीच इस बात की चर्चा रही थी शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बाल्यावस्था से ही हिंदू धर्म के प्रति बेहद ही गंभीर रहने वाले स्मृति शेष राम महेश त्रिपाठी जीवन के एक.एक पल को हिंदू धर्म और सनातन के प्रचार प्रसार में समर्पित कर चुके थे छोटी काशी श्रीधाम गौरियापुर के राम जानकी संस्कृत महाविद्यालय में शिक्षण कार्य करने के दौरान भी वह संघ की विचारधारा से ओतप्रोत बने रहेए राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान चाहे शाखा लगाने का कार्य हो अथवा प्रभात फेरी या फिर आंदोलन के लिए समर्पण का भाव सभी में श्री त्रिपाठी का विशेष योगदान बना रहाए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष पद पर आसीन रहते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य भी सराहनीय साबित हुए गत वर्ष राघवेंद्र सरकार के मंदिर का अयोध्या धाम में निर्माण होने से वह बेहद ही प्रसन्न नजर आ रहे थे उनके चेहरे पर इस बात की खुशी साफ तौर से नजर आती रही की उनकी सांस चलते उनके सामने रामलला अपने भवन में विराजमान हो गएए शुक्रवार को उनका निधन सामाजिक एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति साबित हुआए श्री त्रिपाठी के निधन की जानकारी लगने से संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉक्टर रज्जन लाल मिश्राए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन ब्रह्मा कुमार द्विवेदी संतोष त्रिपाठी दिनेश चंद्र पांडेय समाजसेविका कंचन मिश्रा आदि ने गहरा दुख व्यक्त कियाए उनके अंतिम दर्शनों को उनके आवास पर भारी भीड़ एकत्र दिखाई दी।

## डॉ नेमी से संभाला सीएमओ चार्ज, सवालों का जवाब नो कमेंट



कानपुर। सीएमओ की कुर्सी पर चल रहा विवाद गुरुवार को थम गया। शासन की ओर से निलंबन पर फैसला बदलने के बाद डॉ हरिदत्त नेमी ने सुबह 10 बजकर 5 मिनट पर कार्यालय पहुंचकर सीएमओ का चार्ज संभाला। उन्होंने एसीएमओ और एक दिन के लिए सीएमओ का चार्ज संभालने वाले डॉ रमित रस्तोगी से सीएमओ का चार्ज लिया और विभागीय पत्राचार में लग गए। इस दौरान चार्ज संभालने के बाद जब मीडिया ने उनसे सवाल पूछे, तो उन्होंने हर सवाल का जवाब नो कमेंट कहकर दिया। बुधवार को शासन ने पत्र जारी करते सीएमओ डॉ उदय नाथ को फिर से श्रावस्ती अपर मुख्य चिकित्साधिकारी का कार्यभार संभालने और तत्कालीन सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी के निलंबन के आदेश को स्थगित करने का पत्र जारी किया गया था। इसके बाद सीएमओ पद पर फिर से हरिदत्त नेमी के बैठने की पर मुहर लग गई थी। बताते चले कि 19 जून को डीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर निलंबित हुए तत्कालीन सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ कार्यालय से संबद्ध कर दिया था और उनके स्थान पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी श्रावस्ती के पद पर तैनात डॉ उदय नाथ को कानपुर का नया सीएमओ बनाया गया था। इसके बाद हाईकोर्ट से स्थगन के आदेश लेकर 10 जुलाई को डॉ नेमी सीएमओ की कुर्सी पर काबिज हो गए थे, जो करीब 30 घंटे की मशक्कत के बाद सीएमओ की कुर्सी से हटे थे, लेकिन 16 जुलाई को जिले के सीएमओ की कुर्सी एक बार फिर पसोपेश में फंस गई। दोपहर करीब 12 बजे शासन की ओर से दो पत्र जारी किए गए। पहले पत्र में शासन ने हाईकोर्ट पहुंचे तत्कालीन सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी के निलंबन के आदेश को स्थगित करने और दूसरे पत्र में वर्तमान सीएमओ डॉ उदयनाथ को अग्रिम आदेशों तक पूर्व की भांति अपर मुख्य चिकित्साधिकारी श्रावस्ती के पद पर तैनात रहने का निर्देश जारी किया गया। पत्र मिलते ही सीएमओ डॉ उदय नाथ डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह से मिलने पहुंचे और वहां से सीधे सर्किट हाउस होते हुए श्रावस्ती के लिए रवाना हो गए थे।

### कार्यालय आने वाले लोगों को होगी इंट्री

सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी ने निर्देश दिए हैं कि सीएमओ कार्यालय में दाखिल होने वाले हर शख्स को अपना नाम, पता और काम लिखकर ही मुलाकात करने की अनुमति मिलेगी।

## दिल्ली से अपहृत छात्र को सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी ने किया बरामद

- देर रात जीआरपी प्रभारी को मिली अपहृत की जानकारी
- बुधवार को दिल्ली के कारवाल नगर थाने में दर्ज हुई थी एफआईआर



कानपुर। दिल्ली से अपहृत छात्र को कानपुर सेंट्रल स्टेशन के जीआरपी ने बरौनी-ग्वालियर ट्रेन से बरामद कर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया। छात्र एक वृद्ध महिला के साथ हमीरपुर जा रहा था। जहां उसकी दादी रहती हैं। हालांकि बाद में मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। बच्चे ने बताया कि वह अपनी दादी के घर जा रहा था, लेकिन फिरौती किसने मांगी और किस नंबर पर 50 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। इसकी जांच दिल्ली पुलिस ने शुरू कर दी है।

छात्र के पिता ने बुधवार शाम दिल्ली में छात्र के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता ने बेटे के मोबाइल से फिरौती मांगे जाने की बात भी कही थी। जिसमें उन्होंने 50 हजार रुपए ट्रांसफर भी कर दिए थे, लेकिन इसके बाद एक लाख रुपए और मांगे जा रहे थे।

बुधवार रात 12 बजे कानपुर सेंट्रल स्टेशन जीआरपी इंस्पेक्टर ओमनारायण सिंह को सूचना मिली कि दिल्ली से कक्षा 9 के छात्र को अपहरण कर कानपुर की तरफले जाया जा रहा है। जीआरपी पुलिस ने तत्काल सूचना के बाद मिले नंबर सर्विलांस पर लगाया और बच्चे को ढूंढना शुरू कर दिया। तकरीबन रात 2.10 बजे बालक को प्लेटफार्म न.एक से बरामद कर लिया। सीओ जीआरपी डीके सिंह ने बताया कि दिल्ली में बालक के अपहरण का मुकदमा कारवाल नगर थाने में दर्ज कराया गया था। बच्चे की लोकेशन कानपुर की तरफ मिल रही थी। दिल्ली से सूचना मिली कि बच्चे की लोकेशन इटावा के आसपास दिखाई दी है। इधर कानपुर सेंट्रल पर भी लोकेशन ट्रेस की जा रही थी, आउटर में लोकेशन दिखने पर सेंट्रल पर भी टीम तेजी से चेकिंग करने लगी। तभी सेंट्रल स्टेशन की प्लेटफार्म नंबर एक पर बच्चों को देखा गया। जब जीआरपी पुलिस ने उससे पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह हमीरपुर जा रहा है। तभी उसके पास एक संदिग्ध बुजुर्ग महिला भी साथ दिखी। उसे जब पूछा गया तो उसने भी बताया कि वह भी हमीरपुर जा रही है और बच्चा इसका नाती है। जीआरपी पुलिस ने तुरंत ही बच्चों के पास मिले मोबाइल से अपने मोबाइल पर कॉल किया तभी पता चला कि यह नंबर वही है, जो ट्रेस पर लगाया गया है और यह बच्चा भी वही। संदिग्ध महिला और बच्चे को जीआरपी थाने लाया गया। दोनों से जीआरपी पुलिस ने पूछताछ की। गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस कानपुर सेंट्रल पहुंची और बच्चे को लेकर रवाना हो गई। जीआरपी इंस्पेक्टर कानपुर ओम नारायण ने बताया कि जब छात्र से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि स्कूल में कुछ साथ के ही छात्र उससे मारपीट करते थे इसलिए वह दिल्ली के अपने घर से हमीरपुर में रहने वाली अपनी दादी के घर जाने के लिए अकेले निकल पड़ा था।

### 50 हजार की फिरौती के बाद एक लाख की कर रहा था डिमांड

दिल्ली पुलिस ने बताया की जिस व्हाट्सएप नंबर से अपहरण करने के बाद फिरौती मांगी जा रही थी। वही नंबर बच्चे के पास फोन में है। यानी कि उस व्हाट्सएप नंबर को कोई और प्रयोग कर फिरौती मांग रहा था। दिल्ली पुलिस के एसआई अभिमन्यु तोमर ने बताया कि बुधवार शाम कारवाल थाना में बच्चे के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। छात्र के पिता इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार करते हैं। रात में जब व्हाट्सएप कॉल कर फिरौती मांगी गई, तो पिता ने उस यूपीआई नंबर पर 50,000 रुपए की रकम ट्रांसफर भी की। इसके बाद उन लोगों ने व्हाट्सएप कॉल करके दोबारा एक लाख रुपए की रकम ट्रांसफर करने को कहा।

## बाइक सवार शोहदे ने सरेराह छात्रा को किया बैडटच



कानपुर। चकेरी में नकाबपोश शोहदे ने सरेराह एक छात्रा से अश्लील कमेंट कर छेड़खानी कर दी। बाइक सवार आरोपी की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सोशल मीडिया में वायरल फुटेज व पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

सनिगवां निवासी प्राइवेट कर्मी की 17 वर्षीय बेटी इंटर की छात्रा है। छात्रा ने बताया कि बुधवार दोपहर 3 बजे वह विश्वकर्मा मंदिर के पास रहने वाली सहेली के घर किताब लेने जा रही थी। तभी नकाबपोश बाइक सवार शोहदे ने छात्रा के बगल से गाड़ी निकाल कर अश्लील कमेंट किया। फिर दोबारा बाइक घुमाकर आया और छात्रा को बैड टच किया। इस दौरान छात्रा गिरते-गिरते बची। शोहदे की पूरी करतूत पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आनन-फानन में डरी सहमी छात्रा घर पहुंची और परिजनों का आपबीती बताई, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। एसीपी चकेरी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में कई साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। आरोपी को गिरफ्तारी के लिए चार टीमे लगाई गई हैं। जल्द ही उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला कारोबारी का शव

-बुधवार सुबह काम से निकला था मृतक



कानपुर। बाइक देने से मना करने पर स्पेयर पार्ट्स व्यापारी बेटा घर से कहीं चला गया। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसे फोन किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। गुरुवार की सुबह कानपुर-झांसी रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला। यह देख वहां मौजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

दबौली वेस्ट निवासी राधाकृष्ण राजपूत का इकलौता बेटा कुलदीप राजपूत स्पेयर पार्ट्स का कारोबार करता था। परिवार में तीन बहनें किरन, साधना और खुशबू के साथ मां मिथलेश हैं। जीजा बलबीर ने बताया कि रोज की तरह कुलदीप बुधवार सुबह काम पर निकला था। शाम साढ़े चार बजे उसकी पिता राधाकृष्ण से बात हुई इस पर उसने शाम छह बजे तक घर आने की बात कही थी। इसके बाद तक वह देर रात तक घर नहीं लौटा, परिजनों ने उसे कई बार कॉल किया, लेकिन उसका फोन नहीं उठा। जिसके बाद परिजन पूरी रात खोजबीन करते रहे और गोविंद नगर थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई। गुरुवार सुबह कुलदीप का शव घर से करीब 500 मीटर दूर कानपुर-झांसी लाइन किनारे पड़ा मिला। कुलदीप के सिर पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को उसके मौत की सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नजर

### आर. दुरैस्वामि ने संभाला एलआईसी के सीईओ का कार्यभार



कानपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ व एमडी का कार्यभार आर. दुरैस्वामि ने संभाल लिया। वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग भारत सरकार द्वारा 14 जुलाई को जारी अधिसूचना के अनुसार आर. दुरैस्वामि को भारतीय जीवन बीमा निगम का मुख्य कार्यकारी अधिकारी व प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

### यूडीआईडी कार्ड व कृतिम अंग उपकरण के लिए शिविर आज से



कानपुर। दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन और उनके समग्र पुनर्वासन हेतु विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन होना है। शिविर विकास खण्ड परिसर शिवराजपुर में 18 जुलाई, बिल्हौर में 22 जुलाई व ककवन में 27 जुलाई को आयोजित होगा। यह जानकारी जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त शिविर मे दिव्यांगजन बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र/ यूडीआईडी कार्ड निर्गत किया जाएगा। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण दिये जाने हेतु चिन्हांकन किया जाएगा। चिकित्सीय सुविधायें, शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु विद्यालयों में प्रवेश एवं सरकार की अन्य योजनाओं लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही की जाएगी। जिस हेतु दिव्यांगजन को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो एवं मोबाईल नम्बर, यूडीआईडी कार्ड आदि के साथ शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण उपरोक्तानुसार तिथियों में किया जायेगा।

### ज्योतिषाचार्य ने फांसी लगाकर दी जान

कानपुर। नौबस्ता के राजीव विहार में घरेलू कलह के चलते ज्योतिषाचार्य ने फंदे से लटक कर जान दे दी। गुरुवार की सुबह उनका शव घर के कमरे में धोती के सहारे लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मूलरूप से उन्नाव जिले के माखी के ग्राम बिरसिंहपुर निवासी ज्योतिषाचार्य विनोद द्विवेदी उर्फ पंडितजी परिवार के साथ राजीव विहार में रह रहे थे। उनके तीन बेटे हैं। इनमें दो शहर में और एक लखनऊ में रहता है। नौबस्ता इंस्पेक्टर शरद तिलारा ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में बेटे अनुज और अन्य परिजनों ने बताया कि बुधवार की रात सभी खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने चले गए थे। सुबह विनोद का शव उनकी धोती के सहारे लटका मिला। इंस्पेक्टर के अनुसार अब तक की जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। वहीं परिजनों ने मामले में बात करने से साफइन्कार कर दिया।

### निर्माण श्रमिकों की बेटी के विवाह पर मिलेगा 55 हजार रूपए की सहायता राशि





कानपुर। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपनी पुत्रियों के विवाह पर 55,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह योजना श्रमिक परिवारों को विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक अवसरों पर राहत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। प्रदेश सरकार की यह पहल श्रमिकों के सामाजिक उत्थान की दिशा में एक मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ केवल उन्हीं श्रमिकों को मिलेगा, जिनका बोर्ड में पंजीकरण कम से कम एक वर्ष पुराना हो, पंजीकरण सक्रिय हो तथा नियमित अंशदान किया गया हो। विवाह की तिथि प्रस्ताव की तिथि के बाद की होनी चाहिए और विवाह के समय वधू की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं वर की आयु न्यूनतम 21 वर्ष होना अनिवार्य है। एक श्रमिक अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह हेतु ही इस योजना का लाभ ले सकता है। डीएम ने कहा कि योजना का आवेदन विवाह से पूर्व अथवा विवाह के 90 दिन के भीतर किया जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। जिलाधिकारी ने सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की कि वे इस योजना की जानकारी प्राप्त कर समय से आवेदन करें और पात्र होने पर इसका लाभ अवश्य लें।

### शादी से इंकार करने पर सिरफिरे ने किया जानलेवा हमला

कानपुर। शादी का प्रस्ताव ठुकराने से नाराज सिरफिरे ने गाली-गलौज कर महिला पर चाकू से वार किए। यह देख राहगीरों ने दौड़ाकर आरोपी को पकड़ कर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने घायल युवती को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है।

गोशाला की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि पति की मौत के बाद वह घरों में काम कर परिवार का भरण-पोषण करती है। परिवार में एक बेटी है। बुधवार शाम काम कर घर लौट रही थी, तभी दबंग रज्जी ने उसे जबरन रोक लिया और फिर शादी करने का दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर आरोपित ने गाली-गलौज कर जान से मारने की नीयत से चाकू से गर्दन व पेट पर एकाएक कई वार किए। सूचना पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल महिला को ई-रिक्शा से कांशीराम अस्पताल मेडिकल के लिए ले जा रही थी। तभी अस्पताल के पास आरोपी ने महिला कांस्टेबल के सामने फिर से चाकू से हमला करने की कोशिश की। चीख-पुकार सुन राहगीरों ने आरोपित को पकड़ने के बाद पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाने ले आई। जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी रज्जी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## विश्वविद्यालय में हुआ अभिमुखीकरण समारोह का आयोजन



**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नव प्रवेशित स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के स्वागत के लिए अपने अभिमुखीकरण समारोह का आयोजन गुरुवार को किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ ओमशंकर और डॉ योगेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ विशाल शर्मा के औपचारिक मंगलाचरण और स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने छात्रों का स्वागत किया और व्यावहारिक शिक्षा, मीडिया नैतिकता और रचनात्मक स्वतंत्रता के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता तथा अन्य दिशानिर्देशों को रेखांकित किया।

कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक छात्र को इस एनएएसी विश्वविद्यालय की सभी सुविधाओं तक स्वागत किट के माध्यम से प्राप्त हो। ओरिएंटेशन समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नीरज तिवारी ने अपने संबोधन में छात्रों को जिम्मेदार पत्रकारिता, विश्वसनीयता और डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के अपने विचारों से प्रेरित किया। उन्होंने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग को भविष्य में छात्रों के लिए औद्योगिक भ्रमण और इंटर्नशिप के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। इसके साथ ही अकादमिक संकायाध्यक्ष डॉ बृष्टि मित्रा, केंद्रीय पुस्तकालय प्रमुख डॉ आशीष श्रीवास्तव, चीफ प्रॉक्टर डॉ शशिकांत त्रिपाठी सहित कई विश्वविद्यालय और विभागीय प्रतिनिधियों ने पत्रकारिता एवं जनसंचार के नव नामांकित छात्रों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण जानकारी और दिशानिर्देश साझा किए। कार्यक्रम का समापन डॉ ओमशंकर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिससे छात्रों को अपनी आगे की शैक्षणिक यात्रा के लिए प्रेरणा और जानकारी दी गई। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में डॉ जितेंद्र डबराल, डॉ रश्मि गौतम, डॉ हरिओम कुमार, सौरभ सिंह, डॉ दिवाकर अवस्थी, सागर कनौजिया और पीके शुक्ला भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रोदय संस्था ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



कानपुर। राष्ट्रोदय संस्था ने गुरूवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार को ज्ञापन सौंप कर मांग की कि घंटाघर से राष्ट्रीय ध्वज को हटा दिया गया है उसे पुनः अवरोहण की व्यवस्था की जाए। संस्था के संस्थापक विनय अवस्थी ने बताया कि घंटाघर चौराहा कानपुर नगर की पहचान है साथ ही चन्द कदम की दूरी पर कानपुर सेन्ट्रल होने की वजह से देश भर के हजारों लोग इस चौराहे से होकर गुजरते हैं। कानपुर क्रान्तिकारियों का शहर कहा जाता है। गणेश शंकर विद्यार्थी, मौलाना हसरत मोहानी, अमर शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नानाराव पेशवा सरीखे तमाम अमर शहीद कानपुर को गौरवान्वित करते रहे हैं। इसी कान्तिकारी शहर के घंटाघर चौराहे पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का फहरना वास्तव में देश भक्ति का एहसास करा जाता था । वर्तमान में उसे वहां से हटा दिया गया है, जो राष्ट्रीय प्रतीकों की अवमानना ठीक नहीं है। ऐसे में राष्ट्रीय ध्वज के अविलंब वहा पर पुनः आरोहण की व्यवस्था किया जाए, ताकि युवा होती पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम का संचार होता रहे।

## जीआरपी ने पकड़ा चरस तस्कर





कानपुर। जीआरपी ने देर रात चेकिंग दौरान चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 3 किलो 9 सौ ग्राम चरस बरामद हुई है। जिसकी कीमत पांच लाख रूपए है।

जीआरपी प्रभारी ओमनारायण सिंह ने बताया कि एडीजी रेलवे प्रकाश डी के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। देर रात जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम स्टेशन व आउटर चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि हैरिसगंज पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और तालाशी के दौरान उसके पास से 5 लाख रूपए का चरस बरामद हुआ है। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान तस्कर ने बताया कि उसका नाम तूफान महतो है वह बिहार चम्पारण का रहने वाला है। मधुबनी से चरस लेकर कानपुर देहात में सप्लाई करना था। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## आरोपः पुलिस ने धमका कर कराया अंतिम संस्कार, वीडियो बनाने पर मोबाइल छीना

**-आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने किया था अंतिम संस्कार करने से मना**

**-शोहदे से परेशान होकर युवती ने किया था सुसाइड**



**कानपुर।** रावतपुर में शोहदे की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने वाली युवती का आज अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने जबरन अंतिम संस्कार कराया। मना करने पर उल्टा कार्रवाई करने की धमकी दी। इस दौरान बेटा वीडियो बनाने लगा तो पुलिस ने उसका मोबाइल छीन लिया। मौके पर पहुंचे उच्चाधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो दिन में आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने नजीराबाद स्थित हिंदू कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया।

कानपुर देहात के गजनेर निवासी रिया गौतम की बड़ी बहन नीलू की शादी 14 साल पहले रावतपुर थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर निवासी प्रेम से हुई थी। नीलू और प्रेम पेंटिंग का काम करते है। प्रेम ने बताया कि पत्नी की डिलीवरी के दौरान रिया घर आई थी। बच्चे की छठी समारोह में मोहल्ले में रहने वाला गौरव आया थाए जिसके बाद युवक ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। आरोप है कि इस दौरान युवक ने उसकी कुछ फोटो खींच ली और उसे ब्लैकमेल करते हुए रात में मिलने के लिए बुलाने लगा। युवती के जीजा को जब इसके बारे में पता चला तो उसने साली को काफी डांट फटकार लगाई। इस दौरान रिया ने गौरव से मिलना बंद कर दिया तो उसने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी थी। जिससे डर कर किशोरी ने मंगलवार देर रात आत्महत्या कर ली थी। वहीं बुधवार दोपहर को रिया के पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया था, लेकिन परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने तक अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। मृतका की मां रीता ने बताया कि बुधवार देर रात भी पुलिसकर्मी आए थे, उन्होंने अंतिम संस्कार के लिए मना किया तो पुलिसकर्मियों ने दामाद को धमकाया कि तुम्हारे घर में युवती ने सुसाइड किया है, अगर अंतिम संस्कार नहीं किया तो तुम्हें फंसा देंगे। रीता ने बताया कि आज सुबह पुलिस आई और जबरन अंतिम संस्कार का दबाव बनाने लगी, जिस पर बेटा वीडियो बनाने लगा तो पुलिस ने मोबाइल छीन लिया।

## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत खागा-फतेहपुर

संख्या- 170 / न०पं० खागा / वर्ष 2025-26 दिनांक 17.07.2025

**पुनः सार्वजनिक नीलामी /बोली आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कार्यालय नगर पंचायत खागा द्वारा कार्यालय नगर पंचायत परिसर मे निर्मित निष्प्रयोज्य कर्मचारी आवासो के मलबा (ईट, लोहा, लकड़ी आदि) की नीलामी बोली हेतु कार्यालय पत्रांक- 61 / न०पं० खागा / वर्ष 2025-26 दिनांक 19.05.2025 व पत्रांक-94 / न०पं० खागा / वर्ष 2025-26 दिनांक 03.06.2025 को विज्ञापन निकाला गया था किन्तु 02 बार विज्ञापन प्रकाशन के बाद भी किसी भी बोलीदाता द्वारा प्रतिभाग नही किया गया। इस कारण पुनः दिनांक 23.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे कार्यालय नगर पंचायत खागा मे नीलामी प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। नीलामी प्रक्रिया मे प्रतिभाग करने वाले इच्छुक व्यक्ति कार्यालय नगर पंचायत खागा मे दिनांक 18.07.2025 से दिनांक 23.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक रू0 500.00 नीलामी बोली जमानत धनराशि नगद जमा कराकर पंजीकरण कराते हुये नीलामी प्रक्रिया मे भाग ले सकते हैं। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

**(देवहूती पाण्डेय) अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत खागा फतेहपुर

**(गीता सिंह ) अध्यक्ष**
नगर पंचायत खागा फतेहपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद जालौन, जनपद-जालौन

पत्रांक-557 / वै०न० यो० / कुटेशन / 2025 दिनांक- 16 / 07 / 2025

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**

समस्त टाउन प्लानर / पंजीकृत आर्किटेक्ट को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जालौन जनपद जालौन द्वारा अपने सीमान्तर्गत मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना एवं सम्बन्धित अन्य योजनाओं के अन्तर्गत जल निकासी, लाइब्रेरी, ओपेन जिम, सौन्दर्यीकरण, मण्डप भवन, आडिटोरियम हॉल, काम्प्लेक्स, दुकाने, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय आदि के निर्माण हेतु आगणन एवं डी०पी०आर० तैयार कराया जाना है।

ऐसे टाउन प्लानर / पंजीकृत आर्किटेक्ट जिनके पास सरकारी अथवा निजी क्षेत्र की परियोजनाओं का कम से कम 05 वर्षों का टाउन प्लानिंग / आर्किटेक्चर का अनुभव हो वे उक्त कार्य हेतु अपना कुटेशन दिनांक 25.07.2025 को अपराह्न 12.00 बजे तक लिपिक पटल पर अपनी योग्यता अनुभव एवं पूर्व में किसी भी निकाय में किये गये कार्यो का विवरण साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते है। उक्त कुटेशन उसी दिनांक को कुटेशनदाताओं की उपस्थिति / अनुपस्थिति में समय 3.00 बजे खोले जायेगें। चयनित किये जाने वाले टाउन प्लानर / पंजीकृत आर्किटेक्ट का दायित्व होगा कि वह नगर पालिका परिषद जालौन का स्थलीय निरीक्षण कर समन्वित कार्य योजना डी०पी०आर० लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर तैयार कर निकाय को उपलब्ध करायेगा। चयनित टाउन प्लानर / पंजीकृत आर्किटेक्ट द्वारा योजना के क्रियान्वयन के दौरान अनुश्रवण भी किया जायेगा, जिसके लिये परियोजना मूल्य का अधिकतम 02 प्रतिशत की दर से भुगतान किये जाने का प्रावधान है जो परियोजना मूल्य में सम्मिलित रहेगा। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। उक्त कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जालौन को निहित होगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद जालौन

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जालौन

## कार्यालय नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद-फतेहपुर

पत्रांक- 116 /न०पं० को० जहा० / 2025-26 दिनांक 16-07-2025

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ दिनांक- 25-07-2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन सांय 04.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के सामने खोली जायेगी। निविदा के साथ 2 % जमानत धनराशि F.D.R. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत के नाम बन्धक हो तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत नवीनतम हैसियत व चरित्र प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा निविदा प्रपत्र निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक-24-07-2025 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय से नगद धनराशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा कार्यालय नगर पंचायत में रखे निविदा बाक्स में नियत समय तक डाली जायेगी अन्य कोई जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | मद का नाम | आंगणन की धनराशि (लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मो0 गोकुलपुर में नहर पटरे से मौजीलाल महाविद्यालय गेट न0 1 तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 249130.00 | 5000.00 | 294.00 | एक माह |
| 2 | मो0 गोकुलपुर में मौजीलाल महाविद्यालय पुलिया के पास इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 324015.00 | 6500.00 | 382.00 | एक माह |
| 3 | मो0 चन्दागली / लालागली में हाइवे किनारे प्रयाग यादव के मकान से उपेन्द्र सचान के मकान तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 432613.00 | 8700.00 | 510.00 | एक माह |
| 4 | थाना कस्बा कोड़ा जहानाबाद कैम्पस में रास्ते से मन्दिर की तरफ (पश्चिम) इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 974020.00 | 19500.00 | 1149.00 | एक माह |
| 5 | थाना कस्बा कोड़ा जहानाबाद कैम्पस में रास्ते से पूरब की ओर इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 996426.00 | 20000.00 | 1175.00 | एक माह |
| 6 | नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद में विभिन्न कमरों में प्लाईवुड अलमारी का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 975289.00 | 19500.00 | 1150.00 | एक माह |
| 7 | ईदगाह रोड़ पर स्वागत द्वार का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 421392.00 | 8500.00 | 497.00 | एक माह |
| 8 | ईदगाह मैदान के दक्षिणी भाग में बाउण्ड्री के अन्दर सी0सी0 फर्श आदि का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 562926.00 | 11300.00 | 663.00 | एक माह |
| 9 | ईदगाह मैदान के उत्तरी भाग में बाउण्ड्री के अन्दर सी0सी0 फर्श आदि का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 769688.00 | 15400.00 | 907.00 | एक माह |
| 10 | वार्ड नं0 11 रज्योड़ा (छोटीबाजार) में शान मोहम्मद के मकान के सामने इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 161840.00 | 3300.00 | 190.00 | एक माह |
| 11 | वार्ड न0 11 छोटीबाजार में उजमान सभासद के मकान के सामने इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 329898.00 | 7000.00 | 388.00 | एक माह |
| 12 | मो0 चन्दागली में सत्यनारायण फौजी के मकान से रामकुमार बाल्मिकी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 517122.00 | 11000.00 | 610.00 | एक माह |
| 13 | मो0 रामनगर में हाइवे से रेखा वर्मा के प्लाट तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 584109.00 | 12000.00 | 689.00 | एक माह |

नियम व शर्ते- (1) निविदा खोले जाने के समय निविदादाता की उपस्थिति वांछनीय है। (2) निविदा के साथ निविदा दाता को नवीनतम हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, पैन न०, जी०एस०टी० न०, श्रमविभाग से पंजीकरण प्रमाणपत्र को लगाना अनिवार्य होगा जिसकी एक प्रति लिफाफे में रखकर एवं निविदा शुल्क व धरोहर राशि की एफ०डी०आर० की मूल प्रति एक लिफाफें में रखकर लिफाफें पर कार्य का नाम ठेकेदार का नाम के साथ निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर कर निर्माण विभाग नगर पंचायत कार्यालय में रखे बाक्स में डाले जाना अनिवार्य है (3) ठेकेदार / फर्म का जी०एस०टी० में पंजीकरण अनिवार्य है तथा जी०एस०टी० के अन्तर्गत आने वाले समस्त कटौतियां देय होगी। (4) कार्य किसी भी अन्य को हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा, निविदा स्वीकृति के बाद हस्तान्तरित की स्थिति पायी जाती है, तो अनुबंध निरस्त कर दिया जायेगा। (5) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद द्वारा बिना कोई कारण बताये एवं नोटिस दिये एक या समस्त निविदा निरस्त करने का अधिकार निहित है। (6) सामग्री निर्धारित समय के अन्दर आपूर्ति न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा, जिसकी कटौती ठेकेदार के बिल से अथवा जमा धनराशि से की जायेगी यह दण्ड दो सप्ताह तक अधिकतम रु० 500.00 प्रतिदिन हो सकता है दो सप्ताह पश्चात् कार्य की निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। (7) अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गई निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी। (8) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद फतेहपुर को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय करने का अधिकार होगा। (9) किसी विवाद की दशा में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद का निर्णय अंतिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा। (10) ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकेदार को मान्य होगा। (11) स्वीकृत आगणन दर से न्यूनतम / अधिकतम दर पर निविदा डालने वाले निविदादाता को न्यूनतम को न्यूनतम / अधिकतम दर पर कार्य / आपूर्ति करने का तकनीकी जस्टीफिकेशन साथ में संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा यह समझा जायेगा कि निविदा मात्र निविदा प्रक्रिया बाधित करने हेतु डाली गई है। ऐसी निविदा मान्य नहीं होगी। (12) शासनादेश संख्या / 609- नौ249-2007- ज 06 / दिनांक 2007-02-26 के अनुसार राज्य बार कौसिंल में पंजीकृत किसी भी अधिवक्ता को ठेकेदारी में प्रतिभाग करने का अधिकार न होगा। (13) यदि निविदा डालने की दिनांक का किसी कारणवश कोई अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले दिन डाली व खोली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद फतेहपुर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद फतेहपुर

## कार्यालय उप जिलाधिकारी रसूलाबाद कानपुर देहात

पत्रांक- 2502 / रा.नि. (का.) -मत्स्य पालन पट्टा शिविर / 2025 दिनांक 17 जुलाई, 2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील रसूलाबाद के अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु निम्नवत् तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन करने हेतु तहसील रसूलाबाद के सभा कक्ष में दिनांक 19.08. 2025 को प्रातः 11.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। आवंटन उ०प्र० राजस्व संहिता-2006 की धारा 61 एवं उ०प्र० राजस्व संहिता नियमावली-2016 के नियम 57 व 58 में विहित प्रकिया के अनुसार किया जायेगा। तालाबों का विवरण निम्नवत् है-

| क्र0 सं० | तहसील का नाम | ग्राम का नाम जहॉ तालाब स्थित है। | नीलाम किए जाने वाले तालाब का विवरण | | आवंटन प्रकिया उ०प्र० रा०सं० नियमावली 2016 के नियम 57 व 58 में विहित प्रकिया के अनुसार अर्हता | प्रति हे० आरक्षित बोली धनराशि उ० प्र०रा०सं० नियमावली-2016 के नियम 57 व 58 में विहित प्रकिया के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे.में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रसूलाबाद | कारेरामपुर | 567 | 0.656 | संलग्न है | 0.205 हे0 से अधिक और 2 हे0 से कम क्षेत्रफल के तालाबों हेतु पाँच हजार रू० प्रति हे० एवं 02 हे0 से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों हेतु दस हजार रू० प्रति हे० वार्षिक। |
| | | | 465घ | 0.328 | | |
| | | | 464च | 0.522 | | |
| | | | 848 ख | 0.3790 | | |
| 2 | रसूलाबाद | टिपटिया | 375 | 0.430 | संलग्न है | |
| 3 | रसूलाबाद | मेघजाल | 743 | 0.297 | संलग्न है | |
| | | | 632 | 0.338 | | |
| | | | 373क | 0.574 | | |
| 4 | रसूलाबाद | विरूहुन | 2011 | 0.205 | संलग्न है | |
| | | | 3095 | 0.277 | | |
| | | | 1997 | 1.385 | | |
| 5 | रसूलाबाद | मनावा रसूलाबाद | 714 / 1,7 | 2.274 | संलग्न है | |
| 6 | रसूलाबाद | अलीपुर रामहार | 208 / 2 | 3.124 | संलग्न है | |
| | | | 2212 | 2.288 | | |
| | | | 2136 / 1 | 3.196 | | |
| 7 | रसूलाबाद | मलगांव | 699 ख | 0.461 | संलग्न है | |
| | | | 699मि | 0.256 | | |
| | | | 1648 | 0.451 | | |
| | | | 851 | 0.369 | | |
| | | | 813ग | 0.6140 | | |
| | | | 819 ख | 0.799 | | |
| 8 | रसूलाबाद | मिर्जापुर लकोठिया | 1 / 1 मि | 7.652 | संलग्न है | |
| 9 | रसूलाबाद | फत्तेपुर बकोठिया | 108मि | 10.859 | संलग्न है | |
| 10 | रसूलाबाद | दहेली | 385 कमि | 0.437 | संलग्न है | |
| 11 | रसूलाबाद | रसूलाबाद देहात | 631 | 0.338 | संलग्न है | |
| 12 | रसूलाबाद | बैरीसाल | 1224 | 0.410 | संलग्न है | |
| | | | 1810 | 0.307 | | |
| | | | 1889मि | 0.307 | | |
| | | | 1813 | 0.328 | | |
| 13 | रसूलाबाद | मालकापुरवा | 999 | 3.073 | संलग्न है | |
| | | | 1009 | 4.783 | | |
| | | | 583 | 5.205 | | |
| | | | 1006 | 0.410 | | |
| | | | 585 | 1.014 | | |
| 14 | रसूलाबाद | गम्भीरा | 448क | 2.766 | संलग्न है | |
| 15 | रसूलाबाद | सुनासी | 208 | 0.347 | संलग्न है | |
| | | | 1481 | 0.246 | | |
| 16 | रसूलाबाद | बर्रा ठर्रा | 737 ग | 0.246 | संलग्न है | |
| | | | 786 ख | 0.210 | | |
| 17 | रसूलाबाद | पलियाबांस खेड़ा | 465ङ | 0.563 | संलग्न है | |
| 18 | रसूलाबाद | केवलेपुर | 333 | 0.205 | संलग्न है | |
| 19 | रसूलाबाद | कठिका | 330 | 0.584 | संलग्न है | |
| 20 | रसूलाबाद | भवनपुर | 188मि | 0.359 | संलग्न है | |
| | | | 482 | 0.348 | | |
| 21 | रसूलाबाद | नारखास | 471 ख | 0.318 | संलग्न है | |
| 22 | रसूलाबाद | जगम्मनपुर धीर | 601 / 1 | 0.615 | संलग्न है | |
| 23 | रसूलाबाद | अपौना | 347घ | 0.202 | संलग्न है | |
| 24 | रसूलाबाद | विजयीपुर | 355 | 0.287 | संलग्न है | |
| 25 | रसूलाबाद | नौहानौगांव | 1237 | 0.379 | संलग्न है | |
| 26 | रसूलाबाद | कंहिजरी खुर्द | 23 | 0.205 | संलग्न है | |
| | | | 135 | 0.205 | | |
| | | | 782 | 0.307 | | |
| | | | 816ख | 0.297 | | |
| 27 | रसूलाबाद | औरंगपुर गहदेवा | 6098 | 1.874 | संलग्न है | |

उक्त तालाबों के आवंटन हेतु नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति नीलामी सम्बन्धी शर्तों व नियमों की जानकारी करने हेतु तहसीलदार रसूलाबाद / नीलाम अधिकारी से संम्पर्क कर सकते है। जिन तालाबों का क्षेत्रफल 2 हेक्टेयर से अधिक है उनकी नीलामी पंजीकृत मछुआ समुदाय से सम्बन्धित समिति के हक में की जायेगी। जिन तालाबों की नीलामी दिनांक 19.08.2025 को न हो सकेगी उनकी नीलामी दिनांक 20.08.2025 व 22.08.2025 को पुनः की जायेगी।

**उप जिलाधिकारी**
**रसूलाबाद, कानपुर देहात**

# फतेहपुर समाचार

**बाइक डिवाइडर से टकरायी युवक की मौत**

**फ्तेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से जा टकरायी। जिसमें 34 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के थाना जेठवारा गांव संडवा पर्वतपुर सूर्यनारायन का पुत्र पंकज सोनी जो गाजियाबाद में किसी कम्पनी में काम करता था। बताते है कि वह बाइक द्वारा गाजियाबाद जा रहा था। जब वह कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पास एनएच 02 में पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से जा टकरायी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंची सराकरी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद से लगाई हस्तक्षेप की गुहार



फ्तेहपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने छात्र संख्या को कम बात कर विद्यालय बंद किए जाने के मामले में सांसद नरेश उत्तम से मुलाकात की। इस कदम को शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की अवमानना करार देते हुए हस्तक्षेप करने की मांग की। डाक बंगला में सांसद को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद में मुलाकात कर सरकारी व्यवस्था पर नाराजगी जताई गई कहा गया कि कम छात्र संख्या को आधार बनाकर परिषदीय विद्यालयों के चयरिंग/मर्जर किया जा रहा है। जिला सह संयोजक महफूज अहमद द्वारा गतिमान प्रक्रिया को शिक्षा के मूल अधिकार के विपरीत बताया गया। सांसद ने प्रकरण पर संज्ञान लेते हुये प्रक्रिया को अवरुद्ध कराने हेतु आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालो में कमल सिंह, अमित वर्मा, अभिषेक कुमार, प्रियंक सिंह, मंगलेश सिंह यादव, अंकुश सिंह, मनीष प्रताप सिंह, पुनीत सिंह, गोपाल पाण्डेय, आशुतोष यादव, विनय सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह एवं अखिलेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# राजस्व टीम ने बग़ैर नोटिस के गिराया ग़रीब विकलांग दंपत्ति का घर

**- पुलिस ने खींचकर बाहर निकाला, फिर जेसीबी से ढहा दिया**
**- गृहस्ती का सामान और आनाज भी किया नष्ट**
**- शासन से स्वीकृत हुआ था आवास, किसी ने नहीं सुनी**
**- कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मांगा न्याय, अधिकारियों ने टरकाया**
**- विपक्षी लखनऊ तक ले जाएँगे मामला**

**फ्तेहपुर।** राजस्व टीम का एक और अमानवीय कृत्य सामने आया है। इस बार बग़ैर किसी सूचना के विकलांग दम्पत्ति का पक्का घर ढहा दिया गया। तमाम ग्रामीणों के साथ आज कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित विकलांग दम्पत्ति ने जो आपबीती सुनाई उससे हर किसी ने इस कार्यवाही को अनुचित ठहराया और उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता जताई।

जानकारी के अनुसार मलवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरमतपुर के विकलांग दम्पत्ति का आरोप है कि बुधवार को नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल जेसीबी लेकर गाँव पहुंचे और बग़ैर कुछ कहे उसका घर ढहा दिया। पीड़ित दम्पत्ति की माने तो उसको गृहस्ती का सामान तक हटाने का मौक़ा नहीं दिया गया। उनका कहना है कि राजस्व टीम आई और पुलिस वालो ने बलात उन्हें खीचकर घर के बाहर कर दिया और जे.सी.बी से घर को गिरा दिया।

पीड़ित दंपत्ति का कहना है कि 1988 में उपरोक्त बरमतपुर गांव में उनको शासन से आवास स्वीकृत हुआ था। यह आवास उन्होंने गाटा संख्या 44 पर अपनी भूमिधरी जमीन पर बना कर रह रहा था, जिसे बग़ैर किसी नोटिसरूसूचना के बुधवार को गिरा दिया गया और गृहस्ती का सारा सामान यहाँ तक कि घर में रखा गेहूं-चावल व अन्य अनाज भी नष्ट कर दिया गया है, जिससे उनके समक्ष रहने और खाने का गहरा संकट खड़ा हो गया है।

आज जिला अधिकारी रविंद्र सिंह के जनपद मुख्यालय में उपलब्ध न होने के कारण इन पीड़ितों ने प्रदर्शन कर घंटों न्याय की गुहार लगाई किन्तु पहले तो किसी ने सुनना मुनासिब नहीं समझा और फिर सिर्फ़ शिकायतीपत्र लेकर देखा जायेगा के आश्वासन पर टरका दिया गया। बेघर हुए विकलांग दंपति की माँग है कि उक्त प्रकरण की उच्च अधिकारियों से जाँच कराकर व मौंके की पैमाइश कराकर दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाए और उनके रहने और खाने की व्यवस्था की जाए।



इस दौरान पीड़ित के पास पहुंचे कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि योगी राज में ग़रीब की कोई सुनने वाला नहीं है, मामले को लखनऊ तक लेकर जायेंगे।

# प्रायोजित था भटपुरवा प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों का प्रदर्शन!

**- स्कूल मर्ज किए जाने के विरोध में आज सुबह किया था प्रदर्शन**
**- शिक्षकों को स्कूल में बंद करने की सूचना पर पहुंची थीं बीएसए व बीईओ**
**- मौके पर ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझा बताई हकीकत**
**- अभिभावकों ने भी बताए कई राज**

फ्तेहपुर। परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के क्रम में भिटौरा खंड शिक्षा क्षेत्र के भटपुरवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों को विद्यालय में बंद कर बाहर प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों को समझाने मौके पर बेसिक शिक्षाधिकारी भारती त्रिपाठी एवं खंड शिक्षाधिकारी दीप्ति रिछारिया पहुंची। ग्रामीणों को बताया कि विद्यालयों को बंद नहीं किया जा रहा है बल्कि यहां प्री-प्राइमरी की कक्षाएं चलेंगी।यहां पढ़ने वाले बच्चों को समीपस्थ विद्यालय में पढ़ाई कराई जाएगी। विद्यालय में पठन-पाठन की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मौजूद अभिभावकों को भी सरकारी व्यवस्थाओं के बारे में बताया। घटनाक्रम में जो जमीनी रिपोर्ट सामने आ रही है उसमें ग्रामीणों को शिक्षकों के द्वारा ही भ्रमित किया गया था कि विद्यालय को बंद किया जा रहा है। शिक्षाधिकारियों से बातचीत के दौरान कई अभिभावकों ने इस बात को स्वीकार भी किया है। स्कूलों को बंद करने की अफ़वाह फैलाई गई जबकि हकीकत में जो शासनादेश है उसी के तहत विद्यालय मर्ज किया जा रहे हैं।



इन विद्यालयों में अब प्री-प्राइमरी की कक्षाएं संचालित की जाएगी। बेसिक शिक्षाधिकारी भारती त्रिपाठी ने कहा कि वह खंड शिक्षाधिकारी के साथ मौके पर गईं थीं। अभिभावकों से बातचीत हुई है, उन्हें समझा दिया गया है कि बच्चों की पढ़ाई कहीं भी प्रभावित होने वाली नहीं है। उनकी समझ में आ गया है। अभिभावकों ने कुछ और भी बातें बताई हैं जिनकी जांच कराई जाएगी।

## व्यापारियों की पीड़ा सुन चेयरमैन ने दिए पांच शौचालय

फ्तेहपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे के नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक प्रतिनिधि मंडल नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य से मिला, जिसमें शहर में व्यापारियों और ग्राहकों के लिए शौचालय के निर्माण की चर्चा हुई वही नगर पालिका अध्यक्ष ने मांगों को सुना और शहर में पांच स्थानों पर शौचालय निर्माण की मंजूरी दे दी यह पांच स्थान हरिहरगंज पुल के नीचे, पीलू तले तिराहा, सीओ सिटी ऑफिस, तांबेश्वर चौराहे और सराय में जगह चिन्हित की गई। चौक के लिए व्यापारियों ने अलग स्थान की मांग की है तो उन्होंने व्यापारियों से कोई सुविधाजनक स्थान बताने के लिए कहा है। अध्यक्ष ने बताया कि शहर वासियों के लिए नगर पालिका की ओर से मसवानी स्थित धोबी तालाब का सुंदरीकरण किया गया है और पक्का तालाब के सुंदरीकरण के लिए टेंडर पास हो चुका है। व्यापार मण्डल द्वारा रेल बाजार रोड स्थित गुरुद्वारा के सामने कूड़ा डंप करने की शिकायत पर कूड़ा फेंकने से रोकने के लिए रेलवे को कहा जाएगा और व्यापार मंडल की मांग पर सिख भाइयों के लिए हरिहरगंज पुलिस चौकी के बगल में खंडा चौराहा के निर्माण के लिए टेंडर दिया जा चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में वितरक बद्री विशाल गुप्ता, सरदार गुरमीत सिंह, राजकुमार मिश्रा, ज्ञानेंद्र गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## महिला महाविद्यालय में नवांगतुक प्राचार्य ने पदभार ग्रहण कर गिनाई प्राथमिकताएं

फ्तेहपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवांगतुक प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने पदभार ग्रहण किया एवं महाविद्यालय में बेहतर शैक्षिक माहौल बनाये जाने एव पठान पाठन में आने वाली समस्याओं को शासन के ज़रिए वरीयता के आधार पर हल करवाये जाने समेत अपनी अन्य प्राथमिकताओ को गिनाया। पदभार ग्रहण करने के बाद प्राचार्य डॉ. यादव ने बताया कि महाविद्यालय में छात्राओं के लिए सरकार द्वारा बेहतर शिक्षा के लिये संसाधन उपलब्ध कराए गए है। छात्राओं के पठन पाठन में आने वाली बाधाओं को शासन व जिला प्रशासन के जरिये दूर कराये जाने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के संपर्क मार्ग पर लोगों के द्वारा अपने-अपने वाहनों को अवैध रूप से पार्क किया जा रहा है जिससे महाविद्यालय आने जाने वाली छात्राओं का मार्ग अवरुद्ध होता है। उन्होंने मुख्य सड़क से महाविद्यालय तक आने वाले संपर्क मार्ग पर नगर पालिका परिषद द्वारा महाविद्यालय के नाम का बोर्ड लगाए जाने की मांग किया। बताया कि इस सम्बंध में जिले के ज़िम्मेदार अफसरों से मिलकर समस्याओं से अवगत कराएगे। प्रदेश सरकार द्वारा प्राचार्य डॉ. गुलशन सक्सेना के स्थानांतरण के उपरांत डॉ. राजेश कुमार यादव को महिला महाविद्यालय का प्राचार्य नियुक्त किया है। मूलरूप से जनपद रायबरेली निवासी डॉ. यादव अभी तक राजकीय महाविद्यालय पलिया कला जनपद जनपद लखीमपुर खीरी में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी, एनसीसी, एनएसएस, रेंजर्स, स्मार्ट क्लासेज, क्रीड़ा मैदान सहित कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। सभी शिक्षक लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित हैं एवं अपने-अपने विषय में पारंगत हैं। महाविद्यालय में छात्राओं का चहुमुंखी विकास होगा। बताया कि महाविद्यालय में विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू है छात्राओं के लिए सीटें उपलब्ध है। छात्राओं से तय सीटों पर एडमिशन लेने का आह्वान किया।

## राजस्व कर्मियों पर मंदिर तोड़ने का आरोप, किया हंगामा

फ्तेहपुर। विजयीपुर से नरैनी मार्ग पर गौचर की जमीन पर मंदिर बनाने की शिकायत ग्रामीणों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से की थी। ग्रामीणों की शिकायत निर्माणाधीन मंदिर के काम को बंद कराया गया। हालांकि इस दौरान कंजडो ने सड़क जाम कर राजस्व कर्मचारियों पर मनमानी तरीके से मंदिर तोड़ने का आरोप लगाया। नरैनी मार्ग पर ससुर खदेरी नदी के समीप गौचर की जमीन पर करीब साल भर से आधा सैकड़ा कंजड़ झोपड़ी बनाकर डेरा डाले हुए हैं। उसी जमीन गाटा संख्या 112 पर वह एक छोटे से मंदिर का निर्माण करा रहें थें, जिसकी ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से शिकायत की थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद बुधवार की देर शाम कानून-गो उमादत्त तिवारी राजस्व कर्मचारी विनय कुमार, आदित्य कुमार व किशोरी लाल के साथ मंदिर के निर्माण को रोकने पहुंचे थे। राजस्व कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर मंदिर के निर्माण पर रोक लगाने की बात कही। इस दौरान कंजडो ने राजस्व कर्मियों पर मनमानी तरीके से मंदिर तोड़ने का आरोप लगा हंगामा शुरू कर सड़क पर बैठ गए। कंजडो के सड़क पर बैठने से आवागमन बाधित होने लगा। थोड़ी देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। जिसके बाद तहसील प्रशासन ने मंदिर के काम को बंद करा। हालांकि कंजडो ने राजस्व कर्मियों पर मंदिर तोड़ने व झोपड़ी पर आग लगाने का आरोप लगाया। कंजडो का आरोप था कि राजस्व कर्मियों द्वारा उनके मंदिर को तोड दिया गया और उनकी झोपड़ी पर आग लगा दी गई जिससे उनका काफी नुकसान हुआ है। वहीं मौके पर मौजूद हल्का लेखपाल किशोरी लाल ने बताया कि कंजडो द्वारा गौचर की भूमि पर मंदिर बना अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर मंदिर के निर्माण पर रोक लगाई गई है।

# डा. सत्यनारायण श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर मेधावी हुए सम्मानित

**फ्तेहपुर।** जनपद के महान समाजसेवी होमियोपैथिक चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. सत्यनारायण श्रीवास्तव की 43वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी एवं चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा स्वर्गीय डॉ. सत्यनारायण भारती विद्यालय हायर सेकंडरी स्कूल अरबपुर के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरि व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य महर्षि विद्या मंदिर प्रमोद त्रिपाठी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा विद्यालय के संस्थापक स्व. डॉ. सत्यनारायण की प्रतिमा व मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि व विद्यालय के प्रधानाचार्य को बैज अलंकृत, माल्यार्पण व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।



ततपश्चात मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा सर्वप्रथम सभी अध्यापकों का माल्यार्पण फिर बालक वर्ग में प्रथम अर्पित कुमार, द्वितीय सूरज सिंह, तृतीय शुभम कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम सेजल, द्वितीय निकेता, तृतीय नेहा देवी व हिंदी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले रामेंद्र, अंजू, निकेता, अंग्रेजी में शुभम कुमार, संस्कृत में हर्ष वर्मा, गणित में अर्पित कुमार, विज्ञान में शिवम दिवाकर, सामाजिक विज्ञान में सुरेंद्र कुमार, कला में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली सेजल को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सभी बच्चों को उत्साहवर्धन के रूप में कुछ धनराशि भी प्रदान की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत त्रिपाठी ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मानस मर्मज्ञ दिनेश श्रीवास्तव, सोसाइटी के सलाहकार संजय श्रीवास्तव सहित अध्यापक राजकुमार वर्मा, उदय चंद्र पटेल, कमल कुमार, सविता, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, राकेश कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, अम्बिका सचान उपस्थित रहे।

### कौशल दशकः चित्र में भरे हुनर के रंग

## कुशल भारत सशक्त भारत हो मूल लक्ष्यः विजय

फ़तेहपुर। जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित ट्रेनिंग सेंटर में कौशल विकास के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कौशल का दशक के अन्तर्गत एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। गुरुवार को पैनी कला, गाजीपुर स्थित मंजू ट्रेनिंग सेंटर के कौशल विकास के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें तीस प्रतियोगियों ने भाग लेते हुए चित्र के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्क्रम में मुख्य अथिति के रूप में संस्थान के निदेशक विजय कुमार श्रीवास्तव व सहायक कार्यक्रम अधिकारी दीक्षा पाण्डेय ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों में से प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों का चयन कर पुरूस्कृत भी किया गया उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।



कार्यक्रम का संचालन में सहायक कार्यक्रम अधिकारी दीक्षा पाण्डेय प्रशिक्षिका मंजू द्विवेदी ने किया। निदेशक ने बताया कि कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सरकार के कौशल विकास कार्यक्रमो के प्रति जागरूकता और जुड़ाव को बढ़ावा देना है। यह युवाओं को कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से एक कुशल भारत के बारे में अपनी समझ और दृष्टिकोण को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रतियोगिता की थीम कुशल भारत सशक्त भारत का मूल लक्ष्य भारतीय कार्यबल की रोजगार क्षमता और सफलता को बढ़ाने के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण प्रदान करना तथा व्यक्तियों को देश की अर्थिक वृद्धि और विकास में योगदान करने के लिए सशक्त बनाना है।

## खबर एक नज़र

### अतिक्रमण पर नाराजगी, व्यापारियों के साथ सीओ ने की बैठक

फ्तेहपुर। व्यापारी सुरक्षा बोर्ड की बैठक का आयोजन पुलिस लाइन के सभागार में सीओ सिटी सौरभ शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई शहर में अतिक्रमण को लेकर सभी व्यापारियों ने गहरा विरोध दर्ज किया। सीओ सिटी से सभी व्यापारियों ने आग्रह किया एक अभियान अतिक्रमण के विरोध में चलाया जाए ताकि सभी व्यापारियों को व आम नागरिकों को जाम से राहत मिल सके और रोडवेज बस स्टॉप से जो भी बसे बाहर से संचालन हो रही हैं उनको तत्काल रोका जाए। सीओ सिटी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही जो भी बाहर से बसें संचालित हो रही हैं उनको बस स्टॉप के अंदर से संचालन करने के लिए एआरम से वार्ता हो चुकी है जल्द ही सारी बसें अंदर से संचालन होगी बैठक में आदर्श व्यापार मंडल के संगठन मंत्री रवि तिवारी, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी, जिला युवा अध्यक्ष मोहम्मद इमरान, नगर अध्यक्ष युवा आफाक अहमद, नगर महामंत्री अनीश खान, नगर उपाध्यक्ष महताब आलम, जिला उपाध्यक्ष दिलशाद बाबा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खाग (फ्तेहपुर)। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में खागा पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीओ खागा ब्रजमोहन राय के दिशा निर्देशन एवं प्रभारी कोतवाली राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में खागा पुलिस द्वारा यह लगातार तो बड़ी घटनाओं के संबंध में गिरफ्तारियां हैं। इसके जस्ट पहले खागा पुलिस ने छीमी के आधा दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुअसं 262/25 धारा 190 / 191 (2) / 191 (3) / 109 (1) / 103 (1) / 352/ 351(3) बीएनएस में नामित अभियुक्त गण पुत्तन सिंह पुत्र छेदी लाल उम्र करीब 45 वर्ष, सुनील सिंह पुत्र राम कृपाल उम्र 25 वर्ष तथा शत्रुघन सिंह पुत्र राम कृपाल उम्र 40 वर्ष निवासीगण ग्राम कल्लनपुर मजरे सलेमपुर गोली थाना खागा को कल्लनपुर बदलुआपुर खडंजा तिराहा बहद ग्राम सलेमपुर गोली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक अदद लोहे कि राड, सरिया तथा दो अदद लाठी की बरामदगी करते हुए पुलिस ने विधिक अनुक्रम में अभियुक्तों को न्यायालय रवाना किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह थाना खागा के साथ वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यदेव गौतम, उप निरीक्षक सत्य प्रकाश पाठक, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार सिंह, कांस्टेबल मनीष कुमार तथा विवेक कुमार शुक्ला शामिल रहे।

### यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटना को रोकने को छेड़ा जागरूकता अभियान

फ्तेहपुर। सड़क हादसे रोकने के लिए यातायात पुलिस का दस दिनी जागरूकता अभियान चल रहा है। गुरुवार भी सफेद वर्दी की जगह जगह चौकसी देखने को मिली। जवान, ड्राइविंग करने वालों पर सख्ती बरते हुए यातायात जा पाठ पढ़ाते नजर आए। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में यह अभियान बारह से बाइस जुलाई तक चलाया जा रहा है। डीएसपी यातायात एचएल सिंह एवं प्रभारी यातायात लाल जी की टीम ने बिना फिटनेस, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन रोके। नाबालिग द्वारा ई रिक्शा चालये जाने, हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनो पर सख्ती दिखाई। इसके साथ ही दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट न पहनने और चार पहिया चालक द्वारा सीटबेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहनों का चालान किया। आम जन मानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने प्रचार प्रसार सामग्री भी वितरित की।

### स्कॉर्पियो की टक्कर की बाइक सवार छात्रा की मौत

फ्तेहपुर। स्कॉर्पियो की तेज रफ्तार टक्कर से बाइक सवार हाईस्कूल की छात्रा की पोजेपुर के समीप दर्दनाक मौत हो गई जबकि हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। चालक स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। हादसा जहानाबाद थाना क्षेत्र की है। भवानी सिंह का पुरवा निवासी मुकेश कुशवाहा की बेटी भूमिका 16 विकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जहानाबाद में हाई स्कूल की छात्रा थी। छुट्टी के बाद गांव के पड़ोसी युवक प्रियांशु के साथ बाइक से घर लौट रही थी। तभी पोजेपुर के समीप गली से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बाइक से टकरा गई, जिससे भूमिका की मौके में मौत हों गई पुलिस ने मौके में पहुंच कर गाड़ी को पकड़ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि हादसे में घायल हुए प्रियांशु को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### कुएं में गिरकर युवक घायल, पीआरवी ने बचाया

फ्तेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के टेनी गांव में शुक्रवार भोर एक युवक सूखे कुएं में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 45 वर्षीय विजय शुक्रवार तड़के किसी काम से घर से निकले थे। इस दौरान पास के जंगल में एक सूखे कुएं के पास पहुंचने पर वे अनजाने में फिसलकर नीचे गिर गए। गिरने से उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई। काफी देर तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों और ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की। खोज के दौरान कुएं से उनकी आवाज सुनाई दी, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पीआरवी-112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से विजय को बाहर निकाला। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि युवक की हालत स्थिर है और आवश्यक उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पीआरवी टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

### नेत्र परीक्षण शिविर में 200 मरीजों का हुआ परीक्षण

विजयीपुर (फ्तेहपुर)। जानकीकुंड (चित्रकूट) के चिकित्सकों द्वारा आज विजयीपुर विकास खण्ड की ग्राम सभा सिल्मी में निरू शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कैंप पुष्पा स्मृति सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया। कैंप में लगभग दो सैकड़ा मरीजों की जांच की गई। सभी को निरूशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई एवं चश्मा बांटे गए। कैंप में लगभग 80 से ज्यादा मोतियाबिंद के मरीज थे जिनका अशोक नगर (फ्तेहपुर) स्थित एक चिकित्सालय में ऑपरेशन कराया जाएगा स कार्यक्रम संयोजक निखिल त्रिपाठी एवं अरविंद त्रिपाठी एवं अंशुल, मोहित सौरभ, चाहत उपस्थित रहे।

### पानी बचाने के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

बिंदकी (फ्तेहपुर)। प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण से भविष्य में जल संकट से बचा जा सकता है जल ही जीवन है इस सोच को सार्थक करने के लिए बृहस्पतिवार को एसडीएम, तहसीलदार के अलावा कर्मचारियों ने तहसील परिसर से जागरूकता रैली की शुरुआत की गई। एसडीएम दुर्गेश यादव, तहसीलदार अखिलेश सिंह ने जागरूकता रैली के साथ तहसील रोड ललौली चौराहा, मुगल रोग खजुहा चौराहा,मेन बाजार आदि का भ्रमण करते पश्चात वापस पहुंची समापन हुआ। वर्षा जल बचायें जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। बताया कि 16 से 22 जुलाई तक जिले में भूजल सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान विद्यालयों, कॉलेजों, ग्राम पंचायतों, विकास खंडों और तहसील स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। भूजल सप्ताह के तहत छात्र-छात्राएं प्रभात फेरी, स्लोगन लेखन, पद यात्रा, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली नृत्य, मोटरसाइकिल रैली जैसी गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके साथ ही होर्डिंग्स, पोस्टर व बैनर लगाकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसी तरह खण्ड विकास के अलावा गांवों में जागरूकता रैली निकाले जाने का तैयारी की गई। इस मौके पर कानून गो अजय मिश्रा, राजस्व कर्मी के अलावा तहसील के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## ट्रंप को झटका

सबसे ताकतवर-समर्थ होने के शिखर पर बैठने वाला व्यक्ति अपनी बातों और कामों को लेकर लोगों का भरोसा खोने लगे तो यह उसकी बुनियाद दरकने का सूचक है। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे के साथ दोबारा सत्ता में आए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चार महीनों के भीतर ही इसी ढंग के हालात से गुजरने लगे हैं। राजनेता का गुण यह होना चाहिए कि जटिलतम परिस्थितियों के बीच भी धैर्य और आपा न खो कर उत्तेजना में न आए तथा खासतौर पर अपनी बातों व कामों को पूरी तरह संतुलित रखे। इसे पूरी तरह किनारे कर मौजूदा वक्त विश्व के उलझे हालात को अपने ढंग से सुलझाने में वह खुद ही उलझते जा रहे हैं। नतीजा यह है कि विदेशी मामलों में अब स्पष्ट दृष्टिकोण न होने के कारण अमेरिका की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। दावा यहां तक है कि इस समय उसे एक खलनायक के रूप में देखा जा रहा है। एक सर्वेक्षण का निष्कर्ष है कि दो महाशक्तियां यानी अमेरिका और चीन तथा उनके नेताओं को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण में अब चार साल पहले की तुलना में अंतर लगातार कम हो रहा है। करीब दो दर्जन देशों में हुए इस सर्वे से पता चलता है कि अब ट्रंप के सत्ता में आने और खासकर टैरिफ मुद्दे को लेकर अमेरिका की छवि वैश्विक स्तर पर लगातार खराब हुई है। ये बात भी उभरी है कि अमेरिका को अब दुनियाभर के देश कम भरोसेमंद सहयोगी देश मानने लगे हैं व उनका विश्वास कम हुआ है। खुद डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का मानना है कि ट्रंप अमेरिका की वैश्विक छवि बिगाड़ रहे हैं। उधर उच्च आय वाले पश्चिमी देशों में चीन की स्वीकार्यता बढ़ी है। इन निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए देखा जाए तो अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप द्वारा दिए गए बयान और उठाए गए कदमों में ही टकराव साफ दिखता है। इजरायल-हमास युद्ध और गाजा की स्थिति, यूक्रेन-रूस युद्ध और जेलेंस्की व पुतिन, ईरान पर हमला और अन्य मामलों पर ट्रंप अपनी बातों और वादों से पीछे हटने के लिए मजबूर हुए जिससे उनकी गंभीरता प्रभावित हुई। भारत और पीएम मोदी के साथ मजबूत संबंधों और गहरी दोस्ती का दम भरने के बावजूद भारी भरकम टैरिफ लादने में भी वह पीछे नहीं रहे। यह ऐसा बिंदु है जहां भारत के लिए भी ये जरूरी हो गया है कि वह इस नई स्थिति से निपटने के लिए उचित रास्ते निकाले। कहना न होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की छवि अस्थिर सोच के व्यक्ति की बन रही है जो उनके और अमेरिका, दोनों के लिए नुकसानदेह ही होगी।

## रैगिंग के खिलाफ

उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की समस्या अब नई नहीं रह गई है। इससे निपटने के लिए सरकार समय-समय पर कदम उठाती रहती है। फिर भी इससे छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। इसी कड़ी में नया सत्र शुरू होने से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को रैगिंग मुक्त परिसर बनाने के लिए तय दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने को तो कहा ही है, व्हाट्सएप जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जूनियर छात्रों को वरिष्ठों द्वारा परेशान करने को भी रैगिंग की श्रेणी में रखा है। इसके लिए सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को वैसे अनौपचारिक व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने के लिए कहा है, जिनका इस्तेमाल नये छात्रों को डराने या उन्हें अपमानित करने के लिए किया जाता है। आयोग के मुताबिक, अक्सर वरिष्ठ छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाते हैं, जूनियर छात्रों को उनसे जोड़ते हैं, फिर उनका मानसिक उत्पीड़न करते हैं। यह भी रैगिंग की श्रेणी में आता है, लिहाजा ऐसे मामले में अब रैगिंग विरोधी नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी। हर साल सीनियर छात्रों द्वारा नये छात्रों को परेशान करने की शिकायतें मिलती रहती हैं जिनमें व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये गालियां देना, ताने कसना, हुक्म देना और नियम न मानने पर धमकी देना आदि शामिल हैं। इसके अलावा वरिष्ठों के निर्देशों का पालन न करने पर जूनियर छात्रों के सामाजिक बहिष्कार की धमकी दी गयी थी। उन्हें अपने बाल कटवाने के लिए या देर तक जागते रहने के लिए मजबूर करना या मौखिक रूप से उनको अपमानित करना भी रैगिंग की गतिविधियों में शामिल है। बार-बार परिचय बताने के लिए कहना भी रैगिंग है। ऐसे कृत्य शारीरिक और मानसिक कष्ट का कारण बनते हैं, जिससे कई बार जूनियर छात्र अवसाद में चले जाते हैं। आयोग का कहना है कि ऐसे क्रियाकलाप रैगिंग विरोधी नियमों का गंभीर उल्लंघन और पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा रैगिंग विरोधी मानदंडों को लागू न करने पर द्वारा अनुदान रोकने समेत सख्त कार्रवाई की जा सकती है। अपने नवीनतम निर्देश में उसने दोटूक कहा है कि परिसर में छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें कोई समझौता नहीं किया जा सकता।



## काँव-काँव



♦♦♦

**एनसीईआरटी की किताबों में मुगल शासक क्रूर**
कसम से, कोरोनाकाल का समय याद आ गया!

**किसी बूथ पर नहीं होंगे बारह सौ से ज्यादा वोटर**
महाराष्ट्र में वोटरों से भी ज्यादा वोटिंग हो गयी!

**यूपी में विशिष्ट वन स्थापित करने की योजना**
इन विशिष्ट वनों में विशिष्ट जन ही जा पायेंगे?


**कैबिनेट बैठक में शुभांशु के लिये प्रस्ताव पारित**
अब चुनावों में पार्टी टिकट देना ही बाकी रहा!

**यूपी के कई जनपदों में गहरा गया बाढ़ का खतरा**
कांवड़ यात्रियों को दी जाये हैलिकॉप्टर सुविधा!

**जम्मू कश्मीर को बनाया जाये पूर्ण राज्य-कांग्रेस**
प्रस्ताव आते ही विरोध होने की अग्रिम गारंटी है!

♦♦♦

# धर्म परिवर्तन का पूरा जाल है देश में



**-अशोक भाटिया**

उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने कुछ समय पूर्व बलरामपुर में जलालुद्दीन उर्फ छांगूर बाबा द्वारा चलाए जा रहे 100 करोड़ रुपये के इस्लामिक धर्मांतरण रैकेट का पर्दाफाश किया था और उसकी आगे की जाँच में देश में उसके कई गुर्गे धरे जा रहे है । गैर-मुस्लिमों, विशेष रूप से हिंदू लड़कियों को रोमांटिक रिश्तों, बल या प्रलोभन के माध्यम से धर्मांतरण के लिए लुभाने वाला यह जिहादी रैकेट पहला ऐसा मामला नहीं है; बल्कि, यह अभी तक एक और खिलाड़ी है जो प्रेम जाल, यौन जबरदस्ती, ब्लैकमेल, और विदेशी फंडिंग की एक भयावह प्लेबुक को अंजाम दे रहा है, हिंदुओं को निशाना बना रहा है और इस्लाम में परिवर्तित कर रहा है। यहां तक कि इस्लामो-वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र इस कथा को स्थापित करने पर तुला हुआ है कि लव जिहाद एक भाजपा-नियोजित षड्यंत्र सिद्धांत है, धोखा और %इस्लामोफोबिया% का एक और रूप है, विभिन्न इस्लामी संगठनों द्वारा प्रेम, हेरफेर, जबरदस्ती और वित्तीय प्रोत्साहनों के माध्यम से धर्मांतरण के लिए हिंदू महिलाओं को लक्षित करने का एक व्यवस्थित ऑपरेशन किया जा रहा है।जहां एक मुस्लिम युवक को युवा लड़कियों को परेशान करने के लिए हिंदू मंदिर के अंदर थप्पड़ मारा जाना बड़े भारतीय और विदेशी अखबारों में सुर्खियां बटोरता है, वहीं हिंदू नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाने वाले जिहाद और इस्लामिक धर्मांतरण रैकेट के मामले भी खबर के लायक नहीं हैं। हालांकि, इस्लामी प्रभुत्व का दावा करने के अलावा जनसांख्यिकीय परिवर्तन लाने के आवर्ती पैटर्न और इस्लामवादी चाल को उजागर करने के लिए इस जिहादी विरोधी हिंदू साजिश के गंदे पानी में तल्लीन करना उचित है। बताया जाता है कि जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा हिंदू महिलाओं को लुभाने और उन्हें इस्लाम में परिवर्तित करने के लिए मुस्लिम पुरुषों को पैसे प्रदान करता था। मुस्लिम पुरुष अपनी पहचान नकली बनाते थे और हिंदू महिलाओं को निशाना बनाने के लिए हिंदू नामों का सहारा लेते थे। जलालुद्दीन इन मुस्लिम पुरुषों की हिंदू महिलाओं के साथ मुस्लिम विवाह (निकाह) करता था, जिन्हें वे बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करते थे। उसने और उसके गिरोह के कई सदस्यों ने कथित तौर पर लगभग 40 बार इस्लामी देशों की यात्रा की। जलालुद्दीन के गैंग के रडार पर हिंदू लड़कियां ही नहीं, हिंदू पुरुष भी रहे हैं। संचित नाम का एक हिंदू व्यक्ति, जो छांगुर बाबा के आवास पर स्वीपर के रूप में काम करता था, ने खुलासा किया कि जलालुद्दीन ने उसे और उसके परिवार को इस्लाम में परिवर्तित होने से इनकार करने के लिए प्रताड़ित किया। धमकियों और यातना के अलावा, जमालुद्दीन ने इस्लाम में धर्मांतरण के लिए अपने लक्ष्यों को वित्तीय प्रलोभन भी दिए। छांगुर बाबा से जुड़े एक अन्य मामले में, हरियाणा के फरीदाबाद में एक 15 वर्षीय हिंदू लड़की को उसके मुस्लिम पड़ोसियों आमिर हुसैन और उसकी बहन नेहा खान और बाद में छांगुर पीर के गिरोह के नियंत्रण वाले अन्य लोगों द्वारा बहला-फुसलाकर फंसाया गया और उसका यौन शोषण किया गया। उसकी हिंदू पहचान को व्यवस्थित रूप से मिटा दिया गया था, उसे नमाज अदा करने, मांस खाने, बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया गया था, और उसके दुर्व्यवहार को उसके कैदियों द्वारा ब्लैकमेल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए फिल्माया गया था।लखनऊ में, मानवी शर्मा नाम की एक हिंदू महिला को एक मुस्लिम व्यक्ति, मेराज अंसारी ने बहला-फुसलाकर %रुद्र शर्मा% के रूप में पेश किया। उसे कानपुर ले जाया गया, जबरन इस्लाम में परिवर्तित किया गया और जमालुद्दीन उर्फ छांगूर पीर की देखरेख में शादी कर दी गई। बाद में, उसे अश्लील वीडियो के साथ प्रताड़ित किया गया और ब्लैकमेल किया गया।बलरामपुर में, एक हिंदू व्यक्ति, हरजीत को छांगुर पीर और उसके सहयोगी अब्दुल मबदूद द्वारा परेशान किया गया, ब्लैकमेल किया गया और अंततः इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए मजबूर किया गया। नौकरी का लालच देकर फिर झूठे केस करने की धमकी देकर बाद में हिंदू धर्म में लौट आए।


2021 में वापस, उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने एक सामूहिक धर्मांतरण रैकेट का पर्दाफाश किया और मौलाना मोहम्मद उमर गौतम और उसके साथी मुफ्ती काजी जहांगीर को दिल्ली से गिरफ्तार किया, कथित तौर पर 1,000 से अधिक लोगों को इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया। इस्लामिक दावा सेंटर (आईडीसी) नाम का संगठन चलाने वाले दोनों और उनके अन्य सहयोगियों पर शादी, नौकरी और पैसे और मानसिक दबाव जैसे प्रलोभनों के माध्यम से लोगों के इस्लाम में सामूहिक धर्मांतरण का आरोप लगाया गया था।अपराधियों ने अलग-अलग विकलांग बच्चों को गैर-मुसलमानों से नफरत करने, इस्लाम स्वीकार करने के लिए ब्रेनवॉश किया और उन्हें आत्मघाती हमलावरों के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे, क्योंकि ऐसे बच्चों से प्रतिशोध की गुंजाइश सीमित है। एटीएस ने 31 गैर-मुस्लिम लड़कियों के नाम के साथ एक सूची बरामद की, जो उनके धर्मांतरण के जाल में फंस गईं, और इनमें से ज्यादातर लड़कियां ग्रामीण इलाकों की थीं। पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर एटीएस अधिकारियों को बताया कि गांवों में रहने वाली लड़कियों का ब्रेनवॉश करके इस्लाम कबूल करना आसान है। वे ज्यादातर अशिक्षित हैं और कम विशेषाधिकार प्राप्त परिवारों से संबंधित हैं। इसलिए उन्हें नौकरियों और वित्तीय सहायता का लालच देना आसान हो जाता है, जो कि उमर गौतम ने इस्लाम को गले लगाने के लिए अपने लक्ष्य को लुभाने के लिए किया था।यह बताया गया था कि मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी और मोहम्मद उमर गौतम द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण रैकेट में भारत के सबसे वांछित आतंकवादी और जमात-उद-दावा प्रमुख हाफिज सईद से फंडिंग थी। धर्मांतरण का यह रैकेट %मोटिवेशन कैंप% के तौर पर चलाया जा रहा था। इसके अलावा, इस्लामिक दावा सेंटर- उमर गौतम के संगठन के कुख्यात इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के सहयोगी के साथ संबंधों का भी पता चला है। यह भी सामने आया कि पाकिस्तान की आईएसआई भी इस धर्मांतरण रैकेट को फंडिंग कर रही थी।



जून 2025 में, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की एक नाबालिग लड़की को फंसाया गया और उसके गाँव से केरल लाया गया, जहाँ उसे इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया गया और आतंकवादी अभियानों के लिए भर्ती किया गया। प्रयागराज के फूलपुर इलाके में एक 15 वर्षीय दलित लड़की को बहला-फुसलाकर उसके गांव से ले जाया गया और फिर 19 वर्षीय कहकाशा बानो और 25 वर्षीय मोहम्मद कैफ द्वारा केरल ले जाया गया, जहां उसे इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए मजबूर किया गया और जिहाद की तैयारी के लिए मजबूर किया गया। चौंकाने वाला मामला 28 जून को तब सामने आया जब गुड्डी देवी ने बताया कि कहकशां उर्फ दरकाशा बानो नाम की एक स्थानीय महिला ने बेहतर अवसरों और पैसे के नाम पर उसकी बेटी को ले लिया। हिंदू दलित लड़की के साथ मोहम्मद कैफ ने भी छेड़छाड़ की थी।पुलिस को संदेह था कि हिंदू लड़कियों को इस्लाम में लुभाने और उन्हें जिहादी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षित करने के लिए एक अंतरराज्यीय जिहादी गठजोड़ चल रहा है। जून 2025 में, उत्तर प्रदेश के आगरा जिले की दो हिंदू बहनों का ब्रेनवॉश किया गया और उन्हें इस्लाम में परिवर्तित कर दिया गया।

## प्रेमचंद की कहानियां

### मृतक-भोज



दिल से एक कांटा दूर हुआ। और पट्टीदारों का तो पूछना ही क्या। अब वह पुरानी कसर निकालेंगे। हृदय को शीतल करने का ऐसा अवसर बहुत दिनों के बाद मिला है। आज पांचवां दिन है। वह विशाल भवन सूना पड़ा है। लड़के न रोते हैं, 2 हंसते हैं। मन मारे मां के पास बैठे हैं और विधवा भविष्य की अपार चिन्ताओं के भार से दबी हुई निर्जीव-सी पड़ी है। घर में जो रुपये बच रहे थे, वे दाह-क्रिया की भेंट हो गये और अभी सारे संस्कार बाकी पड़े हैं। भगवान, कैसे बेड़ा पार लगेगा। किसी ने द्वार पर आवाज दी। महरा ने आकर सेठ धनीराम के आने की सूचना दी। दोनों बालक बाहर दौड़े। सुशीला का मन भी एक क्षण के लिए हरा हो गया। सेठ धनीराम बिरादरी के सरपंच थे। अबला का क्षुब्ध हृदय सेठजी को इस कृपा से पुलकित हो उठा। आखिर बिरादरी के मुखिया हैं। ये लोग अनाथों की खोज-खबर न लें तो कौन ले। धन्य हैं ये पुण्यात्मा लोग जो मुसीबत में दोने की रक्षा करते हैं। यह सोचती हुई सुशीला घूंघट निकाले बरोठे में आकर खड़ी हो गयी। देखा तो धनीरामजी के अतिरिक्त और भी कई सज्जन खड़े हैं। धनीराम बोले-वहूजी, भाई रामनाथ की अकाल मृत्यु से हम लोगों को दुःख हुआ है, वह हमारा दिल ही जानता है। अभी उनकी उम्र ही क्या थी; लेकिन भगवन् की इच्छा। अब तो हमारा यही धर्म है कि ईश्वर पर भरोसा रखें और आगे के लिए कोई राह निकालें। काम ऐसा करना चाहिए कि घर की आबरू भी बनी रहे और भाईजी की आत्मा संतुष्ट भी हो। कुबेरदास ने सुशीला को कनखियों से देखते हुए कहा- मर्यादा बड़ी चीज है। उसकी रक्षा करना हमारा धर्म है। लेकिन कमली के बाहर पांव निकालना भी तो उचित नहीं है। कितने रुपये हैं तेरे पास, बहू? क्या कहा, कुछ नहीं? गये। सुशीला-घर में रुपये कहां हैं, सेठजी ! जो थोड़े-बहुत थे, वह बीमारी में उठ धनीराम - तो यह नयी समस्या खडी हई।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्त्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।**

इस संसार में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए (ब्राह्मणों के सामने विनम्र)तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं (गर्वित रहते हैं), उनका कभी उद्धार नहीं होता।

♦♦♦

# श्रावण : प्रकृति स्वयं करती है शिव का अभिषेक



**- राजीव आचार्य**
**ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री**

ग्रीष्म की कहर बरसाती धूप में झुलसी हुई प्रकृति श्रावण में अपना कंठ तृप्त करती है, धरती हरे परिधान में नाच उठती है और भक्ति रस में डूबे कांवरिये जोर से कह उठते हैं- बम बम भोले । यद्यपि पर्यावरण और पारिस्थितिकी चक्र में सभी ऋतुओं का अपना-अपना विशेष महत्व है। लेकिन, यदि अध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो सनातन धर्म में श्रावण का अलग ही महत्व है। हिंदू वर्ष के अनुसार श्रावण वर्ष का पाँचवा माह है। इस माह को देवाधिदेव महादेव को समर्पित माना जाता है।

**कैसे पड़ा नाम** -वैसे तो इस प्रश्न का कोई प्रामाणिक उत्तर उपलब्ध नही है लेकिन जो सबसे समीप का तार्किक उत्तर उपलब्ध है वो ये है, कि आषा? के बाद श्रावण को तभी शुरू हुआ माना जाता है जब चंद्रमा श्रवण नक्षत्र में प्रवेश करता है। इस कारण इसे श्रावण ही बुलाया जाने लगा। ये माह भगवान शिव को समर्पित है और चंद्रमा भगवान शिव की जटा पर विराजते हैं, इसलिए श्रावण को इतना अधिक महत्वपूर्ण ऋतु बनाने में चंद्रमा का विशेष योगदान है।

**श्रावण में चंद्रमा का योगदान**

श्रावण और चंद्रमा की बात की जाए तो ये ठीक वैसे ही है जैसे काया और आत्मा। यदि श्रावण काया है तो चंद्रमा उसकी आत्मा। धार्मिक दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चंद्रमा महादेव को अत्यंत प्रिय हैं और उनके मस्तक पर विराजते हैं, इसलिए मान्यता है कि श्रावण में महादेव के साथ-साथ चंद्रमा की पूजा करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिल जाती है । ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्रमा को मन का कारक माना गया है, अर्थात चंद्रमा को शांति, प्रेम-स्नेह भावनाओं और शीतलता का प्रतीक माना जाता है। साथ ही, चंद्रमा शिव को भी अत्यंत प्रिय हैं, इसलिए इनका धार्मिक महत्व अपने आप ही बढ़ जाता है। चंद्रमा के श्रवण नक्षत्र में होने और श्रवण नक्षत्र का स्वामी होने के कारण शांति स्नेह पूजा पाठ ज्ञान-ध्यान पूरे श्रावण माह की शोभा बढ़ाता है।

**मान्यताएँ और कथाएं** -वैसे तो श्रावण माह से जुड़ी अनेक मान्यताएं और कथाएं प्रचलित हैं, यानी जितनी मुँह उतनी बातें जैसी स्थिति है और उन सभी को संकलित करना भी असंभव सा है कुछ पौराणिक मान्यताओं की बात करें तो निम्न को प्रमुख माना जाता है -

**समुद्र मंथन** - समुद्र मंथन के बारे में माना जाता है, कि यह श्रावण माह में ही हुआ था। शिव पुराण के अनुसार मंथन में अन्य पदार्थों के साथ-साथ महा विकट हालाहल विष भी उत्पन्न हुआ था, जिससे सृष्टि को भयावह खतरा हो सकता था, सृष्टि को इस भयावह खतरे से बचाने के लिए महादेव ने इस विष को पी लिया। इस विष के कारण महादेव का कंठ नीला पड़ गया और इस प्रकार महादेव की स्तुति नीलकंठ नाम से भी जाती है। हलाहल विष के प्रभाव से महादेव की काया में हजारों ज्वालामुखी के समान ताप उत्पन्न होने लगा और महादेव भी विचलित होने लगे, तब उनको आराम पहुँचाने के उद्देश्य से देवताओ ने जल से उनका जलाभिषेक किया। आज भी देश भर में होने वाली काँवड़ यात्रा इसी जलाभिषेक का प्रतीक है।

**मधुश्रावणी** - यह मैथिल ब्राह्मण महिलाओं में लोकप्रिय आस्था और पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए प्रसिद्ध त्योहार है। ऐसा माना जाता है कि देवी पार्वती ने सबसे पहले मधुश्रावणी पूजा का व्रत रखा था और अपने सभी जन्मों में भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने की तपस्या की थी । पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह त्यौहार तपस्या की तरह है। मधुश्रावणी मुख्य रूप से बिहार के मिथिला क्षेत्र में प्रचलित त्योहार है।



सुहागन स्त्रियां इस व्रत के प्रति गहरी आस्था रखती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत पूजन से वैवाहिक जीवन में स्नेह और सुहाग बना रहता है। मधुश्रावणी व्रत को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह और उमंग नवविवाहिता कन्याओं में देखने को मिलता है।

सोलह सोमवार के व्रत की कथा

पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव को वर के रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने श्रावण माह में ही कठोर तप किया था। उनकी इस भक्ति और कठोर साधना से प्रसन्न होकर महादेव ने उनको पत्नी रूप में स्वीकार किया था। इसी कारण अविवाहित कन्याएँ सुयोग्य वर पाने के लिए श्रावण माह में सोमवार का व्रत रखती हैं ।सोलह सोमवार व्रत कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक साहूकार थे जिनकी कोई संतान नही थी, साहूकार महादेव के परम भक्त थे उन्होंने संतान प्राप्ति की मनोकामना के साथ पूरी नियम और निष्ठा के साथ महादेव की अराधना की । उनकी साधना से प्रसन्न होकर माता पार्वती ने महादेव से आग्रह किया कि वो उस साहूकार की मनोकामना को पूरी करें और थो? ही समय बाद साहूकार को एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। इस प्रकार की कई अन्य प्राचीन कथाएँ प्रचलित हैं जिसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि मनोकामना पूर्ति के लिए माता पार्वती और भोले नाथ को प्रसन्न करने के लिए सोलह सोमवार का व्रत रखा जाता है। वैसे तो श्रावण माह में पहले सोमवार से इस व्रत को शुरू करना अधिक फलदाई माना जाता है लेकिन यदि किसी कारण से श्रावण माह में व्रत शुरू न हो पाए तो इस व्रत को किसी भी माह के शुक्ल पक्ष में आने वाले सोमवार से शुरू किया जा सकता है।

**देवशयनी एकादशी और सृष्टि का प्रभार** -देवशयनी एकादशी, जिसे हरिशयनी एकादशी या पद्मा एकादशी भी कहा जाता है, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु महादेव को सृष्टि संचालन का प्रभार देकर चार महीने (श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक) के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं, जिसे चातुर्मास कहा जाता है। इस अवधि में सृष्टि का संचालन भगवान शिव के हाथों में होता है। यहाँ ध्यान देने की बात ये है कि चातुर्मास में श्रावण माह भी आ जाता है, यानी श्रावण में सृष्टि का संचालन भगवान शिव के हाथों में होता है कई कारणों में से यह भी एक कारण है कि श्रावण माह को शिव को समर्पित माह माना जाता है। देवशयनी एकादशी की एक प्रमुख कथा शंखासुर नामक राक्षस की है, जिसने तीनों लोकों में उत्पात मचा रखा था, उससे तंग आकर सभी देवी देवताओं ने भगवान विष्णु से आग्रह किया कि वो शंखासुर से तीनों लोकों की रक्षा करें। भगवान विष्णु ने इस आग्रह को स्वीकार किया जिसके बाद भगवान विष्णु और शंखासुर के मध्य भीषण युद्ध हुआ जो कई वर्षों तक चलता रहा। अंततः भगवान विष्णु ने शंखासुर का वध कर दिया और चार माह विश्राम करने के लिए क्षीर सागर चले गए। परिवर्तन सृष्टि का नियम है, स्थिति और परिस्थिति जो भी हो परिवर्तन अवश्यमभावी है। लेकिन जैसे हर तथ्य का अपवाद होता है वैसे ही यदि परिवर्तन के इस नियम के अपवाद की बात करें तो वो शायद श्रावण का धार्मिक महत्व ही होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### मातृ-भक्ति

भारतीय जन-समुदाय चाणक्य के नाम को भलीभांति जानते हैं। वह बड़े कठोर राजनीतिज्ञ थे। लोकनीति के आचार्य थे। उनकी मां की इच्छा थी कि वह संसार के बहुत बड़े आदमी बनें और इसके लिए वह उन्हें नसीहत देती रहती थी।

एक दिन चाणक्य के घर कोई ज्योतिषी आय। चाणक्य कहीं बाहर गये थे। मां ने ज्योतिषी को अपने पुत्र की जन्मपत्री दिखाई और उनके भविष्य के बारे में पूछा। ज्योतिषी ने जन्मपत्री देखकर कहा, मां, तेरे पुत्र के ग्रह बड़े ही प्रबल हैं। आजतक ऐसी जन्मपत्री मेरे देखने में नहीं आई। तेरा बेटा एक दिन चक्रवर्ती सम्राट बनेगा। यदि मेरी बात का विश्वास न हो तो देख लेना, उसके सामने के दांत पर नागराज का निशान है।

ज्योतिषी की यह भविष्यवाणी सुनकर मां अवाक रह गई। वह अपने बेटे को बेहद प्यार करती थी और हर घड़ी अपने पास रखना चाहती थी, चक्रवर्ती सम्राट होने पर तो वह उससे बिछुड़ जायगा! राजकाज में इतना लीन हो जायगा कि उसे मेरा ध्यान ही नहीं रहेगा! अपनी बात कहकर ज्योतिषी तो चला गया, पर मां सोच में पड़ गई। हाय, आगे क्या होगा ?

थोड़ी देर में चाणक्य लौटे तो मां को उदास पाया। बोले, मां क्या बात है ?

मां ने उन्हें सारी बात बता दी और अंत में अवरुद्ध कण्ठ से कहा, मैं जानती हूं, तू चकवर्ती सम्राट बनकर मुझे भूल जायगा। बेटा, मेरे लिए तेरे पास समय ही कहां रहेगा ?

चाणक्य विचलित हो गये। बोले, मां, ऐसा नहीं होगा। पर तुम कैसे कहती हो कि मैं चक्रवर्ती सम्राट बनूंगा। मां ने कहा, देख, तेरे सामने के दांत पर नाग का चिन्ह है।

चाणक्य ने आइने में देखा तो मां की बात सही थी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। एकान्त में जाकर पत्थर से उस दांत को निकाल दिया। फिर मां के सामने उसे रखते हुए बोले, यह ले मां, तेरे सामने मेरे लिए चक्रवर्ती सम्राट के पद का कोई मूल्य नहीं है।

## आपका पत्र मिला

### ईमानदार राजनीति से ही बचेगा लोकतंत्र

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया जितनी जटिल और व्यापक है, उतनी ही पारदर्शिता और कड़ी मेहनत की मांग भी करती है। करोड़ों मतदाता, हजारों प्रत्याशी, और चुनावों की बारंबारता इसे दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद बनाती है। इसके बावजूद विपक्षी दल जब-तब यह आरोप लगाते हैं कि संविधान खतरे में है, तो यह न केवल भ्रम फैलाने की कोशिश होती है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली भी होती है। संविधान में संशोधन और उसके मूल ढांचे को नष्ट करने में बुनियादी फर्क है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती केस में स्पष्ट किया है। संसद संशोधन कर सकती है, परंतु मूल ढांचे से छेड़छाड़ नहीं। इसके बावजूद संविधान की प्रति लहराकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जाता है। विडंबना यह है कि जो नेता आज संविधान की दुहाई देते हैं, वे स्वयं कभी-कभी कानून की अवहेलना करते देखे जाते हैं। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस सहित कई दलों ने सत्ता में रहते हुए संविधान में अपने हितों के अनुसार परिवर्तन किए हैं। आज का मतदाता पहले जैसा नहीं है। वह सोशल मीडिया के जरिए सूचनाओं से लैस है, विचारशील है और झूठ-फरेब की राजनीति को पहचानता है। ऐसे में विपक्ष का यह बार-बार का राग कि लोकतंत्र खतरे में है, उल्टा उसी की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है। जब कोई दल बार-बार संवैधानिक संस्थाओं जैसे चुनाव आयोग को ही कठघरे में खड़ा करता है, तो यह उसकी हताशा और पराजय की मनोस्थिति को दर्शाता है। लोकतंत्र को बचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी ईमानदार राजनीति और जागरूक मतदाता पर ही है न कि खोई हुई सत्ता की भूख में लगे नारों पर!

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# स्वस्थ रहने में मददगार है योग

क्या आपको दिनभर थका हुआ महसूस होता है या शरीर काफी अकड़ा हुआ लगता है, जिसकी वजह से कंधों, कमर आदि में दर्द रहता है? अगर हां, तो जरूरी है कि आप एक हेल्दी मॉर्निंग रुटीन फॉलो करें। आप सोच रहे होंगे कि इन सभी का इससे क्या लेना देना है, तो आपको बता दें कि आपकी सुबह की दिनचर्या आपके पूरे दिन को प्रभावित करती है। इससे आपके मूड, प्रोडक्टिविटी और सेहत तीनों पर काफी असर पड़ता है। इसलिए आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताने वाले हैं, जिसे अपने मॉर्निंग रुटीन में शामिल करके बेहतर फोकस, अच्छा मूड और ज्यादा प्रोडक्टिविटी का एहसास कर पाएंगे।

हम बात कर रहे हैं योग की। रोजाना सुबह योग करने से आप दिनभर एक्टिव महसूस करते हैं और आपकी सेहत भी दुरुस्त रहती है। तो अगर आप भी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहते हैं, तो आइए जानते हैं सुबह के समय आप किन योगासनों को आसानी से कर सकते हैं।

ये योगासन करने में आसान हैं और इनके फायदे लाजवाब हैं। इसलिए अगर आपने पहले कभी योग नहीं भी किया है, तो भी आसानी -से इन आसनों को कर पाएंगे। आइए जानते हैं कैसे करें ये योगासन।

### बालासन

सुबह के समय इस आसान को करने से आपकी कमर और हिप्स की मांसपेशियां खुलती हैं। साथ ही, इस आसन से गर्दन और सिर का ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। ये पाचन को भी बेहतर बनाने में मदद करता है।

**कैसे करें?**

सबसे पहले जमीन पर चटाई बिछाएं और उस पर अपने दोनों हाथों और घुटनों के बल खड़े हो जाएं। अब अपने दोनों पैरों के अंगूठे को आपस में चिपकाएं और अपने घुटनों को दूर करें। अब अपने हाथों को आगे की तरफ फैलाएं और गहरी लंबी सांस लेते हुए नीचे की ओर झुकें। 60 सेकंड तक इस आसन में रहें और इसके बाद धीरे-धीरे सामान्य पोजीशन में आ जाएं।



### भुजंगासन

इस आसन से आपकी छाती, कंधे, हाथ और पेट की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। साथ ही, इस आसन से रीढ़ की हड्डी भी लचीली बनती है और ये आसान मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए जमीन पर चटाई बिछाएं और पेट के बल लेट जाएं। अपने हाथों को कंधों को बराबरी में रखें और पैरों के बीच भी इतनी ही दूरी लाएं। अब गहरी सांस भरते हुए, अपने हाथों पर बल देकर ऊपर की ओर उठें। इस दौरान अपने सीने को जमीन से ऊपर उठाएं और कंधों को पीछे की ओर धकेलें।

इस आसन में 30 सेकंड रुकें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य पोजीशन में लौट आएं।



### अधोमुख स्वानासन

इस आसन को करने से पीठ की मांसपेशियां, हाथ और पैरों को मजबूती मिलती है। साथ ही, ये ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है और तनाव कम करने में मदद करता है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए चटाई पर अपने हाथों और घुटनों के बल खड़े हो जाएं। अब गहरी सांस लेते हुए अपने घुटनों को जमीन से ऊपर उठाएं और अपनी पीठ को सीधी करने की कोशिश करें। इस दौरान अपने सिर को हाथों के बीच रखें। 30 सेकंड तक इस आसन में रहें और फिर रिलैक्स हो जाएं।



### मार्जरी आसन

इस आसन से रीढ़ की हड्डी फ्लेक्सीबल बनती है और बॉडी पोश्चर में सुधार होता है। साथ ही, ये आसन पाचन को बेहतर बनाता है और स्ट्रेस कम करने में भी मददगार है।

**कैसे करें?**

इस आसन को करने के लिए अपने हाथों और घुटनों के बल जमीन पर खड़े हो जाएं। अब सांस छोड़ते हुए अपनी पीठ को ऊपर की तरफ ले जाएं और सिर को छाती की तरफ झुकाएं। इसके बाद सांस लेते हुए अपनी पीठ को नीचे की तरफ लाएं और पेट को जमीन की तरफ झुकाएं। 30 सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं और फिर रिलैक्स हो जाएं।



# कंट्रोल में रखना है अपना ब्लड शुगर तो वर्कआउट के समय का रखें ध्यान



स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार के साथ एक्टिव लाइफस्टाइल और नियमित वर्कआउट बहुत जरूरी है। बात अगर डायबिटीक व्यक्ति की हो, तो एक्सरसाइज और वर्कआउट और भी जरूरी हो जाता है। डायबिटीक व्यक्ति को शुगर लेवल संतुलित रखने के लिए अपनी लाइफस्टाइल में कुछ अन्य बदलाव करने चाहिए, जिससे शुगर स्पाइक न हो और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं न शुरू हो जाएं।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि वर्कआउट के समय के अनुसार भी ब्लड शुगर लेवल प्रभावित होता है! हम किस समय खा रहे हैं, इसका शुगर लेवल पर तो प्रभाव पड़ता ही है, लेकिन एक्सरसाइज के समय से भी शुगर लेवल प्रभावित होता है। ऐसा हम नहीं, बल्कि हाल ही में आई एक स्टडी में सामने आया है। हाल ही में हुए एक शोध के अनुसार दोपहर या शाम के समय वर्कआउट करने से शुगर लेवल तेजी से कम होता है। आइए जानते हैं इस स्टडी के बारे में विस्तार में-

**क्या कहती है स्टडी?**

जर्नल डायबिटोल्जिया में छपी एक स्टडी के अनुसार सुबह की तुलना में दोपहर और शाम में वर्कआउट करने से इंसुलिन रेजिस्टेंस 25% तक अधिक कम होता है। इस स्टडी में ये भी पाया गया कि मध्यम से तीव्र इंटेंसिटी के वर्कआउट करने से इंसुलिन रेजिस्टेंस के साथ फैटी लिवर की समस्या से भी राहत मिलती है।

**क्या है इंसुलिन रेजिस्टेंस?**

इंसुलिन पैंक्रियाज में बनने वाला एक हार्मोन है। ये ग्लूकोज या ब्लड शुगर को शरीर की कोशिकाओं तक जाने में मदद करता है जहां ये एनर्जी के रूप में बदल दिए जाते हैं। इंसुलिन रेजिस्टेंस तब होता है, जब शरीर में मौजूद सेल्स इंसुलिन के प्रति अपनी प्रतिक्रिया नहीं देती हैं और इनसे ग्लूकोज नहीं लेती हैं।

अगर इंसुलिन रेजिस्टेंस हाई है, तो इसका मतलब ये हुआ कि पैंक्रियाज को और इंसुलिन बनाने के लिए अधिक मेहनत करना होगा, जिससे ग्लूकोज शरीर की कोशिकाओं में प्रवेश कर सकें। इंसुलिन रेजिस्टेंस हाई होने से प्री-डायबिटीज या टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। बढ़ती उम्र, मोटापा या जेनेटिक कारणों से भी ये हाई हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

इसलिए शारीरिक गतिविधि से ब्लड शुगर और ग्लूकोज का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे इंसुलिन रेजिस्टेंस को कम किया जा सके। हालांकि, नए शोध और रिसर्च के बाद जब यह बात सामने आई है कि वर्कआउट के समय का भी ब्लड शुगर लेवल पर असर पड़ता है, तो बेहतर होगा कि हम वर्कआउट दोपहर से शाम के समय में ही करें, जब इंसुलिन रेजिस्टेंस कम होने की संभावना अधिक हो।

## दही में चीनी मिलाना सही है या फिर नमक

अगर आप भी यह जानना चाहते हैं कि दही को चीनी के साथ खाना ज्यादा बेहतर है या फिर दही के साथ, तो ये आर्टिकल आप ही के लिए है। जाहिर तौर पर स्वाद में हर किसी की पसंद अलग होती है, लेकिन जब बात सेहत की आती है, तो कोई भी नुकसान नहीं उठाना चाहता है। तो चलिए बिना देर किए इस आर्टिकल में जान लीजिए कि दोनों में से दही खाने का कौन-सा तरीका ज्यादा बढ़िया है।

**दही के साथ नमक :** अगर आप डायबिटीज से ग्रसित हैं, तो आपको दही के साथ चीनी का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। ऐसे में, नमक ही ज्यादा बेहतर विकल्प होता है, लेकिन ध्यान रहे कि यह हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसके अलावा नमक कई एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं, लेकिन अगर इसे दही में डाला जाए, तो इससे दही में मौजूद गुड बैक्टीरिया भी काफी हद तक खत्म हो जाते हैं। साथ ही, नमक वाले दही का ज्यादा सेवन करने से हाइपरटेंशन की समस्या भी हो सकती है, इसलिए इन दोनों चीजों के मेल को अच्छा समझना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। दही के साथ चीनी : दही में चीनी डालकर खाना पाचन तंत्र के लिहाज से अच्छा रहता है। इससे दही में पाए जाने वाले गुड बैक्टीरिया खत्म नहीं होते हैं और यह पेट की जलन को भी शांत करता है।

# रोजाना सुबह पिएं तुलसी का पानी
## तनाव और दिल को रखेगा दुरुस्त

रोज सुबह तुलसी का पानी पीने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं। तुलसी एक आयुर्वेदिक औषधि है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद है। तुलसी के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल, एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व होते हैं। तुलसी की पत्तियों का सेवन वैसे तो आप सीधेतौर पर कर सकते हैं, लेकिन रोज सुबह इसके पानी का सेवन और भी ज्यादा फायदा पहुंचाता हैं। चलिए इसी के साथ हम आपको बताते हैं इसे पीने के कुछ लाभ के बारे में और बनाने का तरीका -

**इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाना**

तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।यह बैक्टीरिया और वायरस के खिलाफ शरीर की रक्षा करता है और संक्रमण से बचाता है।

**हेल्दी पाचन**

तुलसी का पानी पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है। यह पेट के गैस, सूजन और कब्ज को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, यह एसिडिटी और हृदयाघात के जोखिम को भी कम कर सकता है।

**वज़न नियंत्रण**

तुलसी के पानी में मेटाबॉलिज़्म को तेज करने के गुण होते हैं।यह वज़न घटाने में सहायक हो सकता है और शरीर की चर्बी को कम करने में मदद करता है।



**तनाव और चिंता को कम करना**

तुलसी एक प्राकृतिक तनाव नाशक है। यह मानसिक तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है और मस्तिष्क को शांत करता है।

**सफेद दांत और स्वस्थ मसूड़े**

तुलसी के पानी का सेवन दांतों और मसूड़ों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक हो सकता है। इसमें एंटीसेप्टिक और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो मौखिक स्वास्थ्य को सुधारते हैं।

**डिटॉक्सिफिकेशन**

तुलसी के पानी से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं।यह शरीर की डिटॉक्सिफिकेशन प्रक्रिया को सहायता प्रदान करता है और किडनी और लिवर को साफ करता है।

**दिल के स्वास्थ्य को बनाए रखना**

तुलसी का पानी हृदय की सेहत को बढ़ावा देता है।इसमें कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करने के गुण होते हैं, जिससे हृदय रोगों का जोखिम कम होता है।

**स्किन की चमक बढ़ाना**

तुलसी के पानी का सेवन त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।इसके एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा के निखार को बढ़ाते हैं और उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करते हैं।

**श्वसन समस्याओं में राहत**

तुलसी के पानी का सेवन श्वसन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। यह खांसी, जुकाम और सांस की समस्याओं को कम करने में सहायक होता है।

# शाकाहारी लोगों के लिए अच्छा है हाई प्रोटीन से भरपूर आहार

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है ये तो हम सब जानते हैं। यह एक प्रमुख पोषक तत्व है जो हमारे शरीर के विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। हमारी मांसपेशियों, हड्डियों, त्वचा और बालों के लिए, शारीरिक एनर्जी के लिए, इम्यून सिस्टम मजबूत बनाने, मेटाबॉलिज्म के स्तर को बढ़ाने, ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए प्रोटीन बहुत अहम रोल निभाता है। यह एंटीबॉडीज बनाने में मदद करता है, जो शरीर को बीमारियों और संक्रमणों से लड़ने में सहायता करते हैं इसलिए डाइट में प्रोटीन होना बहुत जरूरी है। प्रोटीन हमें मांसाहारी और शाकाहारी दोनों ही तरह के आहारों से प्राप्त होता है जो लोग वेजिटेरियन हैं उन्हें प्रोटीन किन किन आहारों से मिलेगा आइए जानते हैं। **दालें और फलियां में होता है हाई प्रोटीन –** **मसूर दाल :** प्रोटीन, फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर, पकी हुई एक कप में लगभग 18 ग्राम प्रोटीन होता है।

**चने :** जिसे काबुली चना भी कहा जाता है, इसमें पकी हुई एक कप में लगभग 15 ग्राम प्रोटीन होता है।

**काले बीन्स :** पकी हुई एक कप में लगभग 15 ग्राम प्रोटीन होता है।

**राजमा :** पकी हुई एक कप में लगभग 13 ग्राम प्रोटीन होता है।

**मटर :** एक कप पकी हुई मटर में लगभग 9 ग्राम प्रोटीन होता है।

सोयाबीन से बनी चीजों भी प्रोटीन

**टोफू :** सोयाबीन से बना, 100 ग्राम में लगभग 10 ग्राम प्रोटीन होता है।

**टेम्पेह :** किण्वित सोयाबीन, 100 ग्राम में लगभग 19 ग्राम प्रोटीन होता है। **एडामामे :** कच्चे सोयाबीन, पकी हुई एक कप में लगभग 18 ग्राम प्रोटीन होता है।

**सोया दूध :** एक कप में लगभग 7 ग्राम प्रोटीन होता है। दूध और दूध से बनी चीजों में भी हाई प्रोटीन 1 कप (240 मिलीलीटर) गाय के दूध में लगभग 8 ग्राम प्रोटीन होता है हालाँकि यह मात्रा दूध के प्रकार पर भी निर्भर करती है।

**ग्रीक योगर्ट :** 100 ग्राम में लगभग 10 ग्राम प्रोटीन होता है।

**पनीर (कॉटेज चीज) :** 100 ग्राम में लगभग 11 ग्राम प्रोटीन होता है। **पनीर :** भारतीय पनीर, 100 ग्राम में लगभग 18 ग्राम प्रोटीन होता है।

**हरी सब्जियों में भी मिलेगा प्रोटीन –**

**पालक :** पकी हुई एक कप में लगभग 5 ग्राम प्रोटीन होता है।

**ब्रोकली :** पकी हुई एक कप में लगभग 4 ग्राम प्रोटीन होता है।

**ब्रसल स्प्राउट्स :** पकी हुई एक कप में लगभग 4 ग्राम प्रोटीन होता है।

**नट्स से भी मिलेगा आपको भरपूर प्रोटीन–**

**बादाम :** 28 ग्राम (लगभग 23 बादाम) में लगभग 6 ग्राम प्रोटीन होता है।



**मूंगफली :** 28 ग्राम में लगभग 7 ग्राम प्रोटीन होता है। **कद्दू के बीज :** 28 ग्राम में लगभग 9 ग्राम प्रोटीन होता है। **चिया बीज :** 28 ग्राम में लगभग 4 ग्राम प्रोटीन होता है। **हेम्प बीज :** 28 ग्राम में लगभग 10 ग्राम प्रोटीन होता है।

# ज्यादा फोन का इस्तेमाल बना सकता है आपको फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम का शिकार

फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम होने पर व्यक्ति को ऐसा महसूस होता है जैसे उसका फोन या कोई अन्य गैजेट वाइब्रेट कर रहा है, जबकि असल में ऐसा नहीं होता है, न तो कोई कॉल आ रही होती है, न ही मैसेज और न ही कोई नोटिफिकेशन। यह सिंड्रोम अक्सर उन लोगों को होता है, जो फोन या दूसरे गैजेट्स का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। वैसे तो इस स्थिति को ''सिंड्रोम'' कहते हैं, लेकिन यह कोई मेडिकल बीमारी नहीं है, यह केवल कई लोगों को होने वाला बस एक कनफ्यूजिंग एहसास है। इसे लेकर हमने गुरुग्राम के मनीपाल हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. अपूर्व शर्मा से बात की। जिन्होंने कई जरूरी बातें बताई। आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से।

**क्यों होता है फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम?**

फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम कई कारणों से हो सकता है, जिनमें से कुछ निम्नलिखित है-

**आदत**

हमारे दिमाग को फोन से मिलने वाले नोटिफिकेशंस और वायब्रेशंस की आदत पड़ जाती है। दिमाग उनकी अपेक्षा करना सीख लेता है और कभी-कभी यह दूसरी संवेदनाओं को भी वाइब्रेशन समझकर रिएक्ट करने लगता है।

**चिंता**

हमेशा ऑनलाइन रहना एक लत की तरह होता है। यह लत एक चिंता बन जाती है और वायब्रेशंस के प्रति हमारे सेंसेज को सेट करने लगती है, यह खासकर तब ज्यादा होता है, जब हमें किसी जरूरी कॉल या मैसेज का इंतजार रहता है।

**पीवीएस कितना फैला हुआ है?**

रिसर्च में सामने आया है कि मोबाइल का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करने वाले 89% लोगों को कभी न कभी फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम होता है।

**फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम के नुकसान**

फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम से नुकसान तो कोई नहीं है, पर इससे कई तरह की परेशानियां होती हैं। अगर आपको अक्सर वाइब्रेशन महसूस हो रहा है, तो इससे क्लियर है कि आप अपने फोन के साथ बहुत ज्यादा समय गुजार रहे हैं। जो तनाव और एंग्जाइटी की वजह बन सकता है। अप्रत्यक्ष रूप से फोन की लत शारीरिक रूप से भी नुकसानदेह है। दिन भर बैठकर फोन चलाने से मोटापा, डायबिटीज जैसी कई बीमारियों का शिकार हो सकते हैं।

**फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम को कैसे नियंत्रित करें?**

**फोन पर कम समय बिताएं**

फोन से पूरी तरह दूर नहीं रहा जा सकता है, पर उसके साथ कम समय बिताना बिल्कुल पॉसिबल है। मैसेज और अपडेट देखने का टाइम तय करें। इससे पूरे दिन फोन में घुसे रहने की आदत धीरे-धीरे कम होने लगेगी।

**नोटिफिकेशंस को एडजस्ट करें**

काम के बाद फोन को वाईब्रेशन या साइलेंट मोड में डाल दें। फोन में मौजूद अलग-अलग ऐप्स के लिए कस्टमाइज्ड नोटिफिकेशन सेट करें।

**ब्रेक लें**

फोन को थोड़ी देर के लिए आराम दें। ऐसे काम करें, जिनके लिए फोन की जरूरत नहीं, जैसे किताब पढ़ें, वॉक पर जाएं या दोस्तों से मिलें-जुलें।

**मेडिटेशन करें**

माइंड को रिलैक्स करने के लिए मेडिटेशन करें। ध्यान लगाने से चिंता, तनाव जैसी परेशानियां तो दूर होती ही हैं, साथ ही फोकस और याददाश्त बढ़ती है।

**फोन से दूर रहें**

अगर पॉसिबल हो, तो अपने फोन को जेब के बजाय बैग या डेस्क पर रखें। इससे फोन के वाइब्रेशन या नोटिफिकेशन को लेकर कन्फ्यूजन नहीं रहेगी।

**मदद की जरूरत कब पड़ती है?**

फोन की लत और इस सिंड्रोम की वजह से अगर आपकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है, तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। डॉक्टर इन लक्षणों के आधार पर इलाज, थेरेपी या जो भी पॉसिबल चीजें हैं, सुझा सकते हैं और इस परेशानी को जल्द से जल्द ठीक करने में मदद कर सकते हैं।

फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम क्यों होता है और फोन का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए, इस बारे में जागरुकता बढ़ाकर फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम के लक्षणों को आसानी से कम किया जा सकता है। ध्यान रखें कि एक स्वस्थ मस्तिष्क और सेहतमंद शरीर के लिए कनेक्टिविटी और फोन से दूरी बनाने में बैलेंस बहुत जरूरी है।



# खाते समय दांतों में होता है तेज दर्द तो इन बातों पर करें गौर

दांतों की संवेदनशीलता, जिसे दांतों का अतिसंवेदनशीलता भी कहते हैं, एक स्थिति है जिसमें निश्चित प्रकार के खाद्य और पेय को सेवन करने पर दांतों में तेज़ दर्द या असहनीयता का अनुभव होता है। यह समस्या उस समय उत्पन्न होती है जब दांतों के नीचे के दंतस्नायु का पर्दाफाश हो जाता है, जो कि अपने प्राकृतिक रूप से उपचार करने के लिए अतिसंवेदनशीलता की वजह से होता है। यहां दांतों की संवेदनशीलता के बारे में अधिक जानकारी है-

कारण- तेज ब्रशिंग, अम्लीय खाद्य और पेय, या एसिडिक वस्तुओं से इनैमल की कटाई। मसूड़ों का पिछला होना : जब गम्भीरता आ जाती है और रूखी हो जाती है, तब दांतों के नीचे के दंतस्नायु पर्दाफाश होते हैं, जिनमें संरक्षक इनैमल कवरिंग नहीं होती है। डेंटल के गहरे दंतों में दांतों के नीचे दंतस्नायु पर्दाफाश हो सकती है। लक्षण- जब गर्म, ठंडा, मीठा, या अम्लीय खाद्य और पेय लिए जाते हैं, तो प्रभावित दांत या दांतों में तेज दर्द या असहजता होती है। संवेदनशील दांत के चारों में ब्रश करने या फ्लॉसिंग करने पर दर्द होता है। ठंडे हवा या पानी से असहजता होती है। प्रबंधन और उपचार- विशेष टूथपेस्ट योजनाएँ जो दांतों में अनुभूतियों को नसों तक पहुंचने से रोकने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। गरम, ठंडा, मीठा, या अम्लीय खाद्य और पेय की सीमा को कम करना जो संवेदनशीलता को उत्तेजित करते हैं। एनामल के और खराब होने से बचने के लिए मुलायम ब्रिस्टल वाला टूथब्रश और हल्की ब्रशिंग तकनीक का उपयोग करें। कई मामलों में, दांतों की संवेदनशीलता के मूल कारणों का इलाज करने के लिए डेंटिस्ट द्वारा फिलिंग, बॉन्डिंग, या फ्लोराइड वार्निश जैसे चिकित्सात्मक उपचार सुझाए जा सकते हैं।

**बचाव :** फ्लोराइड टूथपेस्ट से दिन में दो बार ब्रश करना और दैनिक फ्लॉसिंग करके मौखिक स्वास्थ्य बनाए रखने और मसूड़े की पीछा रोकने के लिए। नियमित रूप से डेंटिस्ट के पास जाकर जांच और पेशेवर सफाई करवाने से दांतों की संवेदनशीलता के पहले लक्षणों का पता लगाने और उन्हें इलाज करने में मदद मिल सकती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शुक्रवार, 18 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अष्टमी तिथौ शुक्र वासरे 17/03/ अश्विनी नक्षत्रे 26/14/सुकर्मा योग 06/48/ बालव करणे 06/06/ मषे राशिगत चन्द्रमा घं. मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** बुध वक्री घं.10मि.13 पर।

**मेष :** किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझना हो सकता है।

**तुला :** आप अपने संयम के कारण सफल होंगे। आगंतुकों के स्वागत सत्कार में कचि रहेगी। हाथ-पैर में पीड़ा हो सकती है। कार्यों में विलम्ब होगा।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्यों में विघ्न पैदा हो सकते है। किसी कार्य और आय की

**वृश्चिक :** संबंधों में निकटता आएगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने प्रभाव में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मूजबूत होंगे।

**धनु :** सामाजिक कार्य में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क :** परिवार का सहयोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**मकर :** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा।

**सिंह :** निजी संबंध प्रगाण होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। आय-व्यय में संतुलन बनाएं।

**कन्या :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संबंधों में प्रगाणता आएगी। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचे।

## रंजिश के चलते गांव के महिला के साथ मारपीट की युवक ने

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिधौसा निवासी सरोज देवी ने पुलिस को बताया कि उनके गांव का ही रविशंकर उसके परिवार से रंजिश रखता है। आए दिन विवाद करता रहता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गुरूवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी तभी रविशंकर वहां आया और विवाद करने लगा। मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## खबर एक नज़र

### मदारीपुर में आयोजित बिजली विभाग के महाकैंप मेंशिकायतें दर्ज कराई



जालौर्न : बिजली विभाग के महाकैंप में समस्याओं का निस्तारण करते विभागीय अधिकारी ।

**जालौन ।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान और बिजली बिल में सुधार की सुविधा के लिए बिजली विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लखनऊ के अधीक्षण अभियंता मनीष द्विवेदी की अध्यक्षता में ग्राम मदारीपुर में बिजली महाकैंप का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लखनऊ के अधीक्षण अभियंता मनीष द्विवेदी की अध्यक्षता में ग्राम मदारीपुर में आयोजित बिजली विभाग के महाकैंप के दौरान बिजली उपभोक्ताओं ने घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शन में बिल त्रुटि, अधिक बिलिंग, मीटर की खराबी और रीडिंग में गड़बड़ी, ट्रांसफार्मर की क्षमता, लो-वोल्टेज की समस्या, बिजली पोल, नए कनेक्शन आदि से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। इस दौरान कुल 60 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 40 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष 20 शिकायतों को कार्रवाई की प्रक्रिया में रखा गया है, जिनका शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन अधिकारियों ने दिया। इसके अलावा महाकैंप में बिजली विभाग के बकायेदारों से लगभग दो लाख रुपये की वसूली भी की गई। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को समझाया गया कि वह समय पर बिल जमा करें ताकि किसी तरह की बाधा या दिक्कत उत्पन्न न हो। अधीक्षण अभियंता नंदलाल और अधिशासी अभियंता महेंद्र नाथ भारती ने उपभोक्ताओं से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि बिजली विभाग पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है और उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। महाकैंप में बिजली उपखंड अधिकारी रामसुधार, सहायक अभियंता आजाद धीरेंद्र, अवर अभियंता रमाकांत वर्मा, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, कालीचरण जेएमटीआरसी मनचंदा, लीलाधर, कृष्ण कुमार वर्मा, धीरज गुप्ता, सोनू कुशवाहा, कोमल आदि ने सहायोग किया।

### उरई में उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे है स्मार्ट मीटर



उरई : डीएम कार्यालय में नारेबाजी करते सभासद ।

**उरई(जालौन)।** जिलामुख्यालय उरई में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। शहर के कई मुहल्लों में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद विभागीय कर्मचारियों द्वारा उत्पीड़न की लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद अब सभासदो ने विधुत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार करीब एक दर्जन सभासदों ने डीएम को शिकायती पत्र सौपकर मामले की शिकायत की है। डीएम कार्यालय पहुंचे सभासदों ने बताया कि विधुत विभाग द्वारा शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें पुराना मीटर मकान से उखाड़ कर कर्मचारी उसे अपने साथ ले जाते हैं तथा नया मीटर उपभोक्ता के मकान पर लगा देते हैं।मीटर लगाने के दो महीने बाद विभागीय कर्मचारी उपभोक्ताओं को फोन कर पुराने मीटर में छेड़छाड़, चिप पाई जाने व अन्य समस्या बताकर उनका उत्पीड़न करते हैं। जिसमें उपभोक्ता को कर्मचारियों द्वारा एफआईआर दर्ज करने की धमकी भी दी जाती है। साथ ही मामला रफादफा करने के एवज में रुपयों की डिमांड की जाती है। जिससे शहर के तमाम उपभोक्ता परेशान हैं। सभासदों ने बताया कि कई लोगो को विभाग की ओर से नोटिस भी भेजे गए हैं। जिनमें उन्हें मीटर की जांच के लिए बुलाया गया। जब उपभोक्ता विभाग में पहुंचे तो उन्हें मीटर में छेड़छाड़ का हवाला देकर डरा धमकाकर आर्थिक वसूली की जा रही है। इसको लेकर विधुत विभाग के अधीक्षण अभियंता से भी शिकायत की गई लेकिन उन्होंने इस संदर्भ में न कोई जांच और न ही कोई कार्यवाही की। जिससे यह प्रतीत होता है कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी एक योजनाबद्ध तरीके से उपभोक्ताओं का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र देते समय सभासद दीपक पटेल, अशरफ चेन्नई, राजेश कुमार, दीपक वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, ज्योति नरेश, अभिलाषा सावन, शादाब सिद्दीकी, रविन्द्र राजपूत, देवेंद्र जाटव, आशीष बुंदेला, राजू सरदार समेत अन्य सभासद मौजूद रहे।

**पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की**

जालौन। अलग अलग मामलों में रंगबाजी को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी मानवेंद्र सिंह व दलजीत सिंह के बीच रंगबाजी को लेकर विवाद हो गया। शुरूआत कहासुनी से हुई इसके बाद उनके बीच हाथापाई व मारपीट होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। उधर, लौना गांव में सद्दाम हुसैन मोहल्ले से निकलने वाले लोगों को रंगबाजी दिखाते हुए उनके साथ गाली, गलौज कर रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### डेंगू रोग प्रशिक्षण व गोष्ठी का हुआ आयोजन

ललितपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में अपर निदेशक झांसी डॉ. सुमन के निर्देशन में डेंगू रोग प्रशिक्षण व गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षक एवं वीबीडी यूनिट की टीम ने प्रतिभाग किया, जिनमें डेंगू रोग के कारण, लक्षण एवं बचााव के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जनपद स्तरीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद द्वारा अवगत




कराया गया कि डेंगू बुखार एक वायरल है, जिसमें बुखार के साथ कुछ लक्षण बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, ऑखो के पीछे दर्द, त्वचा पर चकत्ते पड़ना एवं उल्टी आदि भी हो सकते साथ ही बुखार आने पर घबराएं नहीं तथा रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपचार दिलवाये। प्रशिक्षण में डिविजनल प्रोग्राम मैनेजर आनन्द चौबे एवं जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षक, डीसीपीएम, बीसीपीएम तथा जिला मलेरिया अधिकारी व उनकी टीम ने प्रतिभाग किया।

## मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर का मकसद शिकायतों का निस्तारण करना- नन्दलाल



उरई : मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर में समस्यायें सुनते अधीक्षण अभियंता नंदलाल ।

उरई(जालौन)। गुरुवार को विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत वितरण मण्डल उरई के उपखंड अधिकारी कार्यालय प्रथम में अधीक्षण अभियंता नन्दलाल की मौजूदगी में मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपभोक्ताओं की बिजली बिल से जुड़ी सभी प्रकार की जैसे नये संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विद्या परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य संबंधित कार्यो की शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही आयी शिकायतों का पंजीकरण टोल फ्री नंबर 1912 पर किया गया। मेगा समाधान शिविर में 43 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें 8 का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि अवशेष शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित जेई को मौके पर भेजा गया है ताकि उनका भी समय से समाधान हो सके। इसीक्रम में 5 लाख 50 हजार रुपये बकाया बिलों की वसूली जमा हुई।

उप खंड अधिकारी कार्यालय प्रथम में आयोजित मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर में मौजूद अधीक्षण अभियंता नंदलाल ने बातचीत के दौरान बताया कि विभाग की मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर आयोजित कराने के पीछे मुख्य मंशा यही है कि शिविर में आने वाली शत प्रतिशत शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में मेगा शिविरों का आयोजन स्थलों पर ही सुनिश्चित कराया जा सके।

उन्होंने ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि जिनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है वह मेला शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या को दर्ज करायें ताकि उनकी शिकायत का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित कराया जा सके।

मेगा शिविर में आयी शिकायतों के बारे में उप खंड अधिकारी प्रथम रिषभ राजपूत से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि आज के मेगा शिविर में 43 उपभोक्ताओं ने उपस्थित होकर अपनी शिकायतें दर्ज करायी जिसमें से 8 शिकायतों का तो तत्काल निदान किया गया जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिये मौके पर जेई व विभागीय कर्मियों की टीम भेजी गयी है ताकि उनका भी समय से निस्तारण सुनिश्चित संभव हो सके।

उन्होंने यह भी बताया कि मेगा शिविर में 5 लाख 50 हजार रुपये का राजस्व भी उपभोक्ताओं ने जमा किया है। मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर में अधिशासी अभियंता जितेंद्र नाथ सहित अनेकों विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## जल स्तर गिरने से प्रशासन तथा तटवर्ती इलाकों के नागरिकों ने राहत की सांस ली



कालपी : उतरने लगा जल स्तर ।

**-यमुना नदी जलस्तर गिरकर 103.92 मीटर पर पहुंचा**

**कालपी (जालौन)।** गुरुवार को 4 सेमी की रफ्तार से गिरने की वजह से यमुना नदी का जलस्तर शाम को 103.92 मीटर पर आ गया है। यमुना नदी के जलस्तर में गिरावट होने तटवर्ती इलाकों के ग्रामीणों ने राहत महसूस की है।

मालूम हो कि कालपी में यमुना नदी का खतरे का निशान 108 मीटर पर है। गुरुवार की सुबह यमुना नदी का जलस्तर 104.26 मीटर पर पहुंच गया। केंद्रीय जल आयोग प्रभारी रूपेश कुमार के अनुसार कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद बुधवार से लेकर गुरुवार की सुबह तक यमुना के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई थी। लेकिन गुरुवार की सुबह 10 बजे से जलस्तर में गिरावट होना शुरू हो गई।

### रपटा डूबने से दूसरे दिन भी आधा दर्जन ग्रामों का सम्पर्क कटा रहा

बुधवार एवं गुरुवार को यमुना नदी के उफनाने के कारण सहायक नून नदी पर मंगरौल-पड़री मार्ग का रपटा जलमग्न हो गया है। जिससे 2 दिनों से पड़री जाने का मार्ग प्रभावित है। ग्राम प्रधान के माध्यम से नाव की व्यवस्था की गई है। रपटा जलमग्न हो जाने से कालपी मुख्यालय से पड़री, नरहान, दहेलखंड, उरकरा कला सहित आधा दर्जन ग्रामो का आवागमन प्रभावित हो गया है। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने तटवर्ती क्षेत्रों में चौकसी बरते हुए हैं।

## बैठक में आयोग के सदस्य ने अनुसूचित जाति के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाएं बताई



उरई : सफाई कर्मियों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते आयोग के सदस्य ।

कालपी(जालौन)। गुरुवार को उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य रमेश टुंडे ने कालपी में विभिन्न कार्यक्रमो में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के साथ घूम-घूमकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारियां देते हुए जागरूक किया।

नगर पालिका के सभागार में पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में आयोजित बैठक में आयोग के सदस्य रमेश टुंडे ने कहा कि केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के हितों के लिए तमान प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जानकारी का होना बहुत जरूरी है। बैठक में अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, सभासदों रियाजुल हक, राकेश यादव, आशू यादव, शिवकुमार श्रीवास, दिनेश कुमार, तौहीद राईन, शिव बुंदेला के अलावा अनुसूचित जाति जनजाति समाज के लोगों ने भी सहभागिता की। बैठक का संचालन पालिका के अकाउंटेंट हरभूषन सिंह चौहान के द्वारा किया गया। इसके अलावा सभासदों एवं पालिकाध्यक्ष के साथ आयोग के सदस्य रमेश टुंडे ने अनुसूचित जाति बहुल इलाकों में घर-घर जाकर शासन की योजनाओं के बारे में बताकर जागरूक किया तथा उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा दिया। इस मौके पर विनोद अहिरवार, गबद्दे बाल्मीकि, विनोद बाल्मीकि,, सीता बाल्मीकि, महेंद्र गौतम, रविंद्र कोरी, बबलू अहिरवार, सभासद प्रतिनिधि आशु बाबा, दिनेश वर्मा, सभासद रियाजुल सभासद विनोद अहिरवार आदि लोग मौजूद रहे।

### विद्युत संम्बंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु मेगा कैम्पों का आयोजन- एसडीओ

कालपी(जालौन)। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने अवगत कराया है कि शासन की मंशा के अनुरूप उ.प्र. पॉवर कॉर्पोरेशन ने उपभोक्ताओं सभी प्रकार की समस्याओं के त्वरित्व निस्तारण के लिये उपखंड क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग स्थानों के परिसर में दिनांक 17,18 व 19 जुलाई 2025 को मेगा कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत दिनाँक 17 जुलाई को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र न्यामतपुर में आयोजित मेगा शिविर में दर्जन भर से अधिक उपभोक्ताओं के मामले निस्तारण करने की कार्यवाही की गई।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि 18 जुलाई को महेवा के विकास खण्ड कार्यालय(ब्लॉक) में तथा 19 जुलाई को उपखण्ड कार्यालय कालपी में मेगा कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि मेगा कैम्पों में पहुँचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण तुरन्त कराये।

### नगर पंचायत को प्रदेश में मिली 37वीं रैंक व बुन्देलखण्ड रीजन में मिला प्रथम स्थान

तालबेहट। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के सर्वेक्षण में केन्द्र सरकार द्वारा घोषित परिणामों में नगर पंचायत को राज्य स्तर पर 37वीं रैंक प्राप्त हुई, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर 20000 से कम आबादी वाली 2035 निकायों के सापेक्ष 201वीं रैंक प्राप्त हुई, जिसमें यह योगदान सभी नगर निवासित के नगरवासियों द्वारा नगर पंचायत तालबेहट के अनुरोध पर विशेष सहयोग प्रदान करते हुये उपलब्धि प्राप्त की गयी व नगरवासियों ने स्वच्छ तालबेहट सुन्दर तालबेहट बनाने की सोच रखी नगर पंचायत को घर-घर से कूड़ा कलेक्शन करने के एवज में शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुये। नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार व भूपेन्द्र सिंह अधिशासी अधिकारी-उप जिलाधिकारी द्वारा नगरवासियों से इसी प्रकार का स्वच्छता की प्रति सहयोग दिये जाने के लिये अपील की गयी है कि इसी प्रकार निरन्तर स्वच्छता की प्रति सहयोग बनाये रखें जिससे कि नगर पंचायत जनपद ललितपुर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर सके।

## गांव में भरे पानी से परेशान ग्रामीणों ने एस डी एम को दिया पत्र



कोंच : प्रार्थनापत्र देने जाते ग्रामीण ।

**कोंच (जालौन)।** विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम अकनीबा निवासियों ने दिन गुरुवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि हमारे ग्राम मै पानी भरा है और जिसके निकास की कोई व्यबस्था नहीं है जिसमें करीब एक दर्जन परिवारों के घरों के पास वर्षाती पानी भर जाता है जिससे बच्चों महिलाओं एवं आम जनमानस को निकलने में काफी परेशानी होती हैं ग्रामीणों ने एस डी एम से नाली/नाला बनवाकर वर्षा के पानी निकास की व्यबस्था कराए जाने की मांग की है इस दौरान सुनील कुमार लल्लू सिंह गोविंद सिंह राम राजा मुन्ना वीर सिंह श्रीकांत हल्के दुलीचंद राम प्रकाश सहित तमाम ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## कैलिया बाईपास रोड पर लापरवाह बैन चालक ने मारी जोरदार टक्कर



उरई : वैन की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार ।

**कोंच(जालौन)।** सूरज ज्ञान विद्यालय के बाहन चालकों द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाये जाने की आदत सी बन गयी है क्योंकि प्रति वर्ष विद्यालय के बाहन चालकों द्वारा कहीं न कहीं गाड़ी ठोक दी जाती है और जांच के नाम पर टांय टांय फिस्स हो जाता है क्योंकि बीते साल भी सूरज ज्ञान विद्यालय के बाहन चालक ने कान में लीड लगाकर बाहन चलाते हुए कैलिया बाईपास रोड पर बाहन को ठोक दिया था न जिसमें बच्चे चुटहिल हो गए थे और इसबार भी बाहन चालक ने दिन गुरुवार को लापरबाही से बाहन चलाते हुए सुबह करीब 8.15 बजे यू पी 92 ए ई 4070 में उस समय गाड़ी ठोक दी जब ग्राम अकनीबा निवासी बिनोद कुमार शिवहरे पुत्र प्रेम नारायण उरई से अपने ग्राम जा रहे थे और पंचानन चौराहे पर विपरीत दिशा से आ रही मैजिक यू पी 45 टी 8641के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी जिससे बिनोद कुमार घायल हो गए और उनका बाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया उसी समय सूरज ज्ञान विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह राजावत अपने स्टाफ के साथ आये और गाली गलौच कर बिनोद से लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए तथा क़ानूनी कार्यवही करने पर जान से मारने की धमकी दी ऐसा घायल बिनोद का कहना है उक्त के सम्बन्ध में बिनोद ने दिन गुरुवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### बैन में लिखा सावधान बच्चे हैं और चलाते है लापरवाही से

कोंच(जालौन)। सूरज ज्ञान विद्यालय के बच्चों को लाने और ले जाने बाले वाहनों पर बड़े बड़े अक्षरों में सावधान बच्चे हैं का स्लोगन लिखा रहता है लेकिन बाहन चालक को स्वयं नहीं पता होता कि वह बच्चों का वाहन चला रहा है और लापरवाही से कभी कानों में लीड लगाकर कभी मस्ती में विद्यालय वाहन को चलाया जाता है और बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसमें विद्यालय प्रशासन भी बराबर का जिम्मेदार है क्योंकि टेक्सी परमिट पर बगैर वर्दी के ड्राइबर बाहन चलाते हुए देखे जाते हैं जो प्रतिदिन विद्यालय से बच्चों को लेने व छोड़ने जाता है जो विद्यालय प्रशासन को नहीं दिखाई पड़ता है जिससे सिद्ध होता है कि विद्यालय प्रशासन भी जानबूझकर विद्यालय वाहनों को लापरवाह ड्राइवरों से चलवा रहा है ऐसे भी विद्यालय प्रशासन पर भी कार्यवाही होना लाजमी है।

## महाविद्यालय में हुआ विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



ललितपुर। पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय में विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. सौरव यादव ने कहा कि प्रतिवर्ष विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है व न्याय को बढ़ावा देने और वैश्विक समुदाय को प्रभावित करने वाले गंभीर अपराधों के लिए दंड से मुक्ति के खिलाफ लड़ाई का सम्मान करने के लिए विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है, यह दिवस अंतरराष्ट्रीय न्याय तंत्र तथा दंड से मुक्ति के मुद्दे को संबोधित करने तथा वैश्विक शक्ति और सुरक्षा को बढ़ाता है। प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झां ने कहा कि विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस न्याय के विषय में जन जागरूकता बढ़ाने तथा अंतरराष्ट्रीय अपराधों व समाज में पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ ही समान न्याय व्यवस्था के महत्व को इंगित करता है, इस दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करने और न्याय का समर्थन करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य असिस्टेन्ट प्रोफेसर. रामलाल रैकवार, प्रसन्न कुमार विश्वकर्मा, नसीम खान, गंगाराम विश्वकर्मा, सतीश सोनगिरकर, रमाकांत सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर अमन कुशवाहा, विनोद कुमार एवं समस्त विभागों से छात्र छात्राऐ उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

कालपी(जालौन)। रेलवे स्टेशन समीप ट्रेन की चपेट में आकर मौत की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। गुरुवार को कालपी के यमुना नदी के रेलवे पुल में 30 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौके पर मौत हो गयी। सूचना पाकर जीआरपी चौकी इंचार्ज ने घटनास्थल का जायजा लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह ने बताया कि गुरुवार की दोपहर लगभग साढ़े 11 बजे यमुना नदी के रेलवे पुल के पिलर नम्बर 5 में युवक के शव के पड़े होने की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।कालपी रेलवे पुल की कोठी नम्बर 5 मिले शव के पहचान करने में जीआरपी पुलिस जुटी है। लेकिन शाम तक शिनाख्त नहीं हो सकी। रेलवे पुलिस के मुताबिक मृतक युवक जीन्स, सफेद बिन्दीदार शर्ट व चप्पल पहने है। समझा जाता है कि किसी ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई है। मालूम हो कि 4 दिन पहले कांशीराम कालोनी कालपी के सामने ट्रैन से कटकर एक युवक की मौत हो गई थी।


## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में हुआ महिला के दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपण



ललितपुर। मरीज श्रीमती हरकुंवर पत्नी रूपसिंह ग्राम सतलिंगा महरौनी के दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपण स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में डॉ. मयंक कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य के निर्देशन में डॉ. सौरभ साहू सह आचार्य अस्थि रोग विभाग एवं उनकी टीम डॉ. मनोज कुमार सहायक आचार्य, डॉ. एम.सी. गुप्ता परामर्शदाता, डॉ. निर्भय नारायण सिंह परामर्शदाता व डॉ. चेतन राज निश्चेतना विशेषज्ञ एवं डॉ. कौशल बिजलानी सहायक आचार्य के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। मरीज हरकुंवर के दोनों कूल्हे ए.बी.एन. नामक बीमारी से ग्रस्त होकर सीवियर ऑस्टियों अर्थराइटिस में तब्दील हो गये थे, जिस कारण से मरीज को अत्याधिक दर्द एवं चलने फिरने में असमर्थता थी, इस जटिल बीमारी में प्रत्यारोपण कर मरीज को नया जीवनदान मिला है व अब वह अपने दोनों पैरों का सामान्य दिनचर्या में बिना किसी दर्द के प्रयोग कर पाने में समक्ष है व मरीज का उपचार प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना के तहत पूर्णतः निःशुल्क किया गया व इस ऑपरेशन में प्राईवेट चिकित्सालयों में अनुमानित खर्चा डेढ से ढाई लाख के बीच में आता, परन्तु पूर्णतः निःशुल्क किया गया है। प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला ने मरीज व उसके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली एवं सीनियर ऑर्थो सर्जन डॉ. सौरभ साहू व उनकी टीम को बधाई दी।

# बांदा के तेंदुरा गांव में अतिक्रमण से बाढ़ का खतरा

## प्रशासन की चुप्पी से ग्रामवासी भयभीत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** बांदा जनपद के अतर्रा तहसील के अंतर्गत ग्राम तेंदुरा में अतिक्रमण के कारण उत्पन्न बाढ़ की स्थिति ने ग्रामवासियों के बीच दहशत पैदा कर दी है। गांव के प्रधान रामलाल जयन ने बताया कि अतिक्रमण के चलते जल निकासी के रास्ते पूरी तरह अवरुद्ध हो गए हैं जिसके परिणामस्वरूप भीषण बारिश का पानी गांव के बाहर निकलने के बजाय लोगों के घरों में घुस रहा है। यह स्थिति न केवल संपत्ति को नुकसान पहुंचा रही हैए बल्कि ग्रामवासियों के जीवन को भी खतरे में डाल रही है।

रामलाल जयन ने फोन पर बताया कि उन्होंने तहसीलदार अतर्रा को कई बार लिखित और मौखिक रूप से इस गंभीर स्थिति से अवगत कराया है लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहाए ष्हमने बार.बार प्रशासन को अतिक्रमण हटाने और जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग कीए लेकिन उनकी उदासीनता के कारण आज गांव में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बारिश का पानी घरों में घुस रहा हैए लोग भयग्रस्त हैंए लापरवाही के चलते तेंदुरा गांव में स्थिति दिन.ब.दिन बिगड़ती जा रही है। रामलाल जयन ने बताया कि जल निकासी का रास्ता बनाने के लिए जेसीबी मशीन की आवश्यकता हैए लेकिन स्थानीय स्तर पर मशीन उपलब्ध न होने के कारण वे कर्वी तक पहुंचे हैं। लेकिन प्रशासन का सहयोग न मिलने से स्थिति और जटिल हो रही हैष् बांदा जिले में बारिश और बाढ़ की स्थिति कोई नई बात नहीं है। यमुना और केन नदियों के उफान से पहले भी दर्जनों गांवों का संपर्क टूट चुका हैए और अब अतर्रा तहसील के तेंदुरा गांव में अतिक्रमण के कारण जल निकासी की समस्या ने हालात को और गंभीर कर दिया है। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गईए तो गांव में बड़े पैमाने पर तबाही मच सकती है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी बांदा से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। वे चाहते हैं कि अतिक्रमण हटाने के लिए कठोर कार्रवाई की जाए और जेसीबी मशीनों के माध्यम से जल निकासी का रास्ता बनाया जाए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण उनकी जान.माल खतरे में है।

ग्राम तेंदुरा के प्रधान और निवासियों ने जिलाधिकारी बांदा से अपील की है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और तत्काल कार्रवाई करें। ग्रामवासियों की सुरक्षा और संपत्ति को बचाने के लिए अतिक्रमण हटाने और जल निकासी की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए।

यह स्थिति न केवल तेंदुरा गांवए बल्कि बांदा जिले के अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक चेतावनी हैए जहां अतिक्रमण और प्रशासनिक उदासीनता के कारण बाढ़ और जलजमाव की समस्या बार.बार उत्पन्न होती है। यदि प्रशासन ने समय रहते उचित कदम नहीं उठाएए तो आने वाले दिनों में हालात और भी बदतर हो सकते हैं। ग्राम प्रधान तेंदुरा के बताए अनुसार तेंदुरा रू मजरा कांधाखेरा शंकरपुराए बनई पुरवाए रामरूप का पुरवाए ओरन रोड़ दलित बस्ती में कच्चे घरों में बारिश का पानी घुस गया है। गांव तेंदुरा की पूरब और पश्चिम दिशा की बस्तियों में पानी घुस रहा है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

बांदा। खेत में फसल की रखवाली करने के दौरान युवक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मौत के बाद मृतक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है।

बिसंडा कस्बा निवासी रामकिशोर 35 पुत्र मुकुंदी लाल बुधवार के शाम धान की बेड की रखवाली कर रहा था। इसी बीच तेज बारिश होने लगी। भीगने से बचने के लिए रामकिशोर घर जा रहा था। तभी रास्ते में तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बारिश बंद होने के मौके पर पहुंचे घर वालों ने देखा तो उसका शव पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के मामा रामचरण ने बताया कि वह बचपन से ही अपने ननिहाल में रहता था। मृतक बटाई में खेती लेकर किसानी करता था। उसके एक बेटी एक बेटा है। अचानक हुई इस घटना से पत्नी लक्ष्मी का रो रो का बुरा हाल हो गया।

## ईनामी लुटेरे को पुलिस ने किया



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़ा गया लुटेरा ।

- सर्राफा कारोबारी पिता-पुत्र के साथ गोली मारकर की थी लूटपाट
- एक आरोपी को मुठभेड़ में किया जा चुका है गिरफ्तार

**बांदा।** गोली मारकर लूटपाट करने के मामले में वांटेड चल रहे ईनामी लुटेरे को गिरवां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर एसपी ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। एक आरोपी पहले मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना गिरवां में लूट की घटना को अंजाम देने वाले 25 हजार के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि विगत 12 अप्रैल को थाना गिरवां क्षेत्र के तिन्दुही के रहने वाले मिथलेश सोनी तथा उनका पुत्र पंकज सोनी जो कि गांव-गांव फेरी लगाकर सोने-चांदी के आभूषण की बिक्री करते हैं, से घर लौटते समय अज्ञात अभियुक्तों द्वारा बछेही मोड़ के पास लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस दौरान अभियुक्तों द्वारा तमंचे से फायर भी किया गया जिसमें पंकज सोनी घायल हो गये थे। इस सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। जिसमें 12 मई को 01 अभियुक्त आमिर खान पुत्र शेरखान को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया था और दूसरा अभियुक्त आजम खान फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार/वांछित अभियुक्त पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में गुरुवार को सर्विलांस की मदद से अभियुक्त आजम खान पुत्र तैय्यब खान नि0 कबौली थाना नरैनी को खोही मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा 32 बोर, कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश तिवारी, उपनिरीक्षक यज्ञनारायण भार्गव, आरक्षी कृष्णकान्त सिंह, आशू सिंह, शैलेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## खबर एक नज़र

### सर्प के काटने से युवती गंभीर

बांदा। नाली की सफाई करने के दौरान युवती को सर्प ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बिसंडा थाना क्षेत्र के मानस चौक निवासी रोशनी 33 पत्नी धर्ममणी गुरुवार की सुबह नाली की सफाई कर रही थी। तभी सर्प ने उसकी उंगली में डस लिया। हालत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पति का कहना है कि सर्प ने उसके सातवीं बार डसा है। चिकित्सकों के मुताबिक युवती की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### हिस्ट्रीशीटर समेत दो को पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरोः जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपियों को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस अभियान के तहत थाना मऊ के उपनिरीक्षक अंकित सिंह व उनकी टीम आरक्षी शुभम त्रिपाठी व सोनपाल द्वारा क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर इष्ट देव पाण्डेय उर्फपनसुखी निवासी शांति नगर थाना मऊ तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है। इसी प्रकार चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल कुमार गुप्ता व उनकी टीम आरक्षी अनुज यादव व अजय कुमार द्वारा आरोपी घनश्याम निषाद निवासी चकमाली अमानपुर कोतवाली कर्वी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### दहेज उत्पीड़न का अभियोग महिलाओं सहित पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज किया गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरेनी बांदा ।** कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी जमील की विवाहिता पुत्री गुलनाज ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट सहित दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया। मिली जानकारी के अनुसार दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उसकी शादी एक वर्ष पहले लहूरेटा गांव में मुस्लिम रीत रिवाज के अनुसार हुई थीं ।मेरे पिता ने शादी में ससुराली जनो के द्वारा मुंह मांगा दहेज दिया। शादी के बाद से ही मेरे ससुराल के लोग जिसमें पतिए जेठए जेठानीए नन्दए और सास यह सभी लोग मिल कर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे।साथ ही लगातार मुझसे और मेरे पिता से दहेज में तय दो लाख रुपए और सोने की चैन की मांग करते रहते है ।न देने पर मेरे साथ आए दिन मार पीट गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं।बीते 13 जुलाई को मेरे ससुराल के सभी लोग एक राय होकर कमरे में बंद कर मार पीट किया और मेरी जान लेने की कोशिश की।दिए गए पत्र में बताया कि मेरे पेट में सात माह का बच्चा भी है।मारपीट के दौरान गंभीर चोटें भी आई। कोतवाली निरीक्षक राम मोहन राय ने बताया कि पीड़ित गुलनाज की तहरीर पर पति शमीमए जेठ नफीस ए जेठानी मरियमए नन्द गुड़ियाएसास फूला के खिलाफदहेज उत्पीड़न एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

### युवक की मौत से परिजनो में कोहराम

हमीरपुर। आज ग्राम चौकीदार करियारी की सूचना पर थाना जरिया पुलिस ग्राम करियारी पहुंची। जहां दीन मुहम्मद उर्फझल्लू पुत्र रामप्रसाद के घर के पीछे तालाब में एक व्यक्ति का शव उतरता मिला। जिसकी पहचान ग्रामवासियों व मृतक के परिजनों द्वारा अरविन्द पुत्र परमेश्वरीदयाल (उम्र लगभग 43 वर्ष) के रूप में की गई है। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक अरविंद पुत्र परमेश्वरीदयाल 15 जुलाई को घर से विवाद करके निकला था। जो शराब पीने का आदि था। थाना जरिया पुलिस मौके पर मौजूद है। फील्ड यूनिट टीम के द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण की जांच की जा रही है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

### फांसी लगाकर युवती ने दी जान

बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र के महेदू गांव निवासी अर्चना 30 पत्नी विपिन कुमार ने बुधवार की दोपहर सूने घर में सरिया पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदखुशी कर लिया। घटना के समय पति सब्जी लेने तिंदवारी चला गया था। आशा बहू ने टीकाकरण के लिए फोन लगाया लेकिन उसके फोन नहीं उठा मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। मामले की जानकारी पति को दे दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के चचेरे जेठ अमरपाल का कहना है की फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। वह तीन माहे की गर्भवती थी। वहीं मृतका के पिता देवी दयाल निवासी रेहुटा चित्रकूट ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी 2017 में की थी। दहेज के लिए पति प्रताड़ित करता था। आरोप लगाया है कि पहले उसे करंट लगा का मार डाला। उसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी पर लटका दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद वह आगे कार्रवाई की जाएगी।

## तमंचे के साथ पकड़ा गया अभियुक्त

- किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था आरोपी
- सूचना पर तिंदवारी पुलिस ने किया गिरफ्तार




बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़ा गया अभियुक्त ।

बांदा। किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके कब्जे से तमंचा भी बरामद हुआ है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

प्रभारी निरीक्षक तिंदवारी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि बुधवार की शाम थाना तिन्दवारी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि काली जी रोड पीपल के पास एक व्यक्ति खडा हुआ है जिसके पास अवैध तमंचा है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया तथा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान अपना नाम पिंटू सबिता पुत्र सूरज प्रकाश निवासी बेंदा खास थाना तिन्दवारी बताया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि अभियुक्त पिन्टू सविता किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। जैसे ही इस आशय की सूचना मिली तो तत्काल उन्होंने पुलिस ने टीम को भेजा। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर धर दबोचा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी बेंदाघाट कृष्ण प्रताप सिंह, आरक्षी आसीन कुमार शामिल रहे।

### जहर खाने से तीन की हालत बिगड़ी

बांदा। अलग-अलग कारणों को लेकर किशोरी सहित तीन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गिरवां कस्बा निवासी सोहनलाल 30 पुत्र राम बिहारी ने बुधवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज हो कर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह मटौंध निवासी प्रार्थना 13 पुत्री महिपाल ने घरेल किसी बात से नाराज हो कर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह के तुलसी नगर निवासी मोनिका 18 पुत्री विजय कुमार ने घरेलू किसी बात से नाराज हो कर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी हुई सभी को जिला में भर्ती कराया गया।

## पंचायत उन्नति सूचकांक कार्यशाला संपन्न

- डीपीआरओ ने किया शुभारंभ

सुमेरपुर-हमीरपुर। ब्लांक स्तरीय पंचायत उन्नति सूचकांक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला को राज्य प्रशिक्षक विवेक गंगवार ने संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने पंचायत को समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए नौ बिंदुओं पर कार्य कर रही है। इसमें प्रथम बिंदु गरीबी है। जब तक पंचायत में गरीबी दूर नहीं होगी। तब तक देश समृद्ध एवं खुशहाल नहीं होगा और देश का विकास भी नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि केंद्र प्रदेश सरकारों की मदद से पंचायत को गरीबी से मुक्त कराकर उन्नत आजीविका की ओर ले जाने के लिए कार्य कर रही है। इसी तरह स्वास्थ्य पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित न्याय पूर्ण पंचायत, सुशासन वाली पंचायत, महिला हितैषी पंचायतें बनाने की कार्य योजना पर कार्य कर रही है। ताकि पंचायतें मजबूत होकर देश के विकास का हिस्सा बन सकें। जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यशाला को वरिष्ठ प्रशिक्षक विक्रम सिंह, मास्टर ट्रेनर गरिमा सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक केडी मिश्रा ने संबोधित किया। कार्यशाला में ब्लॉक कार्यालय में तैनात सभी एडीओ, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती आशा संगिनी मौजूद रही।

## वाल्मीकि आश्रम के पर्यटन विकास में गुणवत्ता का रखे ख्याल- डीएम



**चित्रकूट ब्यूरोः** धर्मनगरी स्थित वाल्मीकि आश्रम लालापुर के पर्यटन विकास से सम्बन्धित समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने यूपीपीसीएल को वाल्मीकि आश्रम के परिक्रमा मार्ग के लिए डीपीआर बनाकर प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही पुलिस चौकी निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिस पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर भूमि चिन्हित होने की बात कही। तमसा नदी पर चेक डैम व आरती घाट के निर्माण के सम्बन्ध में डीएम ने सिंचाई विभाग को भी डीपीआर बनाकर प्रेषित करने व एनओसी देने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग को निर्देशित किया कि आश्रम परिसर में हाई मास्क की लाइट की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। जल निगम के अधिशासी अभियंता को वाल्मीकि आश्रम में बड़ी टंकी के लिए डीपीआर बनाकर प्रेषित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाल्मीकि आश्रम के पास अस्पताल के लिए भी प्रपोजल बनाकर भेजें। मानिकपुर एसडीएम को बस स्टैंड की व्यवस्था के लिए भूमि चिन्हित करने को निर्देशित किया। पर्यटन अधिकारी को बोड़ी-पोखरी चौराहे के सौंदर्यीकरण के संबंध में प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने रोप-वे की प्रगति की जानकारी ली, जिस पर यूपीपीसीएल के अधिकारी ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने दायित्वों का निवर्हन करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूरा करे, इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मन, अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रमोद मिश्रा, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अखिलेश कुमार, पीएम यूपीपीसीएल सुनील कुमार कनौजिया, बाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास आदि मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आईटीईपी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग संपन्न




चित्रकूट ब्यूरोः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में आईटीईपी (इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम) पाठ्यक्रमों की कुल 150 सीटों में प्रवेश के लिए तीन दिवसीय प्रवेश काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें देश के आठ राज्यों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

आईटीईपी पाठ्यक्रम (बीएबीएड 50 सीट, बीएससीबीएड 50 सीट, बीकॉमबीएड 50 सीट) की काउंसिलिंग प्रक्रिया में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आन्ध्रप्रदेश, मध्य प्रदेश राज्यों के सैकड़ों अभ्यर्थी अपने माता-पिता के साथ उपस्थित हुए। अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने इस मौके पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक नवाचार, अध्ययन अध्यापन पद्धति और सुंदर और सुरम्य परिसर को सराहा। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने काउंसिल स्थल में आकर प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित अभ्यर्थियों और अभिभावकों का उत्साह बढ़ाया। प्रवेश समिति और काउंसिलिंग कमेटी के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया और उनके शैक्षणिक अभिलेखों का मिलान करते हुए उनकी वरीयता के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया कराई।

## मासिक किसान दिवस में उठा खाद की समस्या का मुद्दा



चित्रकूट ब्यूरोः मासिक किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें किसानों ने खाद एवं अन्ना प्रथा की समस्याओं की जानकारी देते हुए निराकरण कराने की मांग की।

कलेक्टरेट सभागार में हुई बैठक में भाकियू के जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि धान की फसल रोपाई होने के बाद भी जिले में किसानों के लिए खाद की किल्लत बनी हुई है। किसानों के ऊपर नैनो यूरिया लेने का दबाव बनाया जा रहा है। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित मण्डी में दुकान आवंटित होने के बावजूद किसानों के लिए बने छायादार नीलामी चबूतरों में अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे सब्जी उत्पादक किसान रास्ते व जमीन में बैठने को मजबूर होता है। राजापुर तहसील अध्यक्ष राजकिशोर पटेल ने कहा कि अन्ना मवेशियों को 30 जुलाई तक हर हाल में गौशालाओं में संरक्षित करा दिया जाए, ऐसा न करने पर किसान आंदोलन करने को मजबूर होगा। पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि प्रसिद्धपुर से सिकरिया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जाना चाहिए। कर्वी ब्लाक अध्यक्ष नरेश सिंह ने बताया कि खोह स्थित साधन सहकारी समिति के ऊपर बनी पुलिस चौकी की पानी टंकी से गोदाम की दीवारों में सीलन आ जाती है और खाद खराब हो रही है। इस समस्या का निस्तारण किया जाना चाहिए। इसके अलावा किसानों ने ग्राम पंचायत सगवारा के मजरा पाण्डेय पुरवा में स्थित आश्रम में पेयजल समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की है।

इस मौके पर मंडल सचिव छेदीलाल सिंह, मऊ प्रभारी नीलकण्ठ द्विवेदी, रामेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नरेश तिवारी, श्रीकेशन राजपूत, कमलेश, शिव सिह आदि मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री ने बाढ़ क्षेत्रो का किया निरीक्षण

हमीरपुर। राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार/प्रभारी मंत्री जनपद हमीरपुर रामकेश निषाद द्वारा नियत कार्यक्रम के तहत बाढ़ क्षेत्रों (बेतवा तथा यमुना तट), डिग्गी रमेडी एवं बाढ़ राहत शिविर कुछेछा डिग्री कालेज का निरीक्षण किया गया तथा कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला योजना समिति/विकास कार्यो/बाढ़ पूर्व तैयारियों के साथ अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा पुराने यमुना घाट को सुरक्षित करने तथा संगमहेश्वर मन्दिर के बचाव हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि बाढ़ के समय जनमानस को आवश्यक सुविधाएं/राहत उपलब्ध करायी जाए। ताकि लोगो को समस्याएं उत्पन्न न हो। इसके साथ ही जिला योजना समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की वित्तीय व भौतिक प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गयी, जिसमें बताया गया कि विभिन्न विभागीय विकास योजनाओं हेतु कुल 28703.20 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की गयी। जिसके सापेक्ष 28624.08 लाख रूपये का क्रमिक व्यय कर लिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा जनपद की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में बताया गया कि सीएम डैशबोर्ड पर विकास प्राथमिकता कार्यक्रम में जनपद को माह दिसम्बर 2024 व मार्च एवं जून 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आईजीआरएस के निस्तारण में भी उच्च रैंक प्राप्त हुई है तथा वृक्षारोपण महा अभियान 2025 में निर्धारित लक्ष्य 75.062 लाख के सापेक्ष 75.25 लाख पौधे ''एक पेड़ मॉ के नाम'' पर रोपित किये गये है। एनआरएलएम के अन्तर्गत बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर के द्वारा 216 ग्रामों में 198.28 करोड़ का भुगतान महिला पशुपालकों को किया गया है। इसके अलावा 78 विद्युत सखियों द्वारा 20,10,95,223 रूपये का विद्युत बिल का कलेक्शन किया गया है, जिसमें विद्युत सखियों को 16,30,930 रूपये का कमीशन प्राप्त हुआ है। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद की उपलब्धियों को लेकर जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अच्छा काम किया जा रहा है। किन्तु चिकित्सा, लोक निर्माण एवं विद्युत विभाग के कार्यो में कमियां देखने को मिल रही है। इनके सम्बध में जनप्रतिनिधियों/मीडिया का फीडबैक भी अच्छा नही है। इसके संबंध में प्रभारी मंत्री ने सीएमओ, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी एवं विद्युत को सख्त निर्देश दिए है कि अपने-अपने विभागों में व्याप्त विसंगतियों को सुधारें, अन्यथा कार्यवाही होगी। उन्होने बताया कि ऐसा संज्ञान में आया है कि कई डाक्टर नौकरी यहां कर रहे है और प्रैक्टिस कानुपर या अन्य जगह करते है। जो कदापि स्वीकार्य नही है।

### कजली महोत्सव के उद्घाटन के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता को दिया गया निमंत्रण

महोबा स आल्हा परिषद के अध्यक्ष शरद तिवारी दाऊ ने भारत सरकार की वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफइंडिया की अनुशासन समिति सदस्य सीमा पटनाहा सिंह को ऐतिहासिक कजली महोत्सव के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। यह महोत्सव आगामी 10 से 17 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा स जिसमें आल्हा मंच के संस्कृति कार्यक्रमों का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर शरद तिवारी ने सीमा पटनाहा सिंह को तिरंगा स्कार्फभेंटकर सम्मानित किया और बुंदेलखंड क्षेत्र के सामाजिक एवं विकास संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

## एम एल सी आशीष यादव का मनाया जन्मदिन



**एटा ।** आशीष यादव ;आशूद्धएमएलण्सी का आज उनके आवाश पर बडी धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। सुबह से ही उनके गांधी मार्केट स्थिति सुन्दर भवन आवास पर बँधाई देने बालों का देर रात्रि तक ताँता लगा रहा।बधाई देने बालों मे प्रमुख रुप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख बजीर सिंह यादव अनिल यादव पूर्व प्रधानए शराफत अली ष्कालेष्शान्तनु चौहान सभासद देवेन्द्रसिंह यादव मनोज यादव कुलदीप यादव जिला पंचायत सुधीर यादव सदस्य के अलावा सैकडो लोग शामिल रहे ।

## एस एस ओ की धमकी का ऑडियो हुआ वायरल उपखंड अधिकारी को दी गई लिखित शिकायत

**छिबरामऊ कन्नौज।** मिघौली पावर हाउस पर तैनात एस एस अओ की लिखित शिकायत उपखंड अधिकारी से की गई।

मिघौली पावर हाउस पर फोन कर इमरजेंसी में शटडाउन मांगने पर भड़क उठे रुद्र प्रताप का ऑडियो वायरल दी मर जाने की धमकी रखरा निवासी गोविंद सिंह तोमर ने मीटर में आग लग जाने पर शटडाउन मांगने के लिए किया था फोन रुद्र प्रताप सिंह का ग्रामीणों के प्रति सही नहीं रवैया हर किसी से अभद्र भाषा में बात करता है`` व रुद्र प्रताप किसी भी समय पावर हाउस मिंघौली में फोन करने पर फोन बिजी तथा स्विच ऑफमिलता है जिसको लेकर कई लोगों से कई बार हो चुकी है नोकझोंक।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख ने प्रस्तुत किया जमीन से संबंधित अभिलेख

**छिबरामऊ कन्नौज ।** ग्राम समाज की पशुचर जमीन पर कब्जा कर संचालित किए गए स्कूलों के मामले में की पिछले कई दिनों से एक किसान नेता ने एसडीएम से शिकायत की थी। उधर जानकारी होते ही पूर्व ब्लाक प्रमुख ने एसडीएम से मिलकर जमीन से संबंधित अभिलेख दिखाते हुए अपना पक्ष रखा है। किसान नेट द्वारा पिछले दिनों पूर्व बृज किशोर यादव द्वारा ग्राम समाज की पशुचर जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर उसे पर कई स्कूल बनाकर उनको संचालित किया जा रहे हैं की शिकायत की थी मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे। उधर सब जब इसकी जानकारी पूर्व ब्लाक प्रमुख बृज किशोर सिंह यादव को हुई तो वह उप जिलाधिकारी से मिले और उन्हें जमीन से संबंधित अपने अभिलेख दिखाते हुए बताया कि जिस जमीन को पशुचर बताया जा रहा है। वह जमीन उसर के रूप में राज्यव अभिलेखों में दर्ज थी जिसे उन्होंने बरसों पहले संकरणीय भूमधर से बैनामा कराया था स्कूल के निर्माण के लिए जमीन को आकर्षक भी कराया गया था। राजनीतिक षड्यंत्र के तहत गलत ढंग से उनकी शिकायत की गई है। उधर किसान नेता ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने अपनी दबंगई के कारण रामलीला मैदान के पीछे पशु चर जमीन पर अवैध कब्जा कर कई स्कूल बनवाकर संचालित कर रहे हैं वही इस संबंध में उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि पूर्व ब्लाक प्रमुख ने अपना पक्ष रखा है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है जांच के बाद ही सही तस्वीर सामने आ पाएगी।

## 2 इनामिया अभियुक्तगण को किया गया

**विशुनगढ कन्नौज ।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एअपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार के कुशल नेतृत्व मे व थानाध्यक्ष गौरव कुमार थाना विशुनगढ जनपद कन्नौज पुलिस टीम द्वारा 02 इनामिया अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार ।' पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना विशुनगढ पुलिस टीम द्वारा वांछित चल रहे 10.10 हजार रुपये पुरस्कार घोषित अभियुक्त गण 1ण्रामऔतार पुत्र गंगाराम उम्र करीब 48 वर्ष 2ण्राहुल पुत्र रामऔतार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी गण ग्राम पालपुर थाना छिबरामऊ को ग्राम पालपुर थाना छिबरामऊ जनपद से गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## चार ओवरलोड वाहन सीज एक का चालान कर लगाया 3.19 लाख रुपए का जुर्माना

फर्रूखाबाद । एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने राजेपुर तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया ।

राजेपुर थाना क्षेत्र में चार ओवरलोड वाहनों को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया तथा उन पर 2ण्10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया । मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में यातायात प्रभारी के साथ चेकिंग करते हुए एक ओवरलोडेड डंपर का चालान कर उसे पर 1ण्09 लाख रुपए का जुर्माना तथा 70000 का टैक्स लगाया गया । यह अभियान आगे भी जारी रहेगा

# 2 शातिर गांजा तस्कर को किया गिरफ्तारए कब्जे से 10 किलो नाजायज गांजा बरामद



**छिबरामऊ कन्नौज ।** कोतवाली पुलिस द्वारा 02 शातिर गांजा तस्कर को किया गिरफ्तारए कब्जे से 10 किलो नाजायज गांजा ;कीमत लगभग 02 लाखद्ध एवं 01 मो0 साईकिल बरामद ।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा वांछित अपराधी एवं रोकथाम अवैध तस्करी मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मेंए अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण मेंए क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार के कुशल नेतृत्व में एवं प्रभारी निदेशक विष्णुकांत तिवारी के नेतृत्व में छिबरामऊ टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1ण्गौरव पाठक पुत्र दयाशंकर पाठक निवासी मोहल्ला काटी टोला थाना बेवर जनपद मैनपुरी उम्र करीब 27 वर्ष 2ण्हर्ष शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला काटी टोला डाक खाने के पास थाना बेवर जनपद मैनपुरी उम्र करीब 23 वर्ष को तालग्राम रोड़ बहबलपुर तिराहे से बाबा की बगिया जाने वाले रोड़ से गिरफ्तार किया गयाए जिनके कब्जे से कुल 10 किलो गांजा नाजायज बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध मे अभियोग दर्ज कर जेल भेजा गया।

## वाणिज्य कर परिवहन विद्युत स्टांप पर निबंध फर्रूखाबाद मंडी की वसूली कम पाई गई



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद । जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से कम पाई गई स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई आबकारी विभाग की बसूली कम पाई गई परिवहन विभाग का बसूली कम पाई गई खनन विभाग की बसूली कम पाई गई मंडी फर्रूखाबाद की बसूली कम पाई गई विद्युत विभाग की बसूली कम पाई गई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनन विभाग वाणिज्य कर विभाग परिवहन विभाग विद्युत विभाग स्टाम्प व निबंधन विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये जिन विभागों की बसूली कम है वह बढ़ाये उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सी0एम0 डैशबोर्ड के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमे सुधार लायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुपम बाजपेई नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल उपजिलाधिकारी सदर रजनीकांत पांडे अमृतपुर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह कायमगंज उपजिलाधिकारी व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विद्युत समस्याओं पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अभियंताओं से की चर्चा

छिबरामऊए कन्नौज। ग्राम लक्षीराम नगला स्थित कैंप कार्यालय पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने विद्युत विभाग के अभियंताओं के साथ क्षेत्र की विद्युत समस्याओं पर चर्चा की।

प्रिया शाक्य ने विकासखण्ड छिबरामऊ के ग्राम भारापुर में 8.10 विद्युत कनेक्शन धारकों के लिए केबिल व ट्रांसफार्मर की व्यवस्था और मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की हाईटेंशन ;एचटीद्ध लाइन हटाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि इस लाइन से गांव में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने स्पष्ट किया कि एचटी लाइन पहले से मौजूद थीए जबकि मकान बाद में बने। उन्होंने कहा कि लाइन हटाने के लिए बजट नहीं हैए लेकिन निधि उपलब्ध होने पर इसे हटाया जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित कटौती के अतिरिक्त होने वाली बिजली कटौती पर भी चिंता जताई और सुधार की मांग की। इस पर अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंताओं मगन सिंह और राजीव कुमार भारती को कटौती के समय के अलावा यथासंभव विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट मीटर की सुविधा और यूपीपीसीएल के कंजूमर ऐप के माध्यम से बिजली खपत व बिल भुगतान की जानकारी दी। उन्होंने जनपद कन्नौज के अन्तर्गत विद्युत सुधार से सम्बन्धित योजनाओं के कार्यो की विवरण पुस्तिका भी जिला पंचायत अध्यक्ष को भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने तीनों अभियंताओं को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया ।

## खरीफगोष्ठी में किसानों को बाजरा के बीज और मृदा स्वास्थ्य किट दी गई



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। सांसद मुकेश राजपूत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने जिला स्तरीय खरीफ गोष्टी का शुभारंभ कर शिक्षकों को जैविक कीटनाशक किट तथा राजी बाजरा तिल तिल के मिनी किट एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किसानों को किया

कृषि विभाग की ओर से आयोजित खरीफ गोष्ठी में सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि किसान आवश्यकता से ज्यादा उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं जिससे मृदा स्वास्थ्य खराब हो रही है तथा अनाज खाने से लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियां बीपी शुगर एवं कैंसर पड़ रही है उन्होंने वैज्ञानिकों द्वारा बताएगी मात्रा के अनुसार ही खाद का प्रयोग करने की सलाह दी साथ ही हरी खाद गोबर की खाद का प्रयोग करने पर जोर दिया

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि राज्य सरकार एवं भारत सरकार कृषकों के हितेषी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जनपद में पहली बार मक्का बार मूंगफली की सरकारी खरीद की जा रही है तथा जिले में पीएम सम्मन किसान निधि के ढाई लाख लाभार्थी कृषक हैं जिन्हें भारत सरकार की ओर से प्रतिवर्ष दो.दो हजार की तीन किश्ते उपलब्ध कराई जा रही है उन्होंने सभी किसानों से नवीनतम कृषि तकनीकी का प्रयोग करने की सलाह दी इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्रा जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह का प्रमुख पशु चिकित्सा अधिकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने कृषि विभाग की ओर से किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गोष्ठी में भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने भी विचार व्यक्त किये

## खबर एक नज़र

### कम्युनिस्ट पार्टी ने जिले में 351 स्कूल बंद करने के विरोध में डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन




फर्रूखाबाद। कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने पेयरिंग स्कीम के तहत स्कूल बंदी के निर्णय के खिलाफजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन में कहा गया है किउत्तर.प्रदेश सरकार द्वारा जिन स्कूलों में पचास से कम बच्चे हैं उन स्कूलों को बंद कर बच्चों को दूसरे स्कूल में समायोजित कर दिया गया है सरकार के इस जन विरोधी निर्णय से पूरे प्रदेश में इस दायरे में आने वाले पांच हजार स्कूल बंद हो गये है। जिले में भी 351स्कूल बंद करने का निर्णय लिया गया है और अभी तक 150 स्कूल बंद भी कर दिये गये हैं। पिछले दस वर्षों में वैसे भी उत्तर.प्रदेश में लगभग सत्ताईस हजार स्कूल बंद किये जा चुके है सरकार का यह निर्णय घोर जन.विरोधी तथा शिक्षा के बुनियादी अधिकार पर चोट करने वाला है। ज्ञापन देने वालों में सीपीआई;एमद्ध के जिलामंत्री सुनील कुमार कटियार रामकुमार संतोष कुमार बलवीर सिंह उत्तम कुमार प्रमोद कुमार शाक्य अभिषेक कुमार भिखारी लाल अजीत कुमार विकास राठौर आशाराम समाजवादी पार्टी से सुभाष चंद्र शाक्य देवेंन्द्र सिंह आम आदमी पार्टी से जितेन्द्र सिंह आदि है

### एनडीआरएफने अमृतपुर तहसील में बाढ़ से निपटने का डेमो कर बचाने के उपाय बताएं



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। अमृतपुर तहसील सभागार में आपदा मोचक दल ;एनडीआरफद्ध ने बाढ़ के खतरे से निपटने की तैयारी को लेकर गुरुवार को डेमो कियाइस दल ने लेखपालों कानूनगो और अधिकारियों को आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ की छह सदस्यीय टीम एसआई आनंद कुमार के नेतृत्व में पहुंची और बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के घरेलू व सुलभ उपायों का प्रदर्शन किया। टीम ने बोतल लकड़ी नारियल और रस्सियों से बचाव के तरीके सिखाए।स्ट्रेचर की अनुपलब्धता में कैसे घायलों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जाए इसका भी अभ्यास कराया गया। सीपीआर सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की तकनीकों की भी जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान तहसील स्तर के सभी कर्मचारी सक्रिय रूप से मॉक ड्रिल में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल आशीष ने किया जबकि एसडीएम अतुल कुमार सिंह इंचार्ज तहसीलदार अभिषेक सिंह सहित क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे। एनडीआरएफकी इस पहल को प्रशासन और स्थानीय लोगों ने सराहा। अधिकारियों का कहना है कि यह मॉक ड्रिल भविष्य में संभावित आपदा से निपटने के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

### वर्मा नदी में बना रपटा हुआ धराशायी, ग्रामीणों ने पानी में उतर कर किया धरना प्रदर्शन

महोबा स जिले के विकासखण्ड पनवाडी में नौगाव फदना मार्ग पर लगभग 30 वर्ष से बना रपटा धराशाई हो गया स रपटा टूटने से आधा दर्जन गांवों का सम्पर्क टूट गया है स लगातार हो रही बारिश से के चलते जलस्तर बढ़ जाने से वर्मा नदी में बना रपटा धराशायी हो गया स रपटा टूटने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पानी में उतर कर टूटे हुए रपटा की जगह पुल का निर्माण कराए जाने को लेकर धरना प्रदर्शन कर जल्द से जल्द बनाए जाने की माँग जिला प्रशासन से की है स ग्रामीणों ने बताया कि रपटा बहुत सालों का बना हुआ है न तो इस रपटे की कभी मरम्मत की गई जिससे वह धराशायी हो गया है स अधिक बर्षा होने पर जल स्तर बढ़ जाने से लोगो निकलने मे हर साल भारी दिक्कते होती है और बच्चे स्कूल नहीं जा पाते है स खाने का सामान लाने के साथ मरीजों को इलाज का अभाव हो जाता है स ग्रामीणों का कहना है कि जब तक वर्मा नदी में पक्का पुल नही बनता है तब तक पानी में खड़े होकर धरना चलता रहेगा स किसान यूनियन ने कहा है कि अगर जिला प्रशासन द्वारा हमारी समस्याओं पर जल्द ध्यान नही दिया गया तो उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होगे स कहा कि अगर पुल बन जाएगा तो हर साल की समस्याओं से गाव की जनता को निदान मिल सकता है

## किसानों के साथ सरकार विश्वास घात कर रही है-कमलेश कुमार

**-किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति गुट राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**फर्रूखाबाद।** कमालगंज में भारतीय किसान यूनियन के श्रमिक जनशक्ति गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कुमार देर शाम यहां पहुंचे एक रेस्टोरेंट में नगर के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्होंने कार्यकर्ताओं से परिचय तथा हाल.चाल पूछे

राष्ट्रीय अध्यक्ष मीडिया से रूबरू हुए मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि आज किसान खाद की कालाबाजारी से त्राहि त्राहि कर रहा है छुट्टा पशु फसल को तैयार नहीं होने देते हैं गौशाला की सुविधाओं पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे कई मुद्दे हैं जो किसानों के लिए घातक बताएं स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी गांव गांव पशुओं का टीकाकरण नहीं कर रहे कृषि विभाग भी सरकार की मनो दशा को साफ उजागर कर रहा है किसानों को आवश्यकता के बीच ढेंचा मूंग उर्द आदि राजकीय कृषि बीज केंद्रों पर उपलब्ध नहीं कराए गए सरकार द्वारा कराए गई मिट्टी जांच में करोड़ों का घोटाला हुआ मिट्टी जांच का कोई भी विवरण सरकार के पास उपलब्ध नहीं है सरकार आज प्राथमिक विद्यालय बंद कर रही है जो गरीब तबके के किसान के बच्चों को शिक्षा से दूर किया जा रहा है वहीं शराब के ठेके खोलकर बच्चों को नशे का आदी बनाकर उनके जीवन को बर्बाद करने का काम सरकार कर रही है शराब के ठेके अधिक होने के कारण आज हमारा 14 साल का युवा नशे की लत का आदी हो चुका है वहीं कावड़ यात्रा के नाम पर लोगों को बांटा जा रहा है किसी भी नेता मंत्री और अधिकारी के बेटे कावड़ यात्रा में शामिल नहीं हो रहे कुछ वर्ग विशेष के लोगों ने पूजा और धर्म को व्यवसाय बना लिया राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्येंद्र कुमार मौर्य राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य सर्वेश सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक यादवए जिला अध्यक्ष मनोज यादवए नगर अध्यक्ष आकाश कटियार महिला मोर्चा मंडल सचिव संतोषी यादव सहित सैकड़ो की संख्या में किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे


ख्8रू08 च्डए 7ध्17ध्2025, ैनतमी श्रप ज्ञंदचनतरू एम एल सी आशीष यादव का मनाया जन्मदिन

एटा.आशीष यादव ;आशूद्धएमएलण्सी का आज उनके आवाश पर बडी धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। सुबह से ही उनके गांधी मार्केट स्थिति सुन्दर भवन आवास पर बँधाई देने बालों का देर रात्रि तक ताँता लगा रहा।बधाई देने बालों मे प्रमुख रुप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख बजीर सिंह यादव अनिल यादव पूर्व प्रधानए शराफत अली ष्कालेष्शान्तनु चौहान सभासद देवेन्द्रसिंह यादव मनोज यादव कुलदीप यादव जिला पंचायत सुधीर यादव सदस्य के अलावा सैकडो लोग शामिल रहे।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु डाल नहर खण्ड, हमीरपुर

### ई-निविदा सूचना संख्या-01/ल०डा०न०ख०ह०/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से सिंचाई उ० प्र० के वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रम संख्या /लॉट संख्या | कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (लाख रु० में) जी०एस०टी० अतिरिक्त नियमानुसार | कार्य की मात्रा | धरोहर धनराशि (रु० में) | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु० में) (जी०एस०टी० + स्टेशनरी शुल्क सहित) | ठेकेदार/फर्म की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of RCC retaining wall for retaining earth (Chainage - 15.00m to 39.00m) including shuttering, reinforcement, backfilling, drainage provisions, and all associated civil works as per approved drawings and specification at first stage of new Vindhyawasini-Bhaura Danda Pump Canal, Village-Bhaura Danda, Block-Sumerpur, Tehsil-Sadar Hamirpur, Distt.-Hamirpur with all cost of material, labour and T&P etc. for proper completion of work in supervision of Engineer in charge. (GST will be paid extra as per govt. norms). | 33.18 | As per Schedule-B | 67000 | 90 days | 854 | B and above (Civil) |
| 2 | Construction of RCC retaining wall for retaining earth (Chainage - 39.00m to 63.00m) including shuttering, reinforcement, backfilling, drainage provisions, and all associated civil works as per approved drawings and specification at first stage of new Vindhyawasini-Bhaura Danda Pump Canal, Village-Bhaura Danda, Block-Sumerpur, Tehsil-Sadar Hamirpur, Distt.-Hamirpur with all cost of material, labour and T&P etc. for proper completion of work in supervision of Engineer in charge. (GST will be paid extra as per govt. norms). | 33.18 | As per Schedule-B | 67000 | 90 days | 854 | B and above (Civil) |
| 3 | Erection and Installation of Barge including Planking Work comprising the supply, fabrication, installation, and fixing of wooden planks on the barge surface or associated access areas, mobilization of equipment and manpower, handling of barge components, erection and alignment of barge structure, welding/fabrication, inspection, testing, launching/floating, and all allied works necessary for successful erection and installation of the barge as per approved technical specifications at first stage of new Vindhyawasini-Bhaura Danda Pump Canal, Village-Bhaura Danda, Block-Sumerpur, Tehsil-Sadar Hamirpur, Distt.-Hamirpur with all cost of material, labour and T&P etc. for proper completion of work in supervision of Engineer in charge. (GST will be paid extra as per govt. norms). | 13.92 | As per Schedule-B | 28000 | 45 days | 767 | A (Mechanical) |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख ई-टेन्डर की वेबसाइट https://etender.up.nic.in, सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in, उ०प्र० सरकार की वेबसाइट http://upgov.up.nic.in एवं सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic पर उपलब्ध हैं। उक्त निविदा दिनांक 21.07.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक 28.07.2025 को अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक - 28.07.2025 को अपरान्ह 03.30 बजे गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जाएगी।

उ0प्र0 236021 दिनांक- 17.07.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशाषी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड, हमीरपुर

# अब भारत को 'प्लास्टिक क्षेत्र का विश्वगुरु' बनाने की तैयारी

## भारत को दुनिया का प्लास्टिक हब बनाने का संकल्प, तीन वर्षों में प्लास्टिक निर्यात में चार गुना वृद्धि का लक्ष्य

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** भारत का प्लास्टिक उद्योग अब केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है बल्कि सरकार का सहयोग, उद्योग जगत की प्रतिबद्धता और श्रमशक्ति की उद्यमशीलता की त्रिशक्ति एकजुट होकर भारत को 'प्लास्टिक क्षेत्र का विश्वगुरु' बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए जो लक्ष्य तय किया गया है उसके मुताबिक भारत को दुनिया का प्लास्टिक हब बनाने की तैयारी हो रही है और अगले तीन वर्षों में देश के प्लास्टिक निर्यात में चार गुना वृद्धि करने का संकल्प लिया गया है। भारत को दुनिया का प्लास्टिक हब बनाने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से एमएसएमई क्षेत्र के कांधों पर है और देष में इस समय 50,000 से अधिक प्लास्टिक आधारित एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं जो 46 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार प्रदान कर रही हैं। अब अगले तीन साल में चार गुना निर्यात में वृद्धि का लक्ष्य हासिल कर लिए जाने के बाद



इस क्षेत्र में कार्यरत एमएसएमई में कार्यबल का आंकड़ा 60 लाख से अधिक रोजगार तक पहुंच जाएगा। हालांकि सरकार की ओर से साफकर दिया गया है कि इसमें स्वास्थ्य और पर्यावरण का भी पूरा ध्यान रखा जाए और इसी के तहत प्लास्टिक उद्योग से स्व-नियमन अपनाते हुए प्रतिबंधित सामग्री के निर्माण और विपणन पर स्वयं अंकुश लगाने वर्ना सख्त व बाध्यकारी सरकारी नीति-नियमों को स्वीकार करने के लिए तैयार रहने की बात कही गई है। ऑल इंडिया प्लास्टिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए) द्वारा राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में एमएसएमई मंत्रालय के अपर सचिव एवं विकास आयुक्त डॉ. रजनीश और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पेट्रोकेमिकल्स) दीपक मिश्रा ने उक्त बातों की जानकारी देते हुए बताया कि देश अब आयात-प्रतिस्थापन की नीति से आगे बढ़कर निर्यात-संचालित विकास की दिशा में बढ़ रहा है। दीपक मिश्रा ने बताया कि भारत का प्लास्टिक निर्यात इस समय सालाना लगभग 4.5 अरब डॉलर जबकि आयात तकरीबन 5 अरब डॉलर का है। यानी प्लास्टिक क्षेत्र में देश को लगभग 0.5 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो रहा है जिसे पाटने के साथ ही अब अब सरकार की रणनीति वैश्विक बाजार में भारत की उपस्थिति मजबूत करने की है। इसके लिए यूएस, यूके, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया जैसे उपभोक्ता बाजारों के साथ नई एफ्टीए संधियां की जा रही हैं जिससे टैरिफमें 2 से 5 फीसदी तक की छूट का लाभ उठाकर प्रतिस्पर्धा में भारत अपनी बढ़त बना सकता है। इस मौके पर एआईपीएमए गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन अरविंद मेहता ने बताया कि प्लास्टिक फिनिश्ड उत्पादों का वैश्विक व्यापार करीब 1300 अरब डॉलर का है जिसमें अभी भारत की हिस्सेदारी केवल 12.5 अरब डॉलर की है। प्लास्टिक की व्यापक वैश्विक मांग की जिक्र करते हुए मेहता ने कहा कि अकेले अमेरिका ही 72.35 अरब डॉलर का प्लास्टिक आयात करता है लिहाजा इस क्षेत्र में विकास और विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं।

## तीन दिन से बैंक का सर्वर फेल, खाताधारक परेशान

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के बरी गांव स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा हलिया का तीन दिनों से सर्वर फेल होने के कारण लेने देन ठप है। इससे दूर दराज से आने वाले खाताधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।धान की रोपाई के समय बड़ी संख्या में खाद बीज दवा के लिए किसान रुपये निकालने के लिए बैंक पहुंच रहे हैं। 30 से 40 किलोमीटर की दूरी तय कर बैंक आने वाले किसानों को सर्वर में गड़बड़ी की वजह से निराश लौटना पड़ रहा है।मधोर गांव निवासी बैजनाथ का कहना है कि इस समय फसलों के बुआई का समय चल रहा है। पैसे के लिए तीन दिन से बैंक के चक्कर काट रहे हैं।मवई खुर्द निवासी श्याम बहादुर सिंह का कहना है कि सर्वर फेल होने के कारण बच्चों की फीस नहीं जमा कर पा रहे। मतवार के फूलचंद ने बताया कि तीन दिन में 600 रुपये खर्च कर बैंक के चक्कर काटने को मजबूर है।

## विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 18-19 जुलाई को प्रवेश परीक्षा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए परीक्षाएं तीन पालियों में उमानाथ इंजीनियरिंग संस्थान में 18 व 19 जुलाई 2025 को आयोजित की गई है. 18 जुलाई को प्रथम पाली 9ः00 से 11ः00 में डी. फार्मा और बीकॉम ऑनर्स में प्रवेश परीक्षा, दुसरी पाली 12ः00 से 2ः00 तक में एलएलबी 5 वर्ष इंटीग्रेटेड, बीटेक के 10 प्रोग्राम में तथा तृतीय पाली 3ः00 से 5ः00 में बीसीए होना है.19 जुलाई को प्रथम पाली 9ः00 बजे से 11ः00 बजे बीएससी के सभी प्रोग्राम में, दुसरी पाली 12ः00 से 2ः00 के एमबीए, एमबीए के फाइनेंस एंड कंट्रोल, एचआरडी, ई-कॉमर्स, बिजनेस इकोनॉमिक्सम तथा तीसरी पाली 3ः00 से 5ः00 के बीच बीबीए, एल एल म, एमसीए, इंटीग्रेटेड एमसीए, एमएससी के बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी परीक्षा होनी है समन्वयक पीयूकैट ने बताया कि कुल 34 विषयों के लिए प्रवेश पत्र जारी किया गया है अभ्यर्थी अपने समर्थ लागिन से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## महिला से मारपीट, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी सीता देवी पत्नी कमलेश ने बुधवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की बुधवार की दोपहर 12 बजे विपक्षी गांव निवासी राजेश मेरे दरवाजे के सामने आम रास्ता को फावड़ा से नष्ट करने लगे तो मैंने मना की जिस पर विपक्षी माँ बहन की भद्दी भद्दी गलियां देते हुए पटक कर मारने लगा। बीच बचाव में पति कमलेश पहुँचे तो लक्ष्मीन, हीरामनी, बृज नारायण आए और लाठी डंडा से मारे पीटे जिससे सिर में चोटे आई जाते समय जान से मारने की धमकी दिए। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया।जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा मेडिकल परीक्षण किया गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला कि तहरीर पर चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।


### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 5899/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410005899
पूजा आहूजा बनाम जगदीश बरारा आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. पूजा आहूजा पत्नी स्व. रमन आहूजा निवासिनी म.नं. 122/110 बी, सरोजनी नगर कानपुर नगर ...आवेदिका/भूस्वामिनी

बनाम– 1. जगदीश बरारा पुत्र अज्ञात निवासी म.नं. एम.पी.–1 दबौली रतनलाल नगर कानपुर नगर व दुकान का पता 122/110 बी, सरोजनी नगर कानपुर नगर 2. सुरजीत सिंह भाटिया पुत्र ध्यान सिंह निवासी म.नं. 122/180 'ए' सरोजनी नगर कानपुर नगर व दुकान का पता 122/110बी सरोजनी नगर कानपुर नगर..विरोधी पक्षकारगण/किराएदार

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 21(2) उ.प्र. नगरीय परिसर विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-804/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय उपजिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर
वाद सं. आर.एस.टी. 15952/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. टी202503410115952
अखिलेश कुमार शुक्ला बनाम श्रीमती रामजानकी आदि
अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006

1. अखिलेश कुमार शुक्ला वयस्क पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शुक्ला उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम मकसूदाबाद पोस्ट टिकरा तहसील व जिला कानपुर नगर. ...वादी

बनाम– 1. श्रीमती रामजानकी वयस्क पत्नी स्व. राम नारायण पुत्री स्व. महाबीर निवासिनी ग्राम नौरंगाबाद तहसील परगना व जिला कानपुर नगर 2. श्रीमती रमाकान्ती वयस्क पत्नी रामचन्द्र पुत्री स्व. महाबीर निवासिनी हाल पता 309 पुराना शिवली रोड गली नं. 3 कल्यानपुर कानपुर नगर 3. श्रीमती विष्णुकान्ती वयस्क पत्नी अखिलेश तिवारी पुत्री स्व. महाबीर निवासिनी 122 श्याम विहार नया शिवली रोड कल्यानपुर खुर्द कानपुर नगर 5. ग्राम सभा नौरंगाबाद तहसील/परगना सदर जनपद कानपुर नगर द्वारा ग्राम प्रधान धारा 116 उ.प्र. रा.सं. ग्राम नौरंगाबाद प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 151 दीवानी प्रकिया संहिता सन् 1908

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 17.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-804/K-CN


## डा. त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल के प्रथम पुण्यतिथि पर की गई श्रद्धांजलि सभा

**हलिया(मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के अन्तर्गत ग्राम सभा नदौली में संस्कृत के प्रकांड विद्वान डॉ त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल की प्रथम पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।सभा में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ शुक्ल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रोफेसर रमेश चंद्र ओझा ने कहा कि डॉ त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल जीवन भर संस्कृत के लिए कार्य करते रहे। मिर्जापुर की पावन धरती उनकी इस सेवा के लिए सदैव ऋणी रहेगी। भाजपा के पूर्व



जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बालेन्दु मणि त्रिपाठी ने कहा कि डॉ त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल का जीवन उच्च पद पर रहते हुए भी सादगी पूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ शुक्ल संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए मिर्जापुर जनपद में संस्कृत को बढ़ावा दिया।

## युवती से छेड़खानी के विवाद को लेकर मारपीट में आठ लोग घायल

**शाहगंज जौनपुर।** क्षेत्र के ताखा पूरब गांव में बुधवार की रात एक युवती से छेड़खानी के मामले को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में आठ लोग घायल हो गए।सभी घायलों को उपचार के लिए राजकीय पुरुष चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव की एक युवती ने आरोप लगाया कि पड़ोस में हुई एक मौत पर वह उस परिवार में गई थी, जहां से लौटते वक्त गांव का ही युवक उसके साथ छेड़खानी करने लगा।


### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 2802/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410002802
सुमन भटनागर आदि बनाम श्री श्याम श्रीवास्तव
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. सुमन भटनागर उम्र लगभग 77 वर्ष पत्नी श्री शान्ती स्वरूप भटनागर निवासी सी–525 श्यामनगर कानपुर नगर आदि 5. सीमेन्द्र भटनागर उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र श्री शान्तीस्वरूप भटनागर निवासी सी–525 श्याम नगर कानपुर नगर मो.नं. 6306509135 प्रार्थी सं. 5 स्वयं व बतौर मुख्तारआम प्रार्थी सं. 1 लगायत 4 बहक हस्ताक्षरित कर प्रस्तुत कर रहा है....आवेदकगण/मकान मालिक

बनाम– श्री श्याम श्रीवास्तव वयस्क आयु लगभग 65 वर्ष पुत्र स्व. प्रेम श्रीवास्तव निवासी 105/696 भन्नानापुरवा चमनगंज कानपुर नगर ..विपक्षी/किरायेदार

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 21(2) (2) (ड़) च,ज,ड, उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 17.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-804/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 5901/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410005901
ब्रिजमोहन आहूजा आदि बनाम जगदीश बरारा आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. ब्रिजमोहन आहूजा पुत्रगण स्व. कुन्दनलाल आदि निवासीगण म.नं. 122/110बी, फजलगंज कबाड़ी मार्केट आर.के. नगर सरोजनी नगर कानपुर नगर ...आवेदकगण/भूस्वामीगण

बनाम– 1.जगदीश बरारा पुत्र अज्ञात निवासी म.नं. एम.पी.–1 दबौली रतनलाल नगर कानपुर नगर व दुकान का पता 122/110बी, सरोजनी नगर कानपुर नगर 2. सुरजीत सिंह भाटिया पुत्र ध्यान सिंह निवासी म.नं. 122/180 'ए' सरोजनी नगर कानपुर नगर व दुकान का पता 122/110बी, सरोजनी नगर कानपुर नगर..विरोधी पक्षकारगण/किराएदार

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 21(2) उ.प्र. नगरीय परिसर विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-804/K-CN

### कानपुर सेन्ट्रल – लोकमान्य तिलक (ट) सुपरफास्ट गाड़ी का डभौरा स्टेशन पर प्रयोगिक ठहराव

भारतीय रेल द्वारा आपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कानपुर सेन्ट्रल–लोकमान्य तिलक (ट) सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी का डभौरा स्टेशन पर प्रायौगिक ठहराव प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:–

गाड़ी संख्या 04151/04152 कानपुर सेन्ट्रल -लोकमान्य तिलक (ट) सुपरफास्ट रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन | सार्वजनिक संचालन समय | | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | |
| 04151 कानपुर सेन्ट्रल-लोकमान्य तिलक (ट) | डभौरा | 18:48 | 18:50 | 18.07.2025 |
| 04152 लोकमान्य तिलक (ट) -कानपुर सेन्ट्रल | डभौरा | 10:55 | 10:57 | 19.07.2025 |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1265/25 (C)

### उत्तर मध्य रेलवे

No. EL-C-PRYJ-203-23-24/Public Notification दिनांक : 17.07.2025

**सार्वजनिक अधिसूचना**

उत्तर मध्य रेलवे के **झाँसी** मंडल के **बांदा** से **खुरहण्ड दूसरी** लाइन के आसपास नीचे दिए गये सेक्शन में 25 के. वी. ए. सी 50 हर्टज्स ओवर हैड ट्रैक्शन वायर इस तारीख को/तक चार्ज कर दिया जायेगा। इस तारीख को/से ओवरहेडलाइन को हर समय चार्जलाइन की तरह ट्रीट किया जायेगा और कोई भी अनअथोराइज आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नही करेगा और न ही **कार्य** करने की कोशिश करेगा।

| सैक्शन | किलोमीटर/लोकेशन/चैनेज | |
|---|---|---|
| | से | तक |
| उत्तर मध्य रेलवे के **झाँसी** मंडल के **बांदा** से **खुरहण्ड दूसरी** लाइन (कि.मी. 1320.002 से कि.मी. 1339.180) में 25 kV, 50 Hz AC विद्युतीकरण का कार्य। | 1. दूसरी लाईन (बांदा से खुरहण्ड) (Loc-1319/23 CH-1320.002) | 1. दूसरी लाईन (बांदा से खुरहण्ड) (Loc-1339/6 CH-1339.180) |

चार्ज करने की तिथि : 15.08.2025 or After

खैरार-मानिकपुर खंड, स्थान-प्रयागराज 1256/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

E-Tender Notice no. ET-51/Elect./CHG-PRYJ/2025-26 दिनांक 15.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विधुत अभियन्ता (कोचिंग) उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित फार्म पर **E-Tender** दिनांक 06.08.2025, समय 15:00 बजे तक आमन्त्रित करते है। निविदा के सम्बन्ध में मुख्य सूचनायें निम्नवत् है-


| | |
|---|---|
| **निविदा सं0 : ETCHG-51** | **कार्य की लागत (रू0 में) : रू0 23,14,00,901.67** |
| **कार्य का नाम** : प्रयागराज मण्डल में विभिन्न ट्रेनों में एल.एच.बी. वातानुकूलित कोचों में लगे विभिन्न प्रकार के आर.एम.पी.यू. यूनिट एवं उससे सम्बद्ध उपकरणों का संचालन, एस्कार्टिंग एवं रखरखाव का तीन वर्ष के लिये वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध। | |
| **धरोहर राशि (रू0 में) : रू0 13,07,000.00** | **समयावधि : 03 वर्ष** |
| **टेन्डर फार्म की कीमत (रू0 में) : NIL** | **निविदा का प्रकार : कार्य (खुली निविदा)** |

**नोट :-** **1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **15:00 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **IT Act-2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5.** निविदा सूचना को निम्नलिखित वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। **www.ncr.indianrailways.gov.in** **6.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **7.** ईएमडी का भुगतान केवल ऑनलाइन कई बैंक की नेट, डेबिट और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जाना चाहिए। **8.** पात्रता मापदन्ड- **(क)** निविदाकर्ता ने इनमें से किसी एक को सफलतापूर्वक पूरा किया होगा या पर्याप्त रूप से पूरा किया होगा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान काम की निम्नलिखित श्रेणियां, पिछले महीने के अंतिम दिन को समाप्त करना एक जिसमें निविदा आमंत्रित की जाती हैः कम से कम तीन समतुल्य कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% से कम न हो। **या** कम से कम दो समतुल्य कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% से कम न हो। **या** कम से कम एक समतुल्य कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% से कम न हो। 'समतुल्य कार्य' की परिभाषा इस प्रकार है, कार्य के संतोषजनक निष्पादन से मतलब है- **i.** एसी कोचों के रूफ माउंटेड पैकेज यूनिट का निर्माण/आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **या ii.** एसी कोचों के रूफ माउंटेड पैकेज यूनिट की ओवरहालिंग, रखरखाव। **या iii.** विद्युत नियंत्रण पैनल के साथ न्यूनतम 5 टन केंद्रीकृत एसी प्लांट का निर्माण/आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **या iv.** विद्युत नियंत्रण पैनल के साथ न्यूनतम 5 टन केंद्रीकृत एसी प्लांट की ओवरहालिंग, रखरखाव **(ख)** निविदा पात्रता मानदंड में बोली क्षमता भी शामिल है। निविदाकर्ता तभी योग्य होगा जब उसकी उपलब्ध बोली क्षमता वर्तमान निविदा के कुल बोली मूल्य के बराबर या उससे अधिक हो। उपलब्ध बोली क्षमता की गणना निम्नानुसार की जाएगीः उपलब्ध बोली क्षमता = [A x N x 2] - 0.33xNxB जहाँ, A= पिछले तीन वित्तीय वर्षों या चालू वित्तीय वर्ष (निविदा आमंत्रित करने की तिथि तक) में से किसी एक में निष्पादित निर्माण कार्यों और प्राप्त भुगतान का अधिकतम मूल्य, पूर्ण हो चुके और प्रगति पर चल रहे कार्यों को ध्यान में रखते हुए। N= कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। B= निविदा समापन तिथि से एक माह पूर्व की तिथि तक निविदाकर्ता के पास मौजूदा प्रतिबद्धताओं का मूल्य और चल रहे कार्यों की शेष राशि, जिन्हें अगले 'N' वर्षों में पूरा किया जाना है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना ऑडिटेड बैलेंस शीट के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल संविदात्मक भुगतानों" के औसत के रूप में की जाएगी। हालाँकि, यदि पिछले वर्ष की बैलेंस शीट अभी तैयार/ऑडिट की जानी है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की ऑडिटेड बैलेंस शीट पर विचार किया जाएगा। निविदाकर्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा विधिवत प्रमाणित ऑडिटेड बैलेंस शीट की प्रतियों/ऑडिटेड बैलेंस शीट द्वारा समर्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट से प्रमाण पत्र के साथ अनुलग्नक **-VIB** के अनुसार अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत करेंगे। **(ग)** जीसीसी 2022 में निहित तकनीकी और वित्तीय पात्रता मानदंड या उसके बाद कार्य अनुबंध के लिए किसी भी संशोधन को बोलीदाताओं के मामलों में समाप्त किया जा सकता है, जो या तो ओईएम है या संबंधित कार्य अनुबंधों के लिए आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित स्त्रोत हैं। यह छूट विभिन्न सुरक्षा/महत्वपूर्ण मदों के लिए पीयू द्वारा अनुमोदित स्त्रोतों तक भी विस्तारित की जाएगी, जिन्हें बोर्ड के पत्र संख्या 2001/आरएस(जी) 7797 दिनांक 07.12.2016 माध्यम से पीयू को हस्तांतरित किया गया था। **(घ)** आरडीएसओ या पीयू में शामिल नहीं होने वाली फर्मों ने विभिन्न सुरक्षा/महत्वपूर्ण मदों के लिए अनुमोदित स्त्रोतों को जिन्हें पीयू को बोर्ड के पत्र सं. कार्य अनुबंधों के 2001/आरएस(जी)/779/7 दिनांक 07.12.2016 हस्तांतरित किया गया था, को जीसीसी 2022 या उसके बाद किसी भी संशोधन में निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा करना होगा **(ड)** निविदाकार के पास (ओइएम को छोड़कर यदि वे स्वयं सम्मिलित हो रहे हो। वैध विद्युत लाइसेंस होना चाहिए। 1249/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# क्षेत्र में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बंद

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में भारी बारिश के कारण आम जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र है थोड़ी सी बरसात से नदी नालों में उफान आ जाता है और नदियां खतरनाक हो जाती हैं। ड्रमडगंज से हलिया से जोड़ने वाला पुल तक पानी भर गया है आवागमन रुक गया है। बाजार के चौराहे पर नई पुलिया बनने के बाद जल की निकासी का कोई रास्ता होने के ना कारण चौराहे पर जल जमाव हो गया है। लोगों के घरों में पानी घुस गया है। देवघाट रोड ड्रमण्डगंज नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर तक जल जमाव है। बगल में नाला होने के कारण बदबूदार गंदगी युक्त पानी भरा हुआ है। स्थानीय कंपोजिट प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में 1 से 2 फुट पानी भरा हुआ है। क्षेत्र की सभी नदियां नाले उफान पर हैं आना जाना बंद हो गया है।



# अदवा नदी के पुल के ऊपर से पानी बहने से आवागमन बाधित

**हलिया(मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र में बुधवार कि शाम से ही हो रही झमाझम बारिश से अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने पर अदवा बांध के गेट खोलकर अदवा नदी में पानी छोड़े जाने से अदवा नदी का भी जलस्तर बढ़ गया। अदवा नदी का जलस्तर बढ़ने से अदवा नदी पर बने पुल के ऊपर से पानी चलने के कारण हलिया से हथेड़ा व हथेड़ा से हलिया आने जाने वाले लोगो का आवागमन बाधित हो गया है जिससे लोगो को तीन किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाने के बाद हलिया बाजार व हथेड़ा गांव में पहुंच रहे है। थाने पर फरियाद लेकर आने



वाले फरियादियों को भी अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को भी थाने पर पहुंचने के लिए भटवारी होकर सिंचाई विभाग के पुल से होकर जाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं अदवा नदी का पानी विजय व अजय के घर में घुस गया है।

## भारी बारिश के चलते ड्रमंडगंज घाटी में हुआ भूस्खलन

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज घाटी का मामला भूस्खलन होने से नेशनल हाईवे पर जगह-जगह पत्थर और मिट्टी का मलबा फैला पहाड़ों का पानी सड़क पर गिरने से सड़क बना नाला सड़क पर मलबा होने के कारण सड़क को किया गया है। वन वे जेसीबी और पोकलेन की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। एनएचएआई के सहायक अभियंता अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जल्द हटा लिया जाएगा। मलबा से मिर्जापुर रीवा आने जाने वाले हर दिन हजारों वाहनों को परेशानी हो रही है।


### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 5900/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410005900
ब्रिजमोहन आहूजा आदि बनाम परमजीत सिंह भाटिया
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. ब्रिजमोहन आहूजा पुत्रगण स्व. कुन्दनलाल आदि निवासीगण म.नं. 122/110बी, फजलगंज कबाड़ी मार्केट आर.के. नगर सरोजनी नगर कानपुर नगर ...आवेदकगण/भूस्वामीगण

बनाम– परमजीत सिंह भाटिया पुत्र स्व. गुरूचरन सिंह निवासी म.नं. 122/136 टॉप फ्लोर (थर्ड फ्लोर) सरोजनी नगर कानपुर नगर ..विरोधी पक्षकार/किराएदार

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 21(2) उ.प्र. नगरीय परिसर विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से,

सी.आर.-804/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 9216/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410009216
पुरुषोत्तम चंद्र गुप्ता बनाम राकेश कुमार गुप्ता
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. पुरुषोत्तम चंद्र गुप्ता आयु लगभग 80 वर्ष पुत्र स्व. दुलीचंद गुप्ता निवासी म.नं. 59/53–ए बिरहाना रोड कानपुर नगर...आवेदक/भवनस्वामी

बनाम– राकेश कुमार गुप्ता, वयस्क पुत्र स्व. शिव प्रसाद गुप्ता, निवासी (समन तामील का पता) म.नं. 152 चरारी लालबंग्ला, कानपुर नगर प्रतिष्ठान का पता कौशल फार्मास्ट्रयूकिलस स्थित म.नं. 59/53–ए, बिरहाना रोड कानपुर नगर...विरोधी पक्षकार/किरायेदार

वाद अन्तर्गत धारा 4(3)9,10 एवं 21(2)(ए) (बी), उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 06.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 17.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-804/K-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

### स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम MO-RAFEEQ से बदलकर RAFEEQ KHAN रख लिया है। पासपोर्ट नं. R3413774 में सुधारकर दर्ज किया जाये एवं जाना जाये। रफीक ख़ान पुत्र अजीज खान निवासी आबूनगर नई बस्ती, फतेहपुर।(30)

सी.आर.-804/K-30



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# ट्रंप सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि गुरुवार को सरकार के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। खासकर अप्रवासन नीति और स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती

**अप्रवासन-स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन**

के खिलाफ लोगों में गहरी नाराजगी है। दरअसल गुरुवार को अमेरिका में नेशनल एक्शन डे भी है, जो नागरिक अधिकार कार्यकर्ता जॉन लेविस के सम्मान में आयोजित किया जाता है। नेशनल एक्शन डे पर ट्रंप प्रशासन के खिलाफ देशभर में 1600 से ज्यादा जगहों पर विरोध प्रदर्शन किए गए। कई सामाजिक संगठन इन विरोध प्रदर्शनों का आयोजन कर रहे हैं। ऐसे ही एक संगठन पब्लिक सिटीजन की सह-अध्यक्ष लिजा गिलबर्ट ने कहा कि हम बेहद खराब दौर से गुजर रहे हैं। इस सरकार में नागरिक अधिकार, आजादी और लोकतंत्र को चुनौती दी जा रही है। अटलांटा, सेंट लुइस, ऑकलैंड, कैलिफोर्निया, एनापोलिस और मैरीलैंड में भी विरोध प्रदर्शन होंगे। बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया हुआ है। इस सरकार में अभी तक लाखों अवैध अप्रवासियों को अमेरिका से निकाला जा चुका है और लाखों पर निर्वासन की तलवार लटक रही है। बीते माह अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान लॉस एंजिलिस में हिंसा भड़क गई थी। हिंसा के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती के आदेश दिए थे। इस पर भी खूब विवाद हुआ था। कैलिफोर्निया के डेमोक्रेट गवर्नर ने इसे राज्य सरकार के अधिकार में दखल करार दिया था। इसके अलावा ट्रंप प्रशासन बजट में स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती करने की तैयारी कर रहा है। इस कटौती के बाद लाखों लोग स्वास्थ्य बीमा से बाहर हो जाएंगे। साथ ही सरकार कई सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी कटौती कर रही है। यही वजह है कि सरकार का विरोध बढ़ता जा रहा है।



# गाजा की एकमात्र कैथोलिक चर्च पर एयरस्ट्राइक

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में जारी युद्ध की विनाशकारी तस्वीरें एक बार फिर सामने आई हैं। इस बार हमला हुआ है गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च 'होली फैमिली

**इजरायल का हाथ होने की आशंका**

चर्च' पर, जहां गुरुवार सुबह की गई एयरस्ट्राइक में कई लोग घायल हो गए। घायलों में चर्च के पेरिश पादरी फादर गैब्रियल रोमानेली भी शामिल हैं, जो पोप फ्रांसिस के करीबी माने जाते थे और युद्ध के दौरान उनसे नियमित बातचीत करते थे।

चर्च के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला संभवतः एक टैंक शेलिंग के जरिए हुआ। हमले में चर्च की इमारत को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। फिलहाल इस पर इजरायली सेना की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

फादर गैब्रियल रोमानेली का नाम उन लोगों में आता है जो गाजा में शांति की आवाज बने रहे। उनकी पोप फ्रांसिस से नजदीकी ऐसी थी कि पोप ने युद्ध के दौरान अंतिम 18 महीनों में कई बार गाजा स्थित इसी चर्च में कॉल कर लोगों की स्थिति की जानकारी ली थी। फादर रोमानेली उन कॉल्स का अहम हिस्सा रहे हैं। गाजा में रहने वाले कई नागरिक इस चर्च में शरण लिए हुए थे, क्योंकि यह जगह अभी तक अपेक्षाकृत सुरक्षित मानी जा रही थी। इस हमले ने अब वहां छिपे हुए लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। होली फैमिली चर्च गाजा का एकमात्र कैथोलिक चर्च है। इस पर हुआ हमला यह दर्शाता है कि अब धार्मिक स्थल भी युद्ध की चपेट से बाहर नहीं हैं। यहां पहले महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शरण लिए हुए थे। चर्च पर हमला अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के तहत गंभीर चिंता का विषय बनता है। इस हमले के बाद मानवाधिकार संगठनों और धार्मिक संस्थानों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया आने की संभावना है।



## अलास्का में 7.3 तीव्रता झटके, सुनामी की चेतावनी

**अलास्का।** अमेरिका के अलास्का में भूकंप के तगड़े झटके लगने की खबर है। संबंधित एजेंसियों ने भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की है। भूकंप के झटके लगने के संबंध में भारत की एजेंसी- नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि बुधवार और बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात 2.07 बजे भूकंप के तेज झटके लगे। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र 36 किलोमीटर गहराई में पाया गया। एजेंसी के मुताबिक और अधिक भूकंप के झटके लगने की आशंका बनी हुई है।

# फेंटेनाइल ड्रग तस्करों को सजा-ए-मौत देगा चीन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए खासे

**ट्रंप बोले- इस पर बात कर रहे**

सक्रिय हैं। इसी क्रम में उन्होंने खतरनाक ड्रग्स फेंटेनाइल को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिकी प्रशासन चीन के साथ इसे लेकर एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके तहत अमेरिका में फेंटेनाइल की तस्करी करने वालों को चीन मौत की सजा देगा। उन्होंने यह भी कहा है कि चीन से तस्करी होकर अमेरिका में पहुंचने वाले फेंटेनाइल के कारण उनके देश का भारी नुकसान हुआ है। इसी कारण उन्होंने 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। बता दें कि इससे पहले इसी साल मार्च माह में इस खतरनाक ड्रग्स की अमेरिका में आमद रोकने के लिए अमेरिकी सीनेट में एक विधेयक भी लाया गया था। उन्होंने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं, लेकिन मैंने फेंटेनाइल के कारण चीन पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

# भारतीय-कनाडाई गैंगस्टर ओपिंदर अमेरिका में गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय अपराध से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एक भारतीय-कनाडाई गैंगस्टर को अमेरिका में गिरफ्तार

**अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडीकेट से जुड़े थे तार**

किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने एक कुख्यात आयरिश गिरोह के साथ मिलकर ड्रग्स की वैश्विक तस्करी का नेटवर्क चलाया। यह गिरफ्तारी न केवल कनाडा बल्कि अमेरिका, चीन, तुर्की और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के गहरे संबंध को उजागर करती है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओपिंदर सिंह सियान के रूप में हुई है। अमेरिकी ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी ने जून 2025 में उसे नेवाडा राज्य से गिरफ्तार किया था। अब उसे कैलिफोर्निया ले जाया जा रहा है, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कोर्ट दस्तावेजों के अनुसार, सियान अमेरिका, तुर्की और आयरलैंड के अपराधियों के साथ मिलकर चीन से नशीले पदार्थों के केमिकल मंगवाता था और फिर उसे ऑस्ट्रेलिया भेजता था। सियान, कुख्यात आयरिश माफिया समूह किनाहन गैंग के साथ मिलकर मेथामफेटामाइन और फेंटेनिल जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा था। यह गैंग पहले भी यूरोप और अमेरिका में ड्रग्स की तस्करी के लिए बदनाम रहा है। सियान की इस गिरफ्तारी से एक बार फिर इस गिरोह की अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग का पर्दाफाश हुआ है।



## एक नज़र

### बांग्लादेश में नहीं गिरेगा सत्यजित रे का पैतृक घर

**ढाका।** महान फिल्मकार सत्यजीत रे के बांग्लादेश स्थित पैतृक घर को अब नहीं गिराया जाएगा। दरअसल बांग्लादेश सरकार ने बांग्लादेश के मैमनसिंह स्थित सत्यजीत रे के पैतृक आवास को गिराने का काम रोक दिया है। साथ ही अब एक समिति गठित की गई है, जो सत्यजीत रे के पैतृक आवास का पुनर्निर्माण कराएगी। यह कदम भारत सरकार द्वारा चिंता जताए जाने के बाद सामने आया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सत्यजीत रे के घर को गिराए जाने की निंदा की थी और कहा था कि यह घर बंगाल के सांस्कृतिक इतिहास से गहराई से जुड़ा है। बांग्लादेश के शहर मैमनसिंह में स्थित यह घर सत्यजीत रे के दादा उपेंद्र किशोर रे चौधरी से जुड़ा है और उन्होंने इस घर में लंबा समय बिताया था। उपेंद्र किशोर रे चौधरी बंगाल साहित्य का बड़ा नाम हैं। हाल ही में खबरें सामने आई थी कि बांग्लादेश सरकार सत्यजीत रे के पैतृक घर को गिराने जा रही है। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने चिंता जताई थी।

### यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनीं यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको अब यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद यूक्रेनी संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। यूलिया पहले डिप्टी पीएम और अर्थव्यवस्था मंत्री थीं। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस श्मिहाल की जगह ली है। बतौर डिप्टी पीएम स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ खनिज डील कराने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी बेहद तारीफ हुई थी। नई कैबिनेट में कुछ और बदलाव भी हुए हैं। श्मिहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे लेकिन रक्षा मंत्री नहीं होंगे। उनकी जगह रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे। पहले जेलेंस्की ने श्मिहाल को रक्षा मंत्री बनाने की बात कही थी। जेलेंस्की ने एक दिन पहले यानी 16 जुलाई को पुरानी कैबिनेट को भंग कर दिया था।

### बलूचिस्तान में 20 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर विद्रोहियों के हमले में पाक आर्मी के एक मेजर समेत 20 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत की खबर है। ये हमले पिछले 12 घंटों में अवारान, क्वेटा और कलात जिलों में हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर किए गए थे। हालांकि, इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ग्रुप ने नहीं ली है, लेकिन इसमें फितना अल हिंदुस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के शामिल होने का शक है। वहीं, बलूचिस्तान के कालात में बुधवार को एक यात्री बस पर हमला हुआ, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमलावरों ने क्वेटा-कराची हाईवे पर नेमार्ग इलाके में घात लगाकर बस को रोका और अंधाधुंध गोलीबारी की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि हमलावरों ने सड़क के दोनों ओर से हमला किया।

### रूस में लड़कियों की कमी पर पुतिन ने जताई चिंता

**मॉस्को।** दुनियाभर में रूस को अपनी ताकत और डेमोग्राफिक असंतुलन की वजह से जाना जाता है. हालांकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि समाज में वैसी बात नहीं रही, 100 साल में काफी कुछ बदल चुका है. अब देश में 10 महिलाओं पर 9 पुरुषों वाला असंतुलन बदल चुका है. सच तो ये है कि अब रूस खुद ऐसी रशियन लड़कियों की संख्या में कमी से जूझ रहा है, जो बच्चों को जन्म दे सकें। रूस की केंद्रीय सांख्यिकी सेवा ने 1 जनवरी, 2025 तक की जनसंख्या का प्रारंभिक अनुमान अपनी वेबसाइट पर जारी किया है. इस डेटा के मुताबिक 1 जनवरी, 2025 तक रूस की अनुमानित कुल जनसंख्या 14 करोड़ 60,28,325 रही, जबकि साल 2024 में जनसंख्या में 0.08 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. रूसी डेमोग्राफर एलेक्सी रक्शा के मुताबिक साल 2025 के पहले तीन महीनों में रूसी महिलाओं ने सिर्फ 294,000 बच्चों को जन्म दिया, जो रूस में 225 साल की सबसे कम जन्म दर है. इस तरह के आंकड़े बताते हैं कि रूस का फर्टिलिटी रेट कम हो रहा है, जो उनकी मृत्यु दर को बढ़ाएगा. ये वैसी ही समस्या है, जैसी चीन झेल रहा है। हालांकि सांख्यिकी रिपोर्ट बताती है कि कुछ क्षेत्रों में जनसंख्या में वृद्धि भी देखी गई है. खासतौर पर मास्को, लेनिनग्राद और इंगुशेतिया क्षेत्रों में जनसंख्या धीरे-धीरे बढ़ी है. यह रिपोर्ट दिखाती है कि रूस की जनसंख्या में समग्र रूप से गिरावट हो रही है, लेकिन कुछ क्षेत्र अब भी सकारात्मक रुझान दिखा रहे हैं. रूस की सरकार इसके लिए काफी कोशिश भी कर रही है।

# बांग्लादेश में पैर पसार रहा जिहादी आतंकी समूह टीटीपी



**ढाका।** पाकिस्तान में वर्षों तक उत्पात मचाने के बाद, जिहादी आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अब बांग्लादेश में भी अपनी भर्ती और पैर पसारता दिख रहा है। भारत के साथ 4,000 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी सीमा साझा करने वाले बांग्लादेश में टीटीपी की गतिविधियां नई दिल्ली के लिए चिंता का विषय हो सकती हैं। स्थिति को और भी गंभीर बनाने वाली बात यह है कि बांग्लादेशी सुरक्षा और खुफिया प्रतिष्ठान इस ख़तरे से बेख़बर नज़र आते हैं। बांग्लादेश से कम से कम दो

**भारत के लिए हो सकता है चिंता का विषय**

पाकिस्तानी तालिबानी रंगरूटों के पाकिस्तान होते हुए अफ़ग़ानिस्तान जाने के सबूत मिले हैं। उनमें से एक अप्रैल में वज़ीरिस्तान में पाकिस्तानी सेना के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब मलेशिया ने जून में 36 बांग्लादेशी नागरिकों को आतंकवादी नेटवर्क से कथित संबंधों के आरोप में हिरासत में लिया था। टीटीपी मुख्य रूप से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा क्षेत्र में सक्रिय है। टीटीपी की गतिविधियों में वृद्धि की खबरें ऐसे समय में आ रही हैं जब अगस्त 2024 में शेख हसीना शासन के पतन के बाद बांग्लादेश में घरेलू जिहादी समूहों को बढ़ावा मिल रहा है। ढाका स्थित द डेली स्टार के अनुसार, जुलाई में बांग्लादेश की आतंकवाद-रोधी इकाई (एटीयू) ने टीटीपी से कथित संबंधों के आरोप में दो व्यक्तियों, शमीन महफूज और मोहम्मद फोयसल को गिरफ्तार किया था। अखबार के अनुसार, बांग्लादेशी अधिकारी खुफिया जानकारी के आधार पर संचालित अभियानों के माध्यम से खतरे को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बांग्लादेश पुलिस द्वारा 2017 में स्थापित एटीयू उन्नत खुफिया रणनीतियों का उपयोग करके ऐसे खतरों को लक्षित करता है। ये गिरफ्तारियाँ बांग्लादेशी डिजिटल आउटलेट द डिसेंट की मई में प्रकाशित एक रिपोर्ट के बाद हुई हैं, जिसमें खुलासा हुआ था कि कम से कम आठ बांग्लादेशी नागरिक वर्तमान में अफ़ग़ानिस्तान में टीटीपी के सदस्य के रूप में सक्रिय हैं। उनमें से एक को कथित तौर पर अप्रैल में पाकिस्तानी सेना ने मार गिराया था, हालांकि उसकी मौत की खबर बांग्लादेशी मीडिया में जुलाई में ही आई।

# ट्रंप सरकार के खिलाफ 20 राज्यों के मुकदमे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले 20 राज्यों ने संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (फेमा) के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। ये राज्य चाहते हैं कि लंबे

**प्राकृतिक आपदा से बचाव का अनुदान रद्द करने का मामला**

समय से चल रहे अनुदान कार्यक्रम को बंद करने का फैसला रद्द किया जाए। ये कार्यक्रम प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। मुकदमे में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अप्रैल में बिल्डिंग रेसिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कम्युनिटीज कार्यक्रम (ब्रिक) को समाप्त करने की घोषणा की, जो गैरकानूनी काम है। फेमा ने कुछ पहले से चल रही योजनाओं को भी रोक दिया और कांग्रेस से धन मिलने के बावजूद नई परियोजनाओं को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। मैसाचुसेट्स की अटॉर्नी जनरल एंड्रिया जॉय कैंपबेल ने कहा कि हाल ही में टेक्सास और अन्य राज्यों में बाढ़ से हुई तबाही दिखाती है कि ऐसे प्रोग्राम कितने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि जब संघीय सरकार ये मदद देना बंद कर देती है, तो इससे राज्यों और आम लोगों को बहुत नुकसान होता है। उन्होंने कहा, ब्रिक कार्यक्रम को अचानक और गैरकानूनी तरीके से बंद करके, यह प्रशासन उन राज्यों और स्थानीय समुदायों को छोड़ रहा है जो अपने निवासियों की सुरक्षा और आपदा की स्थिति में जान बचाने के लिए संघीय धन पर निर्भर हैं।




## अमेरिका में लाखों की चोरी करती पकड़ी गई भारतीय महिला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय महिला टारगेट स्टोर में लाखों रुपये के सामान की चोरी करते हुए पकड़ी गई। आरोपी महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है। महिला टारगेट स्टोर में सात घंटे से अधिक समय तक रही, जिससे स्टोर के स्टाफ को उसके स्वभाव पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने स्टोर से महिला को हिरासत में ले लिया। महिला पर 1300 डॉलर का सामान चुराने का आरोप है। पुलिस कर्मियों के शरीर पर लगे बॉडी कैम का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है।

# आशंका : ईरान में फिर बढ़ सकता है तनाव

**तेहरान।** जून में 12 दिनों तक चले खौफनाक युद्ध ने ईरान और इजरायल दोनों को झकझोर कर रख दिया. 13-24 जून तक चले इस युद्ध में दोनों देशों को भारी नुकसान हुआ. सैकड़ों

**नई घटनाएं दे रहीं खतरनाक संकेत**

लोग जख्मी हुए और अरबों डॉलर स्वाहा हो गए. 12 दिनों बाद भले ही इस वक्त युद्धविराम लागू है, लेकिन हवा में तनाव अब भी दिख रहा है. अब कुछ ऐसे संकेत सामने आए हैं जो इस बात की आशंका को हवा दे रहे हैं कि यह तनाव फिर से बढ़ सकता है. अगर इस बार लड़ाई होती है तो शायद पहले से भी ज्यादा खतरनाक रूप ले सकता है।

पहला संकेत रूस से जुड़ा है. ईरान ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक हाल के दिनों में रूसी सेना का आईएल-76 कार्गो प्लेन दो बार तेहरान में देखा गया. रूसी आईएल-76 विमान बेहद कम समय के लिए तेहरान में उतरा और तुरंत वापस मास्को लौट गया. इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि ये उड़ानें सिर्फ छोटे-मोटे हथियार नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ड्रोन या एडवांस्ड रडार सिस्टम लेकर आ रही हैं. यानी ईरान अपनी ताकत को फिर से मजबूत कर रहा है. ओपन-सोर्स सैटेलाइट ट्रैकर और विश्लेषकों ने पाया है कि इन लैंडिंग के तुरंत बाद ईरान के एयर डिफेंस में हलचल, नई तैनातियां और सैनिक गतिविधि बढ़ जाती है। दूसरा संकेत भारत की चिंता से पता चलता है. भारत ने अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा को लेकर एडवायजरी जारी की है. भारत ने बेहद जरूरी होने पर ही ईरान जाने को कहा है. साथ ही वहां रह रहे भारतीयों को भी वापस लौटने की सलाह दी गई है. ये तब है जब अमेरिका भी पहले ही अपने नागरिकों को ईरान से दूर रहने की चेतावनी दे चुका है. अमेरिका ने अपनी एडवायजरी में आतंकवाद, नागरिक अशांति, अपहरण, अमेरिकी नागरिकों की मनमानी गिरफ्तारी और गलत तरीके से हिरासत में लिए जाने के जोखिम का जिक्र किया है। तीसरा और सबसे बड़ा संकेत आया है ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की ओर से. बुधवार को उन्होंने इस बात को दोहराया कि 12 दिनों का इस्लामिक गणराज्य को कमजोर करने के लिए था. उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इजरायल या अमेरिका ने फिर हमला किया तो उन्हें इस बार 'पहले से बड़ा जवाब' मिलेगा. उनका बयान सीधे-सीधे एक धमकी जैसा है. उनके इस बयान से कई सवाल खड़े होते हैं. सबसे पहला सवाल यही कि क्या उन्हें ऐसी कोई जानकारी मिली है कि इजरायल फिर से अटैक प्लान कर रहा है।



## यूके में जन्मीं रमीत संधू करेंगी टीवी डेब्यू

भारत की सांस्कृतिक गहराइयों और जज़्बाती सच्चाइयों को दर्शाने वाले अनोखे नॉन-फिक्शन फॉर्मैट्स पेश करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, ज़ी टीवी एक बिल्कुल नए और ताज़गी भरे रियलिटी शो के साथ तैयार है - 'छोरियाँ चली गाँव'। यह शो 'इंडिया' और 'भारत' के बीच का फासला मिटाने का काम करता है, जहां 11 जानी-मानी, आत्मनिर्भर महिलाएं अपनी शहरी ज़िंदगी की तेज़ रफ़्तार और सुविधाओं को छोड़कर 60 दिनों से ज्यादा वक्त एक भारतीय गांव में बिताएंगी। इस सीज़न के लाइनअप में जो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है, वो हैं ब्रिटिश-इंडियन एक्ट्रेस, सिंगर और मॉडल रमीत संधू। यूके में जन्मीं और पली-बढ़ी रमीत दुनिया के कई ग्लोबल शहरों में रह चुकी हैं और एक तेज़ रफ्तार, मॉडर्न लाइफस्टाइल जी चुकी हैं। लेकिन पहली बार वो अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर एक बिलकुल असली और ज़मीन से जुड़ा अनुभव अपनाने जा रही हैं। अब वो एक भारतीय गांव में बेहद सीमित सुविधाओं के साथ रहेंगी, जहां ग्लैमर और लग्ज़री की जगह उन्हें एक सच्चे, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जीवन से जुड़ने का मौका मिलेगा। पंजाबी कल्चर की एनर्जी को मॉडर्न ग्लोबल स्टाइल के साथ सहजता से मिलाने के लिए पहचानी जाने वाली रमीत, शो में एक ऐसा चेहरा होंगे जो आधुनिक होने के साथ-साथ अपनी जड़ों से भी जुड़ा हुआ होगा। 'छोरियाँ चली गाँव' में रमीत की असली ताकतें उनके इस सफर का रास्ता तय करेंगी, जिनमें उनकी इमोशनल समझदारी, बदलाव को अपनाने की खूबी और अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने की गहरी चाहत शामिल होंगी। इतना ही नहीं, यह शो उनका पहला रियलिटी शो भी है, जिससे यह अनुभव और भी ज्यादा निजी और ट्रांसफॉर्मेटिव बन जाता है।




## मजेदार फैमिली कॉमेडी 'घरवाली पेड़वाली'

भारत के कुछ सबसे पसंदीदा कॉमेडी शोज़ जैसे कि भाबीजी घर पर हैं और हप्पू की उलटन पलटन से दर्शकों को हँसी की डोज़ देने वाला चैनल एण्डटीवी फैमिली एंटरटेनमेंट की दुनिया में अपनी मज़बूत पहचान बना चुका है। एण्डटीवी एक बार फिर हास्य और नयापन का तड़का लगाते हुए लेकर आ रहा है अपना नया फिक्शन शो 'घरवाली पेड़वाली'। यह एक मज़ेदार फैमिली कॉमेडी है, जिसमें है एक दिलचस्प सुपरनैचुरल ट्विस्ट। यह कहानी पृथ्वी मिश्रा नाम के भोले.भाले शख्स की है। जीतू की जिंदगी में हमेशा डबल पैटर्न देखने को मिला है। बचपन में दो माँ.बाप ने उसकी परवरिश कीए नौकरी में दो बॉस मिले और अब शादी के मामले में भी किस्मत ने उसे फंसा दिया है दो-दो पत्नियों के चक्कर में! दो-दो के फेर में फंसे जीतू का बस एक ही सपना था एक सिंगल शादी और एक प्यारी सी बीबी का, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर है। जब वो एक प्यारी और मार्डन लड़की सावी से शादी करने जा रहा था, तभी कुंडली के चक्कर में मजबूर होकर उसे एक पेड़ से शादी करनी पड़ी। सबको लगा ये सिर्फ एक रस्म है लेकिन अचानक उस पेड़ से एक भूतनी लतिका आ गई जो खुद को जीतू की पत्नी मानने लगी! अब जीतू की ज़िंदगी बन गई है एक मजेदार गड़बड़झाला, जो एक बार फिर .एक घरवाली और एक पेड़वाली . के डबल डिलेमा में उलझ कर रह गई है। एक तरफ असली बीवीए तो दूसरी तरफ भूतिया दुल्हन .जीतू की ज़िंदगी एक नहीं दो-दो शादी के झमेलों में फंस जाती है। उसकी ज़िंदगी में हर चीज़ जैसे दो-दो होकर आती है और अब शादी में भी वही सिलसिला चल पड़ा है। अब शुरू होता है दो बीवियों के बीच ज़बरदस्त खींचतान का खेल, जहां एक तरफ हंसी का तूफ़ान है तो दूसरी तरफ दिल को छू लेने वाली उलझनें। रोज़मर्रा की छोटी.छोटी बातें भी अब हंगामा बन जाती हैं और जीतू की दुनिया पूरी तरह उलट.पुलट हो जाती है। दर्शकों के लिए यह सब लेकर आता है डबल मस्ती और भरपूर मनोरंजन!

## सीरिया में फिर हुआ संघर्षविराम

**दमिश्क।** सीरिया में वर्षों चले गृहयुद्ध के बाद जब देश में राजनीतिक स्थिरता की उम्मीदें बढ़ रही थीं, तब ड्रूज अल्पसंख्यक और सरकारी बलों के बीच नए सिरे से शुरू हुई झड़पों ने हालात फिर से बिगाड़ दिए। इस बीच बुधवार को सीरियाई सरकार और ड्रूज नेताओं ने एक नया संघर्षविराम घोषित किया है। यह ऐलान एक दिन पहले हुए असफल संघर्षविराम के बाद हुआ है, जिसे जल्द ही तोड़ दिया गया था। सरकारी समाचार एजेंसी सना और एक ड्रूज धार्मिक नेता द्वारा जारी वीडियो संदेश में इस संघर्षविराम की घोषणा की गई। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह नया समझौता टिक पाएगा या नहीं। इससे पहले मंगलवार को घोषित युद्धविराम कुछ ही घंटों में टूट गया था, जिससे स्थानीय हालात और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए थे।

बाजार दर्पण


उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089